

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 गौतम गंभीर की परफेफ्ट प्लेइंग 11 से रोहित और बुमराह बाहर ...

हरियाणा विधानसभा चुनाव : सुनीता केजरीवाल ने लोगों को दी पांच ... 12



वर्ष : 15 | अंक : 143 | नई दिल्ली, मंगलवार,03 सितंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 26.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 71,105 |
| चांदी | 91,700 |
| सेंसेक्स | 78,886 |
| निफ्टी | 24,117 |

## संक्षिप्त खबरें

### मोदी ने रेड्डी से की बात, तेलंगाना में बाढ़ की स्थिति की ली जानकारी

हैदराबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी से बात की और उनसे राज्य में बाढ़ की स्थिति के बारे में जानकारी ली है। श्री मोदी ने फोन पर हुयी बातचीत के दौरान श्री रेड्डी से राज्य के कई जिलों में भारी बारिश और बाढ़ से हुए नुकसान के बारे में जानकारी ली। श्री रेड्डी ने रविवार रात हुयी बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री को राज्य में भारी बारिश और बाढ़ से हुए नुकसान के बारे में जानकारी दी और राज्य सरकार द्वारा व्यवधान को कम करने और जानमाल की क्षति को रोकने के लिए किये गये तत्काल राहत उपायों और बरती गयीं सावधानियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने श्री मोदी को बताया कि भारी बारिश और बाढ़ के कारण सबसे ज्यादा नुकसान खम्मम जिले में हुआ है। वहीं, प्रधानमंत्री ने जनहानि को रोकने के लिए राज्य सरकार के सक्रिय उपायों की सराहना की। एक आधिकारिक बयान में रविवार देर रात कहा गया कि उन्होंने (श्री मोदी) श्री रेड्डी को यह भी आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार प्रतिकूल मौसम की स्थिति में राहत कार्यों में सहायता के लिए हेलिकॉप्टरों की तैनाती सहित अन्य आवश्यक सहायता प्रदान करेगी।

### वंदे भारत को बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षा बढ़ाई गई

पटना। रेलवे सुरक्षा बल ने वंदे भारत एक्सप्रेस को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद बिहार में सुरक्षा बढ़ाते हुए कई राज्यों के पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर आगाह किया है। वंदे भारत को बम से उड़ाने की धमकी का संदेश एक कर्मचारी के मोबाइल फोन पर आया है। रेलवे सुरक्षा बल ने इस धमकी को गंभीरता से लिया है। खासतौर पर वंदे भारत एक्सप्रेस की निगरानी के पुख्ता इंतजाम किए हैं। किसी ने नार्दर्न फ्रंटियर रेलवे (असम) क्षेत्र में वंदे भारत को बम से उड़ाने की धमकी का मैसेज व्हाट्स ऐप पर एक रेलकर्मी के पास भेजा है। इस कर्मचारी ने तत्काल यह सूचना वरिष्ठ अफसरों को दी। इसके बाद हाजीपुर जोन आरपीएफ के आईजी ने बिहार, झारखंड, भोपाल और उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को पत्र भेजा है। इसमें धमकी के मद्देनजर सतर्कता बरतने का आदेश जारी किया गया है। रांची की विशेष शाखा ने भी झारखंड के सभी जिलों को पत्र भेजकर सतर्कता व सुरक्षा पर जोर दिया है।

### मणिपुर में गोलीबारी में महिला समेत दो की मौत, नौ घायल

इंफाल। मणिपुर के घाटी इलाके में रविवार को संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई और एक पुलिस अधिकारी तथा मृतक महिला की नाबालिग बेटी समेत नौ अन्य घायल हो गए। सुरक्षाबलों ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मणिपुर के पुलिस महानिदेशक राजीव सिंह ने बताया कि भारी हथियारों से लैस उग्रवादियों ने पहाड़ी की चोटी से अंधाधुंध गोलीबारी की और इंफाल पश्चिम जिले के अंतर्गत कोत्रुक और पड़ोसी कडांगबंद के निचले घाटी इलाकों में बम भी फेंके। इस गोलीबारी में 31 वर्षीय महिला और एक ग्रामीण की मौत हो गई, जबकि महिला की आठ वर्षीय बेटी और एक पुलिस अधिकारी समेत नौ अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध उग्रवादियों के अचानक हमले से तनाव और दहशत फैल गई। इसके कारण महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों समेत कई ग्रामीण सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने के लिए भाग गए। मारी गई मैतेई समुदाय की महिला की पहचान नगांगबाम सुरबाला देवी के रूप में हुई।

**मुख्यमंत्री ने रोहतास जिले में विभिन्न योजनाओं का किया उद्घाटन, शिलान्यास एवं कार्यारंभ**

# सभी काम समय पर ठीक ढंग से पूरा हो इसका विशेष रूप से ख्याल रखें : नीतीश

## सीएम ने ग्राम पंचायत खेल का मैदान तथा खेल सुविधाओं से संबंधित शिलापट्ट का किया शिलान्यास

प्रात : किरण



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को रोहतास जिले के डिहरी ऑन सोन स्थित एनीकट में जल-जीवन-हरियाली अभियान अंतर्गत औरंगाबाद, डिहरी एवं सासाराम शहरों के लिए पेयजल आपूर्ति योजना के शिलापट्ट का अनावरण कर कार्यारंभ किया। जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद ने नक्शा के माध्यम से मुख्यमंत्री को औरंगाबाद, डिहरी एवं सासाराम में पेयजल आपूर्ति योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने सात निश्चय योजना-2 के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान डिहरी ऑन सोन में 307.73 लाख रुपये की लागत तथा 272.07 लाख रुपये की लागत से सासाराम में टेक लैब एवं वर्कशॉप के नवनिर्मित भवन के शिलापट्ट का अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने टेक लैब एवं वर्कशॉप के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने लेजर कटर, इलेक्ट्रिक व्हीकल सेक्शन, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग लैब, रोबोटिक, पेंट बूथ, एडवांस पलंबिग, इंटरनेट ऑफ थिंग लैब, प्रोडक्ट वेरिफिकेशन, एनालिसिस लैब आदि का मुआयना किया और अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने रोहतास जिला अंतर्गत मुफ्फसिल थाना डिहरी में थाना भवन एवं आउट हाउस, क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला, विशेषीकृत इकाइयों के लिए संयुक्त भवन के शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया। उन्होंने जिले के विभिन्न प्रखंडों में मुख्यमंत्री सोलर स्ट्रीट लाइट योजनान्तर्गत 1,962.82 लाख रुपये की लागत से कुल 6,400 सोलर लाइट योजनाओं, 104.77 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित कुल 13 आंगनबाड़ी केंद्रों एवं 2 जीविका ग्राम संगठन भवनों के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने जिले के विभिन्न प्रखंडों में 264 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले 66 पुस्तकालयों, 169.18 लाख रुपये की लागत से 17 आंगनबाड़ी केंद्रों, 465 लाख रुपये की लागत से 372 आंगनबाड़ी केंद्रों का जीर्णोद्धार कार्य, 221.76 लाख रुपये की लागत से बुनियादी मध्य विद्यालय बस्तीपुर, भैंसहा, डिहरी का निर्माण कार्य एवं जिले के विभिन्न पंचायतों में 310.32 लाख रुपये की लागत से बनने वाले 21 ग्राम पंचायत खेल का मैदान तथा खेल सुविधाओं से संबंधित शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी काम समय पर ठीक ढंग से पूर्ण हो, इसका विशेष रूप से ख्याल रखें।

**मुख्यमंत्री ने पुस्तकालय एवं पंचायत स्तरीय लोक सेवा केंद्र का किया निरीक्षण:** मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत भैसहा, बस्तीपुर में पुस्तकालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने पुस्तकालय एवं पंचायत स्तरीय लोक सेवा केंद्र भैंसहा का निरीक्षण कर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत स्तरीय लोक सेवा केन्द्र के संचालित होने से लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग, जिला उद्योग केंद्र, जिला परिवहन कार्यालय आदि विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकनकिया। प्रदर्शनी अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने बिहार महादलित विकास मिशन योजना अंतर्गत सामुदायिक भवन सह वर्क शेड की चाभी, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग अंतर्गत (बिहार महादलित विकास मिशन) नवनियुक्त विकास मित्रों को नियोजन पत्र, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना अंतर्गत नवनिर्मित आवासों की चाभी, कुशल युवा कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित लाभुकों को प्रमाण पत्र एवं मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के तहत चयनित लाभुकों को चाभी प्रदान किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने सतत जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत 1,035 लाभार्थियों को 2 करोड़ 49 लाख 18 हजार 400 रुपये का चेक एवं 1,864 जीविका स्वयं सहायता समूहों को 74 करोड़ 17 लाख रुपये का चेक जीविका दीदियों को प्रदान किया।

**ये रहें मौजूद :** इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह, भवन निर्माण मंत्री सह रोहतास जिले के प्रभारी मंत्री जयंत राज, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान, विधायक मुरारी प्रसाद गौतम, पूर्व सांसद महाबली प्रसाद सिंह, पूर्व विधायक वशिष्ठ सिंह, पूर्व अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद, जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव श्री संतोष कुमार मल्ल, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, रोहतास के जिलाधिकारी नवीन कुमार, रोहतास के पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# सदस्यता अभियान आंकड़ों का खेल नहीं, यह वैचारिक और भावनात्मक आंदोलन है: मोदी

## पीएम मोदी ने बीजेपी के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान-2024 का किया शुभारंभ

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को बीजेपी के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान-2024 का शुभारंभ करते हुए कहा कि सदस्यता अभियान आंकड़ों का खेल नहीं, यह वैचारिक और भावनात्मक आंदोलन है। यह सदस्यता अभियान सिर्फ एक रस्म नहीं है, यह हमारे परिवार का विस्तार है, यह संख्याओं का खेल नहीं है। उन्होंने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम कितने नंबर हासिल करते हैं। यह सदस्यता अभियान देश को मजबूत बनाने और सामर्थ्य बढ़ाने का अभियान है।

**सदस्यता अभियान को एक उत्सव की तरह मनाने की अपील :** उन्होंने सदस्यता अभियान को एक उत्सव की तरह मनाने का आग्रह करते हुए कहा कि 18 से 25 वर्ष के युवाओं को टारगेट करके उन्हें भाजपा से जोड़ना चाहिए। भाजपा के कार्यकताओं को उन्हें बताना चाहिए कि 10 वर्ष पहले भारत में स्थिति कितनी खराब थी और उनकी सरकार ने देश के हालात को कितना बदला है, देश को किस नई ऊंचाइयों पर ले गई है। युवाओं का सामर्थ्य 2047 तक ॠविकसित भारतॠ के सपने को साकार करने में काम आएगा। यह सदस्यता अभियान सारे रिकॉर्ड को तोड़ेगा। उन्होंने सदस्यता अभियान को लेकर देश के आकांक्षी जिलों, ब्लॉक और सीमावर्ती इलाकों पर भी ज्यादा फोकस करने की सलाह दी। पीएम मोदी ने कहा कि हम सिर्फ चुनावी मशीन नहीं हैं, बल्कि वो खाद-पानी हैं जो देशवासियों के सपने को सींच सकता है। भाजपा को चुनावी मशीन कहना अपमान है।

**बीजेपी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का पालन करने वाली पार्टी:** पीएम मोदी ने भाजपा और अन्य राजनीतिक दलों के बीच के अंतर के बारे में कहा कि आज सदस्यता अभियान का एक और दौर प्रारंभ हो रहा है। भारतीय जनसंघ से लेकर अब तक हमने देश में एक नई राजनीतिक संस्कृति लाने का भरसक प्रयास किया है। जब तक जिस संगठन के माध्यम से या जिस राजनीतिक दल के माध्यम से देश की जनता सत्ता सुपुर्द करती है, वो इकाई, वो संगठन और वो दल अगर लोकतांत्रिक मूल्यों को नहीं जीता है, आंतरिक लोकतंत्र निरंतर उसमें पनपता नहीं है, तो वैसी स्थिति बनती है, जो आज देश के कई दलों में हम देख रहे हैं। भाजपा एक मात्र दल है, जो अपनी पार्टी के संविधान के अनुसार पूरी तरह से लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए अपने कार्य का विस्तार कर रही है और जन-सामान्य की आशा, आकांक्षाओं पर खरा उतरने के लिए अपने आप को निरंतर योग्य बनाए रहता है।

**संघर्ष के दिनों को किया याद :** उन्होंने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए कहा कि मैं जब राजनीति में नहीं था, तो जनसंघ के जमाने में बढ़े उत्साह के साथ कार्यकर्ता दीवारों पर दीपक पेंट करते थे, तो कई राजनीतिक दल के नेता अपने भाषणों में मजाक उड़ाते थे कि दीवारों पर दीपक पेंट करने से सत्ता के गलियारों तक नहीं पहुंचा जा सकता है। हम वो लोग हैं, जिन्होंने श्रद्धा से दीवारों पर कमल पेंट किया, क्योंकि विश्वास था कि दीवारों पर पेंट किया कमल कभी न कभी तो दिलों पर भी पेंट हो जाएगा। एक जमाने में लोकसभा में दो सदस्य होने पर हमारा मजाक उड़ाया गया था। बहुत जुल्म सहकर पार्टी यहां तक पहुंची है।

# 50 नमूना की जांच में मिले 12 डेंगू मरीज, 11 भर्ती

पटना सिटी (प्राकि)। एनएमसीएच के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में डेंगू के 50 सैंपल की जांच सोमवार को की गई। इसमें 12 डेंगू संक्रमित मरीज मिले हैं। माइक्रोबायोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉप्रो संजय कुमार ने बताया कि पटना सिटी की चार वर्ष की बच्ची, अगमकुआं के 16 वर्ष का किशोर, कुम्हरार का फामेर्सी स्टूडेंट 24 वर्षीय युवक, बाजार समिति के 21 वर्षीय युवक, लोहिया नगर का चार वर्ष का बच्चा, भूतनाथ रोड का 21 वर्षीय युवक, दीदारगंज की दो वर्ष की बच्ची, राजापुर का 14 वर्षीय किशोर, अथमलगोला के 17 वर्षीय किशोर, जहानाबाद के 32 वर्षीय युवक, अररिया के 48 वर्षीय युवक, वैशाली के 30 वर्षीय युवक डेंगू से संक्रमित है। अस्पताल के अधीक्षक डॉप्रो बिनोद कुमार सिंह ने बताया कि अस्पताल में डेंगू के 11 मरीज भर्ती हैं। इसमें मेडिसिन विभाग में सात मरीज में एक महिला है। शिशु रोग विभाग में चार मरीज भर्ती है।

# आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष गिरफ्तार

## वित्तीय अनियमितता मामले में सीबीआई ने की कार्रवाई

प्रात : किरण



६ कोलकाता। आखिरकार आरजी कर मेडिकल कॉलेज का पूर्व प्राचार्य को सीबीआई ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। 16 अगस्त से लगातार 15 दिनों तक संदीप को सीबीआई द्वारा पूछताछ का सामना करना पड़ा। पिछले शनिवार और रविवार को उनकी पूछताछ नहीं की गई थी, लेकिन सोमवार को उन्हें फिर से सीजीओ कॉम्प्लेक्स में तलब किया गया। शाम को सीबीआई के अधिकारी संदीप को वहां से निकालकर निजाम पैलेस ले गए। इसके बाद केंद्रीय जांच एजेंसी ने सूचित किया कि संदीप को गिरफ्तार कर लिया गया है। नौ अगस्त को आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या की घटना के बाद से तत्कालीन प्राचार्य संदीप की भूमिका पर सवाल उठने लगे थे। जांच का जिम्मा मिलने के बाद 15 अगस्त को सीबीआई ने उन्हें पहली बार तलब किया। उस दिन संदीप ने हाजिरी नहीं हुए। लेकिन अगले दिन सीबीआई ने उन्हें साल्ट लेक की सड़क से पकड़ लिया। संदीप को सीजीओ कॉम्प्लेक्स के सीबीआई दफ्तर ले गए। इसके बाद से 24 अगस्त तक लगातार 9 दिनों तक उन्हें सीजीओ में तलब किया गया। उन्हें रोजाना 10 से 14 घंटे तक सीबीआई दफ्तर में रहना पड़ा। उल्लेखनीय है कि 25 अगस्त की सुबह सीबीआई की एक टीम ने संदीप के बेलघाटा स्थित घर पर छापा मारा। उन्हें 75 मिनट तक घर के बाहर इंतजार करवा कर बाद में दरवाजा खोला। सीबीआई अधिकारी अंदर गए और उस दिन संदीप से पूछताछ की। कोलकाता हाई कोर्ट के आदेश पर सीबीआई महिला डॉक्टर की बलात्कार और हत्या की घटना की जांच कर रही है। इसके अलावा, अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं की जांच भी सीबीआई द्वारा की जा रही है। दोनों मामलों में संदीप को केंद्रीय एजेंसी की जांच के दायरे में रखा गया है। वित्तीय अनियमितताओं के मामले में 24 अगस्त को सीबीआई ने एफआईआर भी दर्ज की है। सूत्रों के अनुसार, इसी एफआईआर के आधार पर सीबीआई की टीम संदीप के घर पहुंची थी। इसके साथ ही अदालत की अनुमति से संदीप समेत कुल सात लोगों का पॉलीग्राफ परीक्षण भी किया गया। बता दें कि जूनियर डॉक्टर की मौत के बाद आरजी कर मेडिकल कॉलेज में शुरू हुए आंदोलन में आवासीय डॉक्टरों और छात्रों की मुख्य मांग संदीप की बर्खास्तगी या इस्तीफा थी। आंदोलन के दबाव में 12 अगस्त को संदीप ने इस्तीफा दे दिया और स्वास्थ्य विभाग में अपना इस्तीफा जमा कर दिया। लेकिन कुछ घंटों के भीतर ही राज्य सरकार ने संदीप को कोलकाता के एक अन्य सरकारी अस्पताल में प्राचार्य पद पर नियुक्त कर दिया। वहां भी उनकी बर्खास्तगी की मांग को लेकर आंदोलन शुरू हो गया। इस बीच, कोलकाता हाई कोर्ट ने संदीप को छुट्टी पर जाने का आदेश दिया। तब से संदीप छुट्टी पर थे। बाद में आंदोलन के दबाव में उन्हें उस पद से भी हटा दिया गया।

# बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीमकोर्ट ने लगाई रोक

## कहा-दोषी हो तब भी किसी का घर नहीं गिरा सकते

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में बुलडोजर कार्रवाई पर सवाल खड़ा किया है। जस्टिस बीआर गवाई की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि सिर्फ आरोपित होने के आधार पर किसी के खिलाफ ऐसी कार्रवाई नहीं हो सकती है। कोर्ट ने कहा कि इसे लेकर वो राष्ट्रीय स्तर पर दिशा-निर्देश जारी करेगा। मामले की अगली सुनवाई 17 सितंबर को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने उदयपुर में चाकू मारने के आरोपित बच्चे के पिता के घर पर बुलडोजर कार्रवाई पर कहा कि एक पिता का बेटा अड़ियल हो सकता है लेकिन उसके लिए उसका घर गिरा दिया जाए, यह तरीका सही नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी के दोषी साबित होने के बाद भी उसका घर नहीं गिराया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बुलडोजर कार्रवाई के संबंध में दिशा-निर्देश बनाए जाने की जरूरत है। कोर्ट ने राष्ट्रीय स्तर पर दिशा-निर्देश जारी करने के लिए सभी पक्षों से सुझाव मांगा। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ऐसा केवल नगर निगम के कानून के अनुसार ही किया जा सकता है। यहां याचिकाकर्ता अदालत के सामने गलत ढंग से मामले को रख रहे हैं। बुलडोजर की कार्रवाई नियमों का पालन करते हुए की गई है। मेहता ने कोर्ट के समक्ष रखे गए मामलों का हवाला देते हुए कहा कि नोटिस बहुत पहले जारी किए गए थे और लोग पेश नहीं हुए। तब जस्टिस विश्वनाथन ने कहा कि अगर किसी की कोई कमी भी हो तो उसका फायदा नहीं उठाना चाहिए। जस्टिस गवई ने कहा कि अगर निर्माण अनधिकृत है, तो ऐसे मामलों में भी कार्रवाई कानून के अनुसार होना चाहिए।

# सुखोई विमानों के लिए 240 एयरो इंजन की खरीद को मंजूरी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति ने देश की रक्षा को मजबूत करने की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण और बड़ा फैसला लेते हुए भारतीय वायुसेना के प्रमुख लड़ाकू विमान सुखोई -30 के लिए 26,000 करोड़ रुपये की लागत से 240 एयरो इंजन की खरीद के प्रस्ताव को सोमवार को मंजूरी दे दी है।

**26 हजार करोड़ रुपये किए जाएंगे खर्च :** रक्षा मंत्रालय की तरफ से साझा की गई जानकारी के अनुसार इसके तहत वायुसेना के सुखोई -30 एमकेआई लड़ाकू विमानों के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से खरीदे (भारतीय) श्रेणी के तहत 240 एयरो-इंजन (एएल-31 एफपी) खरीद की जाएगी। इन विमानों की खरीद पर सभी करों और शुल्कों को मिलाकर 26,000 करोड़ रुपये से अधिक का व्यय होगा। इन एयरो-इंजन की डिलीवरी एक साल बाद शुरू होगी और कुल आठ साल की अवधि में पूरी होगी।

**एचएएल के कोरापुट डिवीजन में होगा इंजन का निर्माण :** जानकारी के मुताबिक इन इंजनों में 54 से अधिक स्वदेशी सामग्री होगी, जो एयरो-इंजन के कुछ प्रमुख घटकों के स्वदेशीकरण के कारण बढ़ी है। इनका निर्माण हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के कोरापुट डिवीजन में किया जाएगा।

**देश की रक्षा तैयारियों को मिलेगी मजबूती :** सुखोई -30 एमकेआई लड़ाकू विमान भारतीय वायुसेना का सबसे शक्तिशाली और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बेड़े में से एक है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की तरफ से इन एयरो-इंजनों की आपूर्ति भारतीय वायुसेना के बेड़े की आवश्यकताओं को पूरा करेगी, ताकि वो अपने निर्बाध संचालन को जारी रख सकें और देश की रक्षा तैयारियों को मजबूत कर सकें।

**मंजूरी** — केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश भर में खाद्य सुरक्षा बढ़ाने के लिए सात महत्वपूर्ण निर्णयों को दी स्वीकृति

# कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए 13,966 करोड़ रुपये की योजनाओं को मिली मंजूरी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। मोदी कैबिनेट ने सोमवार को किसानों के लिए बड़ी घोषणा करते हुए 13,966 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली सात योजनाओं को मंजूरी दी। सरकार ने कहा कि किसानों के जीवन को बेहतर बनाने और उनकी आय बढ़ाने के उद्देश्य से यह फैसले लिए गए हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बैठक में कृषि से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा देने और देश भर में खाद्य सुरक्षा बढ़ाने के लिए सात महत्वपूर्ण निर्णयों को मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सरकार के इस फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि ये उपाय कृषि क्षेत्र को समर्थन देने, सतत विकास को बढ़ावा देने और सभी नागरिकों के लिए भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। अश्विनी वैष्णव ने फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि पहला अहम निर्णय है डिजिटल कृषि मिशन। इसे कृषि के लिए डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की संरचना की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। कुछ अच्छे पायलट प्रोजेक्ट शुरू किए गए हैं और हमने सफलता हासिल की है, कुल 20,817 करोड़ रुपये के निवेश के साथ, डिजिटल कृषि मिशन स्थापित किया जाएगा। दूसरा अहम निर्णय है खाद्य और पोषण सुरक्षा के लिए फसल विज्ञान को बढ़ावा देना। इसके तहत 3979 करोड़ रुपये की लागत से किसानों को जलवायु परिवर्तन के हिसाब से फसल उगाने करने के लिए तैयार किया जाएगा और 2047 तक खाद्य सुरक्षा मिलेगी। कृषि शिक्षा, प्रबंधन और सामाजिक विज्ञान को सुदृढ़ बनाना: केंद्र सरकार ने कृषि शिक्षा, प्रबंधन और सामाजिक विज्ञान को मजबूत करने के लिए भी 2,291 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी है। इसके तहत कृषि छात्रों और शोधकताओं को वर्तमान चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार किया जाएगा।



सतत पशुधन स्वास्थ्य और उत्पादन: केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पशुधन और डेयरी से किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से सतत पशुधन स्वास्थ्य और उत्पादन के लिए 1,702 करोड़ रुपये की योजना मंजूर की है। इसके तहत पशु स्वास्थ्य प्रबंधन और पशु चिकित्सा शिक्षा एवं डेयरी उत्पादन और प्रौद्योगिकी विकास को बढ़ावा दिया जाएगा। केंद्र ने बागवानी पौधों से किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए बागवानी का सतत विकास करने के उद्देश्य से 860 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। कृषि विज्ञान केंद्र का सुदृढ़ीकरण: केंद्र सरकार ने कृषि विज्ञान केंद्र के सुदृढ़ीकरण के लिए 1,202 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन: प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के लिए भी 1,115 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।

### 14 हजार करोड़ की मंजूरी से बिहार को भी मिलेगा लाभ : मंगल

पटना। कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सोमवार को उनकी अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कृषि क्षेत्र से संबंधित 7 कार्यक्रमों के लिए करीब 14 हजार करोड़ रुपये को मंजूरी दी गई है, जिससे बिहार जैसे कृषि प्रधान राज्य को काफी लाभ मिलेगा। किसानों की आय बढ़ाने व उनके जीवन मे खुशहाली लाने की केंद्र सरकार की यह पहल स्वागत योग्य है। श्री पांडेय ने कहा कि केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में किसानों से जुड़ीं 7 योजनाओं जिनमें खाद्य, पोषण के लिए 3 हजार 979 करोड़ रुपये, डिजिटल कृषि मिशन के लिए 2 हजार 817 करोड़ रुपये, कृषि शिक्षा और प्रबंधन को सशक्त करने के लिए 2 हजार 292 करोड़, टिकाऊ पशुधन स्वास्थ्य के लिए 1 हजार 702 करोड़ रुपये, बागवानी के विकास के लिए 860 करोड़ रुपये, कृषि विज्ञान केंद्रों के लिए 1 हजार 202 करोड़ रुपये व प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन को मजबूती देने के लिए 1 हजार 115 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी है। देश सहित बिहार के किसानों के लिए यह बड़ी सौगात है।

# पीएम मोदी तीन दिवसीय यात्रा पर आज जायेंगे ब्रुनेई व सिंगापुर

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सिंगापुर यात्रा से पहले विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन के तहत साझेदारी के लिए चिह्नित नए महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर आधारित, दोनों देशों के बीच संबंध और भी बड़े स्तर पर पहुंचने वाले हैं। मोदी सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के आमंत्रण पर चार-पांच सितंबर को सिंगापुर की यात्रा पर जाएंगे। इससे पहले उनका तीन-चार सितंबर को ब्रुनेई का दौरा करने का कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य सभी मौजूदा क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करना है। विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) जयदीप मजूमदार ने यहां प्रेस वार्ता में कहा कि भारत और ब्रुनेई रक्षा क्षेत्र में एक संयुक्त कार्य समूह स्थापित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी करीब छह साल बाद सिंगापुर की यात्रा करने वाले हैं। मोदी ने अपने पहले कार्यकाल में सिंगापुर की यात्रा की थी। मजूमदार ने कहा कि सिंगापुर ने प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल की शुरूआत में उनकी यात्रा का स्वागत किया है। उन्होंने कहा, यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब सिंगापुर में नए नेता ने सत्ता संभाली है और यह हमारे जीवंत द्विपक्षीय संबंधों के अगले चरण के लिए मंच तैयार करने का उपयुक्त समय है। सचिव (पूर्व) ने कहा कि भारत-सिंगापुर संबंध मजबूत हुए हैं और दोनों देशों के बीच एक गतिशील रणनीतिक साझेदारी है, जिसमें साझा इतिहास और लोगों के बीच आपसी संपर्क जैसे विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं, जो दोनों देशों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने कहा, ॠॠहमारे व्यापार और निवेश में लगातार वृद्धि देखी गई है, हमारे बीच मजबूत रक्षा सहयोग है और संस्कृति तथा शिक्षा क्षेत्र में आदान-प्रदान बढ़ रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### गंगनहर में डूबे किशोर का शव मिला

**रूड़की, एजेंसी।** सोलानी पार्क के पास नहाते समय गंगनहर में डूबकर लापता हुए किशोर का शव पुलिस ने मोहम्मदपुर झाल से बरामद किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है। वहीं मृतक के परिजन पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर रहे हैं। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सोत निवासी मोहम्मद अर्श मंसूरी (14) 29 अगस्त को गंगनहर में नहा रहा था। अचानक वह पानी के तेज बहाव में बह गया। किशोर को गंगनहर में बहता देख आसपास के लोगों ने शोर मचा दिया। इसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। शनिवार को मंगलौर क्षेत्र के मोहम्मदपुर झाल से किशोर का शव बरामद हुआ। शव मिलने के बाद परिजन भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव कब्जे में लिया है।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**गदरपुर, एजेंसी।** खेत में पानी लगाने के दौरान करंट की चपेट में आने से युवक की मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह करीब सात बजे सकैनिया पुलिस चौकी से 200 मीटर की दूरी पर रहने वाले दाताराम (32) खेत में पानी लगाने गया था। खेत में विद्युत चालित सबमर्सिबल पंप की तार जोड़ते समय अचानक दाताराम करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दाताराम की मौत होने की सूचना परिजनों में कोहराम मच गया। दोपहर बाद मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक दाताराम अपने पीछे दो बेटी और एक बेटे के परिवार को रोता बिलखता छोड़ गया है। घटना के संबंध में जानकारी लेने पर पुलिस ने सूचना न होने की बात कही है।

### पेड़ से लटका मिला दुकानदार का शव

**किच्छा, एजेंसी।** बरा निवासी एक दुकानदार का शव गांव से कुछ दूर पेड़ पर एक बेल्ट के सहारे लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलभटटा पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। माना जा रहा है कि उसने आत्महत्या की है। बरा निवासी मकबूल अहमद (40) पुत्र महबूब अहमद की गांव में साइकिल की दुकान है। मकबूल के तीन पुत्र हैं। परिजनों के अनुसार रात लगभग 11 बजे वे अपने घर से कहीं गया था। शनिवार सुबह उसका शव गांव से कुछ दूर एक पेड़ पर लटका मिला। सूचना पर थाना प्रभारी रविन्द्र बिष्ट पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस टीम मामले की जांच कर रही है।

### रिटायर्ड पुलिसकर्मी की हादसे में मृत्यु

**रुद्रपुर, एजेंसी।** सब्जी लेकर घर जा रहे सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी रेलवे ट्रैक के किनारे नाले में गिर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उनको इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया। हंस विहार निवासी सुरेश चंद्र (57) ने पुलिस से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली थी। शुक्रवार की शाम वे बंगाली कॉलोनी से सब्जी लेकर घर आ रहे थे। इस दौरान शांति विहार में रेलवे ट्रैक के पास वे असंतुलित होकर ट्रैक किनारे बने नाले में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

### सितारगंज में कांग्रेसियों ने फूंका प्रदेश सरकार का पुतला

**सितारगंज, एजेंसी।** अल्मोड़ा में भाजपा के मंडल अध्यक्ष की ओर से छेड़छाड़ किए जाने का मामला सामने आने के बाद कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार का पुतला फूंका।उन्होंने आरोपी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की। शनिवार को मुख्य चौराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के विरुद्ध नारेबाजी कर अपने गुस्से का इजहार किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने के बजाय आरोपियों को संरक्षण प्रदान कर रही है। कांग्रेसियों ने अल्मोड़ा में छेड़छाड़ के आरोपी भाजपा मंडल अध्यक्ष के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की। राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर मामले में हस्तक्षेप कर भाजपा सरकार को बर्खास्त करने की भी मांग की।

# उत्तराखंड में बारिश का कहर : चमोली में उफनाए नदी-नाले, मलबे में दबे कई मकान, जान बचाने को भागे लोग

**कर्णप्रयाग (चमोली)**

उत्तराखंड में बारिश का कहर दिख रहा है। चमोली जिले में नदी-नाले उफान पर आ गए। यहां भारी बारिश के चलते मलबे में कुछ मकान दब गए। इस दौरान जान बचाने के लिए लोग अपने घरों से बाहर भागे। वहीं, कई वाहन भी मलबे में दब गए।

रविवार रात्रि की बारिश कर्णप्रयाग नगर पालिका के सिमली क्षेत्र में कहर बनकर बरसी। बारिश से यहां जोसा और टोटा गदेरे उफान पर आ गए। रात्रि के ढाई बजे अचानक उफनाए गदेरों से आस पास के लोगों में अफरा तफरी मच गई। जब तक लोग संभलते तब तक यहां नरेंद्र सिंह बिष्ट, प्रभा चौहान सहित आस पास के सात से अधिक मकानों को मलबे ने अपनी चपेट में ले लिया।








इस दौरान लोग सामान उठाकर अपने घरों से बाहर भागे। लेकिन नरेंद्र सिंह बिष्ट के मकान में किराए पर रह रहा कैलाश चमोली मकान में फंस गया। हालांकि कैलाश चमोली के बच्चे, पत्नी और भतीजा बाहर आ गए थे। बाद में आस पास के लोगों ने मकान का पिछला दरवाजा तोड़ कैलाश को बाहर निकाला।

मलबे से सिमली बाजार में कई दुकानों एक कार, और स्कूटी भी मलबे की चपेट में आ गई। जबकि कर्णप्रयाग के सुभाषनगर में एक विशाल पेड़ आकर हाईवे और बस्ती में गिर गया। जिससे नैनीताल हाईवे बंद हो गया। सुबह साढ़े सात बजे हाईवे को सुचारू किया गया। इसके साथ ही एक मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। सिमली और कर्णप्रयाग में नैनीताल हाईवे बंद रहा। घटना की सूचना पर तहसीलदार सुधा डोभाल, एसडीआरएफ सहित अन्य अधिकारी सोमवार सुबह तड़के मौके पर पहुंच गए थे। बारिश से थराली की कई सड़कें बंद हो गई हैं जिससे आवागमन बाधित है। सिमली ग्वालदम राष्ट्रीय राजमार्ग सुनला और थराली ग्वालदम तिराहे में चट्टान टूटने और मलबा आने से बाधित है। थराली देवाल मोटर मार्ग नंदकेसरी में बंद है। सोल पट्टी की लाइफ लाइन थराली डूंगरी मोटर मार्ग चार स्थानों में भूस्खलन और चटटान गिरने से आवाजाही ठप है। जिससे दस हजार से अधिक की जनसंख्या का संपर्क पूरी तरह कटा हुआ है।

## त्रिस्तरीय पंचायत संगठन की संवाद यात्रा अल्मोड़ा पहुंची

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** एक राज्य एक पंचायत की मांग को लेकर निकली उत्तराखंड त्रिस्तरीय पंचायत संगठन की संवाद यात्रा रविवार को अल्मोड़ा पहुंची। धारानौला स्थित जिला पंचायत सभागार में यात्रा का जिला पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इस मौके पर हुए जिला सम्मेलन में संगठन के प्रदेश संयोजक और मुख्य वक्ता जगत मर्तोलिया ने कहा कि बार-बार अनुच्छेद 243 का जिक्र कर भ्रम की स्थिति पैदा की जा रही है। सरकार ने 1996 में गठित पंचायतों का कार्यकाल वर्ष 2002 में संविधान के अनुच्छेद 213 का सहारा लेकर बढ़ाया। इस अनुच्छेद का सहारा लेकर झारखंड में भी 2021 में कार्यकाल बढ़ा है। इस कार्यकाल बढ़ोतरी में निर्वाचित सदस्यों को ही कार्य करने का अवसर दिया गया है। महाधिवक्ता सरकार का प्रवक्ता नहीं है। उनके बयान के खिलाफ उच्च न्यायालय नैनीताल में शिकायती पत्र दिया जाएगा। ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष भास्कर सम्मल ने कहा कि जिस दिन से आंदोलन शुरू हुआ है उसी दिन से दो साल कार्यकाल बढ़ाने की मांग के खिलाफ दुष्प्रचार किया जा रहा है। मांग पूरी करवाने के लिए संगठन संघर्ष जारी रखेगा। जिला पंचायत सदस्य धन सिंह रावत और अंजू राणा ने कहा कि जिले के सभी जिला पंचायत सदस्य इस मांग के साथ हमेशा खड़े रहेंगे। वहां पर संगठन के जिलाध्यक्ष धीरेंद्र गैलाकोटी, हवालबाग ब्लॉक अध्यक्ष देब सिंह भोजक, राजेश कुमार, जिला पंचायत सदस्य सुरेश सिंह फर्त्याल, बीना उपाध्याय, हंसा मर्तोलिया, शीला डोगरा, भगवती देवी, नवीन सिंह, जयपाल सिंह, मनोज मेहरा, भुवन चंद, मनीष रावत, पिंकी बिष्ट, अर्जुन सिंह आदि मौजूद रहे।

### जंगल से घास लाने के दौरान महिला को लगा करंट, शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े; अस्पताल में मौत

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** सोमेश्वर क्षेत्र के नारंटोली निवासी गंगा देवी की पेंसिल के जंगल से घास लाने के दौरान करंट लगने से मौत हो गई। सोमेश्वर क्षेत्र के नारंटोली निवासी गंगा देवी पत्नी आनंद बल्लभ की पेंसिल के जंगल से घास लाने के दौरान करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, महिला को जंगल से घास लाने के दौरान पोल से करंट लग गया। इस दौरान महिला शोर मचाते हुए जमीन पर गिर गई। शोर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और महिला को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

## हरिद्वार में बदमाशों के हौसले बुलंद, दिनदहाड़े ज्वेलरी शॉप से करोड़ों के गहने लूट फरार, इलाके में मचा हड़कंप

**हरिद्वार, एजेंसी।**

अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं कि पुलिस इन पर लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रही है।अब वे सरेआम लूटपाट और मारपीट जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। हरिद्वार से एक सनसनीखेज लूट की घटना सामने आई है, जहां बेखौफ बदमाश ज्वेलरी शोरूम से करोड़ों के गहने लूट फरार हो गए। इस घटना से पूरे शहर में हड़कंप मच गया है।




जानकारी के अनुसार,मामला रानीपुर मोड़ के पास स्थित श्री बालाजी ज्वेलर्स का है। घटना रविवार दोपहर करीब दो बजे घटी। बताया जा रहा है कि नकाबपोश 6 बदमाशों ने पहले दुकान के अंदर घुसकर मिर्ची वाले स्प्रे छिड़के, जिसके बाद फायरिंग कर कर्मचारियों को डराया। इसके बाद करोड़ों के गहने लूटकर फरार हो गए। करीब 5 करोड़ तक की लूट का अनुमान लगाया जा रहा है।

इधर सूचना मिलने पर पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने आरोपियों की पकड़ने के लिए टीम का गठन कर जगह- जगह छापेमारी शुरू कर दी है। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

### गलत विषयों के चयन के कारण 641 छात्र-छात्राओं का रिजल्ट अटका


**हल्द्वानी, एजेंसी।** महाविद्यालय स्तर में विषयों के चयन में हुई गड़बड़ी के कारण कुमाऊं विश्वविद्यालय के 641 छात्र-छात्राओं का परीक्षाफल अटक गया है। इस कारण वह नए सेमेस्टर में प्रवेश नहीं ले पा रहे हैं। विवि ने महाविद्यालयों को पत्र लिखकर गड़बड़ी दूर करने के निर्देश दिए हैं।

कुमाऊं विश्वविद्यालय संबद्ध महाविद्यालयों में समर्थ पोर्टल में गड़बड़ी के कारण छात्र-छात्राओं को विषयों के चयन में दिक्कत हो रही है। एक बार विषय चयन करने बाद उसमें सुधार नहीं हो पा रहा है। करीब 38 महाविद्यालयों में पढ़ने वाले 641 छात्र-छात्राएं ऐसे हैं जिन्होंने गलत विषयों का चयन कर लिया है। इससे इनका रिजल्ट अटक गया है।

वहीं, बीए में 310, बीकॉम में 181, बीएससी बॉयोलॉजी में 60 और बीएससी गणित में 54 छात्र-छात्राएं फेल हुए हैं। कुछ समय पूर्व कुमाऊं विश्वविद्यालय ने बीए, बीएससी और बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल जारी किया था। बीए का परीक्षाफल 94.62 प्रतिशत, बीकॉम का 88.24 प्रतिशत, बीएससी बॉयोलॉजी का 89.67 प्रतिशत, बीएससी मैथ्स 88.78 प्रतिशत परीक्षाफल रहा था। परीक्षाफल रुकने से कई छात्र परेशान हैं। उन्होंने महाविद्यालय और विवि से जल्द परीक्षाफल जारी करने की मांग की है।

## संदिग्ध हालात में नवविवाहिता का जंगल में मिला शव

**मौलेखाल, एजेंसी।** स्याल्दे के कैलानी में स्थित सोलर प्लांट से लगे जंगल में एक नवविवाहिता का शव संदिग्ध हालात में मिला है। सूचना मिलने के बाद तहसील प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसका पंचनामा भर दिया गया है। शव को सोमवार को पोस्टमार्टम के लिए रानीखेत भेजा जाएगा। स्याल्दे ब्लॉक के देघाट से लगे जैखाल के तोक गहटदुआ निवासी पूजा (23) पुत्री बालम सिंह का विवाह करीब 6 महीने पहले हरीश किरौला निवासी बुराड़ी दिल्ली के साथ हुआ था। इन दिनों पूजा अपने मायके आई हुई थी। जन्माष्टमी के दिन पूजा पूजा शिवालय में जल चढ़ाने के लिए कफलटाना गई हुई थी लेकिन वहां से नहीं लौटी। परिजनों ने पूजा की गुमशुदगी की रिपोर्ट देघाट थाने में लिखवाई थी। जिसके बाद से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। रविवार की देर शाम कैलानी में लगे सोलर प्लांट के कर्मचारियों ने जंगल में एक शव पड़ा देखा। जिसकी जानकारी तहसील और पुलिस प्रशासन को दी। सूचना मिलने के बाद एसआई गणेश राणा और तहसीलदार दीवान गिरि मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर उसका पंचनामा भरा। तहसीलदार दीवान गिरि ने बताया कि शव कुछ दिन पुराना है। क्योंकि शव से काफी बदबू आ रही थी।



## बीजपी नेता व नैनीताल दुग्ध संघ के अध्यक्ष पर विधवा महिला के साथ दुष्कर्म का आरोप

**हल्द्वानी,**

उत्तराखंड में एक के बाद एक महिलाओं के साथ दुराचार के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में प्रदेश की महिलाएं असुरक्षित महसूस करने लगी है। इसी बीच बीजेपी नेता व नैनीताल दुग्ध संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा पर विधवा महिला के साथ दुष्कर्म का आरोप लगा है। वहीं पुलिस मुकेश बोरा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।




दरअसल, बीजेपी नेता पर आरोप है कि दुग्ध संघ में काम करने वाली एक विधवा महिला को नौकरी में परमानेंट किए जाने का झांसा देकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। वहीं इस घटना के बाद आरोपी मुकेश बोरा ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी। इसके चलते पीड़ित महिला ने नैनीताल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

वहीं इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा ने जानकारी दी है कि महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी बीजेपी नेता पर रेप और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज हुआ है। वहीं इस मामले की गंभीरता को देखते हुए नैनीताल दुग्ध संघ ने मुकेश बोरा को पद से हटा दिया है। इस से संबंधित आदेश जारी कर दिया है।

### महिला बैंक कर्मी ने पति पर लगाया मारपीट का आरोप, कहा- बेटी को भी मारने की कोशिश की

नैनीताल , एजेंसी। महिला बैंक कर्मचारी ने पति पर शराब पीकर मारपीट करने और दहेज की मांग के चलते बेटी को डुबाकर जान से मारने की कोशिश करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।

महिला बैंक कर्मचारी ने पति पर शराब पीकर मारपीट करने और दहेज की मांग के चलते बेटी को डुबाकर जान से मारने की कोशिश करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। काठगोदाम पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बैंक कर्मी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 31 अगस्त की शाम सात बजे जब वह कार्यालय से घर लौटीं तब उनका पति वहां पहुंचा और उनकी मां को धक्का देकर गालीगलौज करने लगा। बताया कि मां की गोद में मेरी 14 महीने की बेटी थी जिससे उसे चोट आ गई। बताया कि शादी के बाद से दहेज के लिए पति और ससुराली उन्हें प्रताड़ित करते रहे हैं।

बेटी का जन्म होते ही उसे घर से निकाल दिया था। आरोप यह भी है कि पति ने बेटी को पानी की बाल्टी में डुबाकर जान से मारने की भी कोशिश की। महिला ने पति पर मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न करने के साथ-साथ दहेज की मांग का भी आरोप लगाया है। काठगोदाम एसओ विमल मिश्रा ने बताया कि हाइडिल कॉलोनी काठगोदाम निवासी विजय अधिकारी पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### बरेली से मिला नर्स का मोबाइल

रुद्रपुर, एजेंसी। पुलिस ने दरिंदगी की शिकार हुई नर्स का मोबाइल सर्विलांस के आधार पर बरेली से बरामद कर लिया है। मामले में हत्यारोपी के गांव के रहने वाले टेंपो चालक को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

डिबडिबा क्षेत्र की रहने वाली एक नर्स का शव आठ अगस्त को सड़ी गली हालत में बरामद हुआ था। पुलिस ने 14 अगस्त को बरेली निवासी हत्यारोपी धर्मेंद्र को गिरफ्तार किया था। पुलिस का दावा था कि हत्यारोपी ने लूट और दुष्कर्म के बाद महिला की गला दबाकर हत्या की थी। महिला के पास अपना और बेटी का मोबाइल था। पुलिस के अनुसार हत्यारोपी दोनों मोबाइल लेकर

## कंस्ट्रक्शन कंपनी ने बिना नोटिस दिए 25 कर्मचारियों को किया बाहर, आक्रोशित लोगों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

**टिहरी, एजेंसी।**

उत्तराखंड के टिहरी में टीएचडीसी की पंप स्टोरेज प्लांट निर्माण में लगी हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम करने वाले कुछ लोगों को बिना नोटिस के नौकरी से बाहर निकाल दिया गया है। ऐसी स्थिति में इन कर्मचारियों के सामने बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है।

दरअसल, हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी में ठेकेदार के माध्यम से काम कर रहे 25 कर्मचारियों को बिना किसी नोटिस के नौकरी से निकाल दिया है। इसके चलते कर्मचारियों ने कंपनी प्रबंधन पर मनमानी का आरोप लगाया है। वहीं जल्द बहाली नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है। इसी के साथ कर्मचारियों का कहना है कि वह लंबे समय से कंपनी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और अचानक उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया है। जिससे कर्मचारियों के सामने रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है।



वहीं इस मामले में निकाले गए कर्मचारियों के समर्थन में कांग्रेस नेता भी सामने आए है और उन्होंने कर्मचारियों के हित में लड़ाई को आगे ले जाने की बात कही है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें
पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, मंगलवार, 03 सितम्बर, 2024

# भाजपा की ईडी की गुंडागर्दी जारी, बिना सबूत विधायक अमानतुल्लाह खान को किया गिरफ्तार- मनीष सिसोदिया

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**



केंद्र की भाजपा सरकार की ईडी की गुंडागदमी जारी है। सोमवार को सुबह 7 बजे ही ईडी सर्च वारंट लेकर ओखला से आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खां के घर पहुंची और कुछ घंटे बाद ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया। जबकि अमानतुल्लाह खान ने कैंसर पीड़ित अपनी सास के ऑपरेशन के लिए चार सप्ताह का समय मांगा था। अपनी गिरफ्तारी पर अमानतुल्लाह खान ने कहा कि वो बिल्कुल बेकसूर हैं। मुझे देश की न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा है। जिस तरह मुझे पहले इंसाफ मिला है, इस बार भी मिलेगा। वहीं, अमानतुल्लाह खान की गिरफ्तारी के बाद आप सांसद संजय सिंह ने उनके घर जाकर परिवार से मुलाकात की और भरोसा दिया कि पूरी पार्टी उनके साथ मजबूती से खड़ी है। आम आदमी पार्टी का कहना है कि तानाशाह के जुल्म के आगे क्रांतिकारी नहीं झुकेंगे। भाजपा वाले हमें जितना दबाने की कोशिश करेंगे, हमारी आवाज उतनी मुखर होगी।

इस संबंध में आप के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने एक्स पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ईडी का बस यही काम रह गया है कि भाजपा के खिलाफ उठने वाली हर आवाज को दबा दो, तोड़ दो और जो टूटे नहीं, दबे नहीं तो उसे गिरफ़्तार करके जेल में डाल दो। सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपाइयों को यह दादागिरी बहुत महंगी पड़ेगी। दिल्ली में भाजपा बुरी तरह हारेगी। अमानतुल्लाह खां को जबरदस्ती बिना सबूत के गिरफ्तार किया गया है। जबकि उनकी सास का कैंसर का ऑपरेशन हुआ है और इसके लिए उन्होंने ईडी से कुछ दिनों का समय भी मांगा था। अमानतुल्लाह खान के खिलाफ भ्रष्टाचार के कोई सबूत नहीं हैं। विधायक अमानतुल्लाह खान की गिरफ्तारी के बाद उनके परिवार से मुलाकात कर सांसद संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया, 17 महीने तक मनीष सिसोदिया और 6 महीने मुझे जेल में रखा गया। सत्येंद्र जैन को जेल में रखा गया है। अब जब चुनाव करीब हैं तो अमानतुल्लाह को पकड़कर जेल में डाल दिया गया है। क्योंकि अब एक के बाद एक जमानत हो रही है। अब अरविंद केजरीवाल को भी जमानत मिलने वाली है। लेकिन भाजपा वालों को कोई न कोई खबर चाहिए। इसलिए उसने अमानतुल्लाह खान को गिरफ्तार करवा लिया। जबकि उनके खिलाफ कोई केस नहीं है। भाजपा की ईडी ने सारी इंसानियत को कुचलते हुए उन्हें गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि अमानतुल्लाह की सास का तीन-चार दिन पहले ही कैंसर का ऑपरेशन हुआ है। वो गंभीर हालत में अस्पताल से घर लाई गईं हैं। एक वृद्ध महिला जिंदगी और मौत से जूझ रही है। अमानतुल्लाह खान ने ईडी को लिखकर समय मांगा था कि मेरी सास की तबीयत खराब है। इसलिए उन्हें थोड़ा समय दे दिया जाए। इसके बाद वो पहले की तरह ईडी की जांच में सहयोग करेंगे।

संजय सिंह ने कहा कि देश के लोगों को भी देखना चाहिए कि ये केंद्रीय जांच एजेंसियाँ जाँच के नाम पर किस तरह का मजाक कर रही हैं। 2016 में वक्फ बोर्ड का एक फर्जी मामला बनाया गया, जिसमें सीबीआई ने पर्चा दाखिल किया। 6 साल इसकी जांच करने के बाद सीबीआई ने फाइनल चार्जशीट दाखिल करते हुए कहा कि अमानतुल्लाह खान के खिलाफ किसी तरह के भ्रष्टाचार या आर्थिक अपराध का कोई मामला नहीं बनता। 2020 में एसीबी और ईडी ने इसी मामले में फिर मुकदमा लिखा। इसके बाद एसीबी ने 2022 में अमानतुल्लाह खान को गिरफ्तार किया। तब कोर्ट ने उन्हें जमानत देते हुए कहा कि अमानतुल्लाह के खिलाफ कोई रिश्वतखोरी या भ्रष्टाचार का मामला नहीं है। इसके बावजूद 2023 में ईडी ने अमानतुल्लाह के घर पर रेड की। और 2024 में ईडी उनसे 13 घंटे तक पूछताछ की। जिस मामले में उन्हें जमानत मिल चुकी है, उसी मामले में उनसे बार-बार पूछताछ क्यों की जा रही है? ये ड्रामा और कॉमेडी नहीं है तो क्या है? संजय सिंह ने कहा कि अमानतुल्लाह खान को केवल जेल में रखने के उद्देश्य से गिरफ्तार कर लिया गया। भाजपाई अब पूरे देश के सामने एक्सपोज हो चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी एक तानाशाह के रूप में स्थापित हो चुके हैं। बड़े-बड़ों की तानाशाही नहीं चली, उनकी भी नहीं चलेगी। जब भाजपा सत्ता से बाहर जाएगी तो उसे इन सब बातों का जवाब देना होगा। आज सुप्रीम कोर्ट से ईडी-सीबीआई को लताड़ लग रही है, लेकिन इसके बावजूद वो सुधरने का नाम नहीं ले रही हैं। ये किसी का भी कॉलर पकड़कर उसे गिरफ्तार कर ले रहे हैं। ये कैसा न्याय, कानून और कौन-सी व्यवस्था है?

# अमानतुल्लाह ने जन कल्याण के पैसे का गबन किया : बांसुरी स्वराज

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**




आम आदमी पार्टी विधायक अमानतुल्लाह खान के आवास पर ईडी रेड को लेकर सांसद बांसुरी स्वराज ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने खान पर जनकल्याण फंड का गलत इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। नई दिल्ली से भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने अमातुल्लाह खान के घर पर ईडी रेड को एकदम सही ठहराते हुए कहा, अमानतुल्लाह खान के खिलाफ बहुत ही संगीन आरोप हैं। जब वो वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष थे तो उन्होंने अवैध तरीके से लोगों को नौकरियों में भर्ती किया। उन्होंने वो पैसा जो जन कल्याण के लिए लगाना था, उस पैसे का गबन किया, उस पैसे का गलत इस्तेमाल किया।

उन्होंने ईडी छापेमारी को बिलकुल सही करार दिया। बोलीं, ह्सीबीआई उनके खिलाफ जांच कर रही थी। ईडी ने जो आज उनके यहां पर रेड की है वह एकदम जायज है। कोई भी व्यक्ति, वह कितना ही शक्तिशाली क्यों ना हो? वह कानून के दायरे के बाहर नहीं है इसलिए अमान उल्लाह खान की जवाबदेही बनती है।

भाजपा के ही सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने आम आदमी पार्टी के नेताओं और मंत्रियों को आदतन अपराधी बताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी के सारे विधायक भ्रष्ट हैं, जब ये लोग जांच के दायरे में आते हैं जो चिल्लाना शुरू कर देते हैं। अमानतुल्लाह खान के ऊपर वक्फ बोर्ड के इतने केस है लेकिन जांच एजेंसी जब जांच कर रही है तो शोर मचा रहे हैं। आम आदमी पार्टी के विधायक, मंत्री, मुख्यमंत्री सहित सभी आदतन अपराधी हैं। उनकी शोर मचाने की आदत है। बता दें, सोमवार सुबह आम आदमी पार्टी के ओखला से विधायक अमानतुल्लाह खान के घर पर ईडी ने छापा मारा है। अमानतुल्लाह खान ने खुद इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से दी। आप विधायक अमानतुल्लाह ने एक्स पर एक वीडियो शेयर कर बताया कि अभी सुबह-सुबह तानाशाह के इशारे पर उनकी कठपुतली ईडी मेरे घर पर पहुंच चुकी है। मुझे और आप नेताओं को परेशान करने में तानाशाह कोई कसर नहीं छोड़ रहा। ईमानदारी से अवाम की खिदमत करना गुनाह है? आखिर ये तानाशाही कब तक। अमानतुल्लाह ने बयान में कहा, सुबह के 7 बजे का समय है और ईडी की टीम सर्च वारंट के नाम पर मुझे गिरफ्तार करने के लिए आए हैं। मेरी सास भी घर पर हैं, जिनको कैंसर है और चार दिन पहले ही उनका ऑपरेशन हुआ है। इस बात की जानकारी मैंने खुद ईडी को दी थी। मैंने इनको हर नोटिस का जवाब दिया है। हालांकि, सर्च वारंट के नाम पर इनका मकसद मुझे गिरफ्तार करना है।

## मुझे गिरफ्तार करने ईडी मेरे घर पहुंची : अमानतुल्लाह

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान ने दावा किया है कि उन्हें गिरफ़्तार करने के लिए जाँच एजेंसी ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) उनके घर पहुँची है। ओखला के विधायक अमानतुल्लाह खान ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर यह दावा किया है। उन्होंने कहा, मेरे घर अभी ईडी के लोग मुझे गिरफ्तार करने के लिए पहुंचे हैं। वहीं, पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा, ईडी की निर्दयता देखिये अमानतुल्लाह खान, श्री अमानतुल्लाह पहले ईडी की जाँच में शामिल हुए, उनसे आगे के लिए समय माँगा, उनकी सास को कैंसर है, उनका ऑपरेशन हुआ है। घर में सुबह- सुबह धावा बोलने पहुँच गये। उन्होंने कहा, श्री अमानतुल्लाह खान के खिलाफ कोई सबूत नहीं है, लेकिन श्री मोदी की तानाशाही और ईडी की गुंडागर्दी दोनों जारी है। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा ईडी का बस यही काम रह गया है। भाजपा के खिलाफ उठने वाली हर आवाज को दबा दो। तोड़ दो। जो टूटे नहीं, दबे नहीं उसे गिरफ़्तार करके जेल में डाल दो। उल्लेखनीय है कि आप विधायक दिल्ली वक्फ बोर्ड से जुड़े मामले में ईडी की जांच के घेरे में हैं।

# मोदी की कठपुतली बन गई ईडी: आप

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**




आम आदमी पार्टी (आप) ने जाँच एजेंसी ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कठपुतली बनने का आरोप लगाते हुए कहा कि आप चाहे जो भी हथकंडा अपना लें, उनकी पार्टी झुकेगी नहीं और लड़ती रहेगी। आप के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक वीडियो जारी कर सोमवार को कहा कि भले ही उच्चतम न्यायालय से ईडी को लताड़ मिल रही है, भले ही उनको बार बार चेताया जा रहा है कि आप दुर्भावना से जाँच मत कीजिए और जेल में रखना सिर्फ. आपका उद्देश्य है। इसके बावजूद आज सुबह- सुबह ईडी ओखला के विधायक अमानतुल्लाह खान के घर छापा मारने पहुँच गई।

श्री सिंह ने कहा कि ऐसे वक्त में जब उनकी सास को कैंसर हुआ है और उनका ऑपरेशन हुआ है, जिसकी जानकारी ईडी को है। श्री अमानतुल्लाह के वकील उनकी सास की बीमारी का हवाला देकर ईडी से कुछ दिन का समय माँगा था।

उन्होंने कहा कि इसके पीछे की कहानी यह है कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 2016 में एक मामला दर्ज किया था, जिसमें छह साल की जाँच के बाद कहा गया श्री अमानतुल्लाह ने कोई रिश्वतखोरी नहीं ली और इसमें कोई आर्थिक अपराध नहीं किया है। सीबीआई ने उनको गिरफ़्तार भी नहीं किया। इसके बावजूद इसी मामले में भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो (एसीबी) और ईडी ने मामला दर्ज किया। जाँच एजेंसी एसीबी ने श्री अमानतुल्लाह को गिरफ़्तार किया, उनको जमानत मिली। उनको जमानत देते समय भी कहा गया कि श्री अमानतुल्लाह के खिलाफ भ्रष्टाचार के कोई सबूत नहीं है।

आप नेता ने कहा कि फिर ईडी ने 2023 में श्री अमानतुल्लाह के घर छापेमारी की और ईडी अपने दफ़्तर में 13 घंटे पूछताछ की। अब उसी 2016 मामले में फिर से ईडी छापेमारी करने आज आई है। उन्होंने की यह बड़े शर्म की बात है एक ही मामले में तीन एजेंसियाँ जाँच कर रही है। इनमें दो जाँच एजेंसियों की जाँच में कुछ नहीं मिला। ईडी की जाँच में भी अब तक कुछ नहीं मिला है, लेकिन चुनाव से ठीक पहले दिल्ली का माहौल बिगड़ने के लिए ईडी भाजपा के हथियार के तौर पर इस्तेमाल हो रही है। श्री सिंह ने कहा कि ईडी सिर्फ. और सिर्फ. श्री मोदी की कठपुतली बनकर रह गई है। ईडी को अपने कामों पर ध्यान देना चाहिए ऐसे समय जब सुप्रीम कोर्ट ने उनके खिलाफ सख़्त टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि वह मोदी सरकार को चेताना चाहते हैं कि आप जो चाहे हथकंडा अपनाये आम आदमी पार्टी किसी भी हाल में झुकेगी नहीं लड़ती आई है और लड़ती रहेगी।

# पहले दोस्ती, फिर प्यार, उसके बाद गुपचुप शादी और मर्डर

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**




- जिसके साथ जिंदगी बिताने का वादा, उसकी ले ली जान
- कार में चाकू से हमला कर नई नवेली पत्नी की हत्या

दिल्ली के राजौरी गार्डन थाना इलाके में मर्डर की एक ऐसी सनसनीखेज वारदात हुई, जिसे देखकर और सुनकर पुलिस भी सन्न रह गई। जिस युवक गौतम ने मात्र छह महीना पहले बिना परिवार वालों को बताए गर्ल फ्रेंड मान्या से शादी कर ली थी। उसी की चाकू से गोदकर कार के अंदर हत्या करके उसका काम तमाम कर दिया। सिर्फ इसलिए की उसकी पत्नी अब चाहती थी, की दोनो साथ साथ रहें। लेकिन गौतम यह फैसला नहीं कर पा रहा था, इसी को लेकर दोनो के बीच रात में कार में जबरदस्त बहस हुई थी।आरोपी गौतम रघुवीर नगर इलाके का रहने वाला है। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि देर रात करीब 1:20 पर ख्याला थाना के हेड कांस्टेबल अजय ने राजौरी थाना की पुलिस को सूचना दी कि उसने एक शख्स को हिरासत में लिया है। जो बिना शर्ट पहने संदेह हालत में सड़क पर देर रात घूम रहा था। मौके पर पुलिस पहुंची और उस युवक से पूछताछ करने लगी। काफी देर बाद उसने पुलिस को बताया कि वह अपनी पत्नी की कार के अंदर चाकू गोदकर हत्या कर दिया है। उसकी बॉडी कार के अंदर शिवाजी कॉलेज रेड लाइट के पास है। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची कार शिवाजी कॉलेज रेड लाइट के पास खड़ी मिल गई। आगे पूछताछ में पुलिस को पता चला कि इन दोनो ने फैमिली के बिना कंसर्न से मार्च में शादी कर ली थी। लेकिन उसके बाद भी फैमली को बता नही पा रहे थे। जिसकी वह से दोनो अपनी अपनी फैमली के साथ ही रहते थे और कभी कभी मौका मिलता था, तब मिलते थे। बीती रात दोनों कार में एक साथ थे, इसी दौरान रात 10 बजे के आसपास गौतम की पत्नी मान्या ने एक साथ रहने के लिए बोलना शुरू किया। जिसको लेकर दोनो के बीच बहस शुरू हो गई।

दोनों में बात इतनी बढ़ गई की गौतम ने गुस्से में आकर पत्नी पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जब उसे लगा कि उसकी पत्नी की मौत हो चुकी है। उसने फिर शिवाजी कॉलेज के पास रेड लाइट के नजदीक गाड़ी को खड़ी कर दिया और वहां से निकलकर बदहवास हालत में भागने लगा। लेकिन हेड कांस्टेबल ने उसको संदिग्ध हालत में सड़क पर देखकर पकड़ लिया। इस मामले में राजौरी गार्डन थाना में मर्डर का मुकदमा दर्ज किया गया है। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ की जा रही है, मृतका की बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में भेज दिया गया है। परिवार वालों को भी सूचना दे दी गई है।

## समस्याओं को ले डी.सी से मिले मुदित अग्रवाल टीम के साथ

नई दिल्ली। ऑल इंडिया कांग्रेस के सदस्य एवं दिल्ली कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष मुदित अग्रवाल की अध्यक्षता में चाँदनी चौक विधानसभा के कई व्यापार संघ, आर.डब्लू.ए. एवं कांग्रेसियों के एक प्रतिनिधित्व ने आज डी.सी. सिटी-एस.पी. जोन मोहित बंसल से मुलाकात की एवं चाँदनी चौक विधानसभा के पुरानी दिल्ली शहर अंतर्गत आने वाले किनारी बाजार, दरीबा, मालीवाड़ा, तिलक बाजार एवं खारी बावली की टूटी सड़कों के हालात, सीवरों से रिस्ता गन्दा पानी व सड़क पर बने कूड़े के ढेर जैसी समस्याओं से अवगत कराया जिसके जिम्मेदार आम आदमी पार्टी के स्थानीय विधायक प्रहलाद सिंह साहनी एवं निगम पार्षद पुनरदीप सिंह साहनी (सैबी) हैं, जो की चाँदनी चौक विधानसभा एवं निगम की समस्याओं को नजरअंदाज करते हैं। इन सभी समस्याओं को विस्तार पूर्वक सुनने के बाद डी.सी. सिटी-एस.पी. जोन मोहित बंसल ने मामले पर संज्ञान लिया और आश्वासन दिया की सड़कें जल्द ही बनाएंगे और स्वछता पर भी निरंतर ध्यान देंगे। इस दौरान मुदित अग्रवाल के साथ केमिकल मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, मालीवाड़ा साडी मर्केंटाइल ऐसोसियेशन के चैयरमेन सोमदत्त शर्मा, चाँदनी चौक ब्लॉक अध्यक्ष मनोज गुप्ता, साडी मर्केंटाइल ऐसोसिएशन के अध्यक्ष संजय जैन, दिल्ली हिंदुस्तान मर्चेंटाइल के कोषाध्यक्ष रमेश गर्ग, मालिवाड़ा ज्वेलर्स ऐसोसिशन के अध्यक्ष सज्जन अग्रवाल, महासचिव वीरेंद्र अग्रवाल ऐवं कोषाध्यक्ष विमल जैन मौजूद रहे।

# दैनिक रेल यात्री समिति का धरना प्रर्दशन 8 सितंबर को




**प्रात : किरण संवाददाता**

अमरोहा। अमरोहा दैनिक रेल यात्री समिति की एक बैठक समिति के अस्थाई कार्यालय विलायती दवाखाना निकट बाजार गुजरी अमरोहा में संपन्न हुई। बैठक में फैजाबाद एक्सप्रेस और रानीखेत एक्सप्रेस के ठहराव को लेकर मंथन किया। बैठक में दोनों ट्रेनों के ठहराव तक प्रत्येक रविवार को शांतिपूर्ण रूप से धरना देने की सहमति बनी। रविवार को आयोजित बैठक में अमरोहा दैनिक रेल यात्री समिति के अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने बताया कि फैजाबाद एक्सप्रेस (14205-14206) और रानीखेत एक्सप्रेस (15013-15014) के ठहराव के लिए 8 सितंबर रविवार को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक प्रत्येक रविवार को ठहराव होने तक शांतिपूर्वक धरना रेलवे स्टेशन अमरोहा पर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधाओं के लिए अमरोहा दैनिक रेल यात्री समिति की वर्षो पुरानी मांग के लिए 8 सितंबर से आंदोलन के रूप में धरना दिया जाएगा। उक्त प्रत्येक रविवार के धरने में रेलमंत्री नाम ज्ञापन दिया जाएगा। इस दौरान समर अब्बास, मुजाहिद अली, अभिनव सक्सेना, इकबाल खान, भुवनेश गोयल, साजिद मंसूरी, नाजिम, नदीम, डॉ0 जाफर, राजा, दानिश मिर्जा, कपिल, पप्पू आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# आप सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट मामले बिभव कुमार को सुप्रीम कोर्ट से जमानत, लगाई दो शर्तें जानें

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**



सुप्रीम कोर्ट से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने बिभव कुमार को स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट के मामले में जमानत दे दी। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। साथ ही जस्टिस सूर्यकांत और उज्जल भुइयां की पीठ ने निर्देश दिया कि बिभव को केजरीवाल के निजी सहायक के रूप में बहाल नहीं किया जाएगा या उन्हें मुख्यमंत्री कार्यालय में कोई आधिकारिक कार्यभार नहीं दिया जाएगा। वह सभी गवाहों की जांच होने तक मुख्यमंत्री के आवास में प्रवेश नहीं कर सकते।

दिल्ली पुलिस ने किया विरोधः जमानत का दिल्ली पुलिस ने विरोध किया। दिल्ली पुलिस की तरफ से एएसजी एसवी राजू ने कहा कि अदालत को घटना पर ध्यान देना चाहिए। सीएम के आवास पर एक महिला सांसद से इस तरह से मारपीट की गई, ये गंभीर मामला है। इस पर जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने कहा कि इस केस में आरोपी 100 दिन से ज्यादा वक़्त से जेल में बंद है। चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। जो चोट लगी है, वो मामूली है। आप ऐसे केस में किसी को यूं ही जेल में नहीं रख सकते। ये जमानत का मामला है। आपको जमानत का विरोध नहीं करना चाहिए।

एएसजी एसवी राजू ने कहा कि इस केस में कुछ अहम गवाहों के बयान होने है। ये गवाह बिभव कुमार से प्रभावित हो सकते हैं। एक बार उनके बयान हो जाए, तब मैं जमानत का विरोध नहीं करूंगा। इस पर जस्टिस भुइयां ने कहा कि ऐसे तो हम किसी को भी जमानत नहीं दे पाएंगे।

पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज की थी याचिकाः बता दें, इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने 12 जुलाई को बिभव कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दिया था। उसके पहले तीस हजारी कोर्ट ने कहा था कि इस मामले की जांच अभी प्रारंभिक चरण में है और पीड़िता के दिलो दिमाग में अपनी सुरक्षा को लेकर खतरा है। तीस हजारी कोर्ट ने कहा था कि स्वाति मालीवाल आम आदमी पार्टी की सांसद हैं और वो अपनी पार्टी के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने गई थीं।

कोर्ट ने कहा था कि इस बात की भी आशंका है कि अगर बिभव कुमार को जमानत दी जाती है तो वो गवाहों को प्रभावित कर सकता है। दिल्ली पुलिस ने 18 मई को बिभव कुमार को गिरफ्तार किया था। इस मामले में स्वाति मालीवाल ने 17 मई को कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराया था। घटना 13 मई की है। दिल्ली पुलिस ने 16 मई को स्वाति मालीवाल का बयान दर्ज कर एफआईआर दर्ज किया था।

# सुप्रसिद्ध गजलकार दुष्यंत कुमार की जयंती पर परिचर्चा और काव्य गोष्ठी का आयोजन

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**



हिन्दी अकादमी, दिल्ली के सहयोग से यमुना युवक केंद्र दिल्ली द्वारा सुप्रसिद्ध गजलकार दुष्यंत कुमार की जन्म जयंती के अवसर पर एक विशेष परिचर्चा और काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रेस क्लब ऑफ इंडिया, दिल्ली में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम हिंदी साहित्य प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर रहा, जिसमें दुष्यंत कुमार के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

देश के प्रतिष्ठित कवियों और साहित्यकारों की उपस्थिति ने इस विशेष परिचर्चा और काव्य गोष्ठी को और भी आकर्षक बना दिया। काव्य गोष्ठी में राम श्याम हसीन, शिवकुमार बिलगरामी, भारत भूषण आर्य, डॉ. ओंकार त्रिपाठी, आलोक श्रीवास्तव ह्यअविरलह्ण आमंत्रित किए गए। यह आयोजन साहित्य प्रेमियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता यमुना युवक केंद्र के महामंत्री विजय शंकर चतुर्वेदी ने की। जबकि पद्मश्री से सम्मानित शिक्षाविद जे एस राजपूत मुख्य अतिथि थे और हिंदी अकादमी दिल्ली के उपसचिव ऋषि कुमार शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरूआत एक परिचर्चा से हुई, जिसमें दुष्यंत कुमार की साहित्यिक धरोहर, उनके लेखन की प्रासंगिकता और समाज पर उनके प्रभाव पर गहन चर्चा की गई। इस परिचर्चा में विभिन्न साहित्यिक हस्तियों और विशेषज्ञों द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किए गए। जबकि डॉ. ओंकार त्रिपाठी, शिवकुमार बिलगरामी, भारत भूषण आर्य, आलोक श्रीवास्तव ह्यअविरलह्ण, राम श्याम हसीन, नीना शहर, सौरभ शेखर, नीलम अरोड़ा, सपना अहसास, वंदना कुंअर, अल्का मिश्रा, दर्शनी प्रिय, सत्यम भास्कर आदि कवियों के द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली रचनाएँ दुष्यंत कुमार की साहित्यिक धरोहर को समर्पित रहीं और उनकी रचनाओं की गूंज से कार्यक्रम स्थल गुंजायमान हुआ।

इस कार्यक्रम के दौरान अपने अध्यक्षीय भाषण में विजय शंकर चतुर्वेदी ने कहा, ह्दुष्यंत कुमार की रचनाएँ आज भी उतनी ही प्रासंगिक और प्रेरणादायक हैं जितनी अपने समय में थीं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दुष्यंत कुमार के साहित्यिक योगदान को याद करना और उनकी गजलों और कविताओं के माध्यम से समाज में संवेदनशीलता और जागरूकता फैलाना है। यह कार्यक्रम हिन्दी साहित्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है और युवा पीढ़ी को साहित्य के इस अनमोल खजाने से परिचित कराने का एक अनूठा प्रयास है।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध शिक्षाविद और पद्मश्री से सम्मानित जे एस राजपूत ने कहा, ह्हिन्दी अकादमी, दिल्ली और यमुना युवक केंद्र का यह प्रयास सराहनीय है। इस तरह के कार्यक्रम हमारे साहित्यिक धरोहर को सहेजने और युवाओं में साहित्यिक चेतना जागृत करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनते है।

सुप्रसिद्ध शायर शिवकुमार बिलगरामी ने कहा, दुष्यंत कुमार जन जागृति के कवि थे। उन्होंने हिन्दी कविता के नवीन बिंबो और प्रतीकों का गजल में प्रयोग कर, गजल की रूह में नई जान डाल दी।

हिन्दी अकादमी और यमुना युवक केंद्र के इस सामूहिक प्रयास से दुष्यंत कुमार की साहित्यिक धरोहर को जीवित रखने का यह आयोजन निश्चित रूप से साहित्य प्रेमियों के लिए एक अविस्मरणीय अवसर रहा। इस कार्यक्रम ने न केवल दुष्यंत कुमार की साहित्यिक यात्रा को सम्मानित किया, बल्कि यह भी दर्शाया कि हिंदी साहित्य में उनकी विरासत आज भी उतनी ही प्रासंगिक और प्रेरणादायक है जितनी उनके जीवनकाल में थी।

# पार्टी और विधायकों को तोड़ने के लिए हो रहा एजेंसियों का दुरुपयोग : अमानतुल्लाह

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**



आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान ने सोमवार को कहा कि उन्हें और उनकी पार्टी को तोड़ने के लिए जाँच एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा, लेकिन हम जेल से डरने वाले नहीं है।

विधायक के दावे के बावजूद जाँच एजेंसी ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की तरफ से फिलहाल कोई वक्तव्य या जानकारी नहीं दी गई है। ओखला के विधायक अमानतुल्लाह ने फेसबुक पर एक वीडियो जारी करते हुए कहा कि ईडी तलाशी के नाम पर उन्हें गिरफ़्तार करने आई है। उन्होंने कहा कि उनकी सास कैंसर से पीड़ित है और वह मेरे घर पर हैं। चार दिन पहले ही उनका ऑपरेशन हुआ है। इस बात की जानकारी जाँच एजेंसी को भी दी थी और उनके हर नोटिस का जवाब दिया था। तलाशी का मकसद सिर्फ. हमें गिरफ़्तार करना है। उन्होंने कहा कि वह हमारे कामों को रोकना चाहते हैं। पिछले दो साल से मुझे परेशान कर फर्जी मुकदमे लगा रहे हैं। आये दिन कोई न कोई उलझन खड़ी रहे है। सिर्फ.मुझे ही नहीं पूरी पार्टी को परेशान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, श्री सत्येंद्र जैन जेल में है। अब हमें गिरफ़्तार करना चाहती है। इनका मकसद हमें और हमारी पार्टी को तोड़ना है। आप विधायक ने कहा है कि हमारे क्षेत्र ओखला में विकास के जो भी काम अधूरे रह गए हैं, उनको पूरा किया जायेगा। हम लोग जेल जाने से डरने वाले नहीं हैं। हमें अदालत पर भरोसा है इन्साफ जरूर मिलेगा।

उन्होंने कहा कि एक ऐसा मुकदमा जो 2016 से चला आ रहा है, जिसमें केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कहा कि इसमें कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ है, लेकिन फिर भी परेशान किया जा रहा है। आप नेता ने कहा कि उन्होंने ऐसा कोई काम नहीं किया, जिससे उन्हें शर्मिंदा या मायूस होना पड़े। पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा ह्ईडी की निर्दयता देखिये, श्री अमानतुल्लाह खान पहले ईडी की जाँच में शामिल हुए, उनसे आगे के लिए समय माँगा, उनकी सास को कैंसर है, उनका ऑपरेशन हुआ है। घर में सुबह सुबह धावा बोलने पहुँच गये

# दिल्ली के नए चीफ सेक्रेटरी का पदभार ग्रहण के बाद छुट्टी पर गए आईएएस धर्मेंद्र



**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

दिल्ली के नए मुख्य सचिव धर्मेंद्र ने रविवार यानी 1 सितंबर को पदभार ग्रहण किया था। इसके बाद अब वह 2 सितंबर से 3 दिन की छुट्टी पर चले गए हैं। दिल्ली के कार्यवाहक चीफ सेक्रेटरी के तौर पर यह जिम्मेदारी एडिशनल चीफ सेक्रेटरी मनीष कुमार गुप्ता को दी गई है। कार्यवाहक मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता एजीएमयूटी केडर के 1991 बैच के सीनियर आईएएस अधिकारी हैं। वह फिलहाल दिल्ली सरकार में एडिशनल चीफ सेक्रेटरी हैं। उनके पास शहरी विकास विभाग, गृह विभाग और ड्यूसिब समेत कई अहम विभागों की जिम्मेदारी है। बता दें, नए चीफ सेक्रेटरी की दौड़ में मनीष कुमार गुप्ता का नाम भी शामिल था।

निवर्तमान चीफ सेक्रेटरी नरेश कुमार का कार्यकाल 31 अगस्त को समाप्त हो गया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से 1989 बैच के सीनियर आईएएस अधिकारी और अरुणाचल प्रदेश के सीएस आईएएस धर्मेंद्र को दिल्ली की जिम्मेदारी देने संबंधी आदेश जारी किया गया था। इन आदेशों के बाद चीफ सेक्रेटरी धर्मेंद्र ने रविवार को औपचारिक तौर पर अपना पदभार ग्रहण कर लिया था। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना को 1 सितंबर को लिखे गए नोट के जरिए वर्तमान चीफ सेक्रेटरी धर्मेंद्र ने अवगत कराया है कि वह 2 सितंबर से 4 सितंबर तक उनके अरुणाचल प्रदेश सीएस का चार्ज हैंडओवर करने के दौरान वह अनुपस्थित रहेंगे। उनकी अनुपस्थिति में दिल्ली के मुख्य सचिव पद की जिम्मेदारी को एडिशनल चीफ सेक्रेटरी (यूडी) मनीष कुमार गुप्ता देखेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### बिहार प्रदेश राजद द्वारा धरना को जनता ने नकारा : जदयू जिला प्रवक्ता

मुंगेर (।बिहार)। मुंगेर जिला जदयू के जिला प्रवक्ता मनोज कुमार रघु ने कहा की मुंगेर जिला राजद के द्वारा किए गए धरना प्रदर्शन से राजद के कार्यकताओं ने दूरी बनाए रखा जिसका परिणाम है कि धरना में बहुत कम कार्यकर्ता उपस्थित थे यह साबित करता है कि राजद आम जनता के साथ-साथ अपने लोगों का भी विश्वास खो चुकी है प्रवक्ता मनोज कुमार रघु ने कहा कि राजद का झूठ बेनकाब हो चुका है और उनके छल कपट की राजनीति को जनता समझ चुकी है 15 वर्षों तक जब बिहार में राजद का शासन था तो लालू परिवार सत्ता की मलाई खाने और जनता को लूटने में व्यस्त रहा उन्होंने कभी बिहार के दलितों पिछड़ों व वंचितों की चिंता तक नहीं की और आज वही लोग प्रदेश की जनता को बरगलाने के लिए जातीय गणना और आरक्षण पर घड़ियाल आंसू बहा रहे हैं प्रवक्ता रघु ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जातीय गणना कराकर पूरे देश के नाजिर काम की है इसमें राजद की कोई भूमिका नहीं है राजद का आरक्षण लालू परिवार तक ही सीमित रहा है लालू प्रसाद को पति-पत्नी बेटा बेटी के अलावा कभी किसी दलित पिछले अति पिछड़ों को याद नहीं आई राजद आज आरक्षण के नाम पर दलितों पिछड़ों व अति पिछड़ों को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है जबकि शुरू से ही इसकी हमारी करता रहा है राजद और कांग्रेस हमेशा से पिछड़ों का अपमान करते और धोखा देते रहे,बिहार में 2005 में एन डी ए की सरकार बनी तब से स्थानीय निकाय के चुनाव में अधिक पिछड़ों को 20% आरक्षण दिया गया जबकि राजद कांग्रेस की सरकार ने 2002 में एकल पद पर आरक्षण का प्रावधान किए बिना ही पंचायत चुनाव करा कर अति पिछड़ों की हकमारी कर ली गई है।

# महंगाई की मार-आलू के रेट में जबरदस्त उछाल से उपभोक्ताओं के जेब पर असर, गड़बड़ा रहा है बजट

● बढे आलू के रेट,किसानों को नहीं हो रहा है फायदा



प्रात: किरण संवाददाता

गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों मनमानी कीमत पर आलू बिक रहा है। बाजार में इसकी कीमत 35 प्रति किलो है। अब ऐसा नहीं है कि इसका फायदा सीधे तौर पर किसानों को मिल रहा है। आलू उत्पादन के बावजूद इसके मुनाफे की डोर बाजार के पास है। कुल मिलाकर आलू का बाजार एक सिस्टम के अधीन चलता है जहां सबसे ज्यादा मार उपभोक्ताओं को झेलनी पड़ती है। इस संदर्भ में सबसे अहम बात यह है कि किसानों को आलू के इस मार्केट कोई लाभ नहीं मिल पाता। हालांकि यह सिलसिला कोई नया नहीं है बरसों से ऐसा ही चल रहा है लेकिन बीते तीन-चार सालों से बाजार की प्रकृति में कई बदलाव हुए हैं इनमें हाई मार्जिन सेल का धंधा जोर पकड़ चुका है। बाजार में ऊंचे भाव में आलू बेचने की स्थिति ना होने के बावजूद भी ज्यादा महंगाई ने आम उपभोक्ताओं के कसबल ढीले कर दिए हैं किसान उपभोक्ता दोनों परेशान इस पूरे मामले में किसान और उपभोक्ता दोनों ही परेशान है। ना किसानों को मूल्य मिल रहा है ना ही उपभोक्ताओं को राहत है। उत्पादन के बाद खेतों से उठाव के वक्त आलू की कीमत 14 रुपय किलो रही अगर स्टोरेज भाड़ा समेत तमाम खर्चों को जोड़ लें तो वर्तमान बल्की रेट में किसानों की उम्मीदों पर पानी फिरना तय है। 20 से 23 है थोक आलू का भाव फायदा व्यापारियों को बाजार में अधिकतम मूल पर आलू की बिक्री से छोटे से बड़े दुकानदार मालामाल हो रहे हैं,जबकि आम लोग से लेकर किसान तक परेशान है। आखिर रिटेल मार्केट में आलू जैसे रोजमर्रा की जरूरत की सब्जी में 12 रुपए प्रति किलो का भारी मार्जिन से आम लोगों की जेब ही तो ढीली हो रही है। महंगाई की मार आखिरकार आम लोगों पर ही क्यों पड़ती है।

## पन्ना गांव में कैंप लगाकर एसबीआई ने 150 किसानों का ऋण किया माफ



प्रात: किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] बैंक चला गांव की ओर कार्यक्रम के तहत एसबीआई की ओर से परसा गांव में किसानों के बीच ऋण माफी को लेकर कैंप लगाया गया। जिसकी अध्यक्षता शाखा प्रबंधक जीपी सिंह ने किया। कैंप में 150 किसानों का ऋण माफ किया गया। जिससे किसान काफी खुश दिखाई दिए। शाखा प्रबंधक ने कहा कि आरबीआई के प्रावधान के तहत यह कार्यक्रम आयोजित कर किसानों का ऋण माफ किया गया। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में पहुंचकर यही किसान कई तरह की परेशानियों का सामना करते हुए अपनी ऋण माफ करवाते है। किसानों की परेशानी को देखते हुए 150 किसानों का ऋण माफ किया गया। शाखा प्रबंधक ने बताया कि किसान देश की रीढ़ है अगर किसान की समस्या का समाधान नही किया जाता है तो किसानों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बैंक सदैव किसानों की परेशानी को दूर कर उनके हित के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य करता है जिससे लोगों का विश्वास बैंक के प्रति बढ़ता है। मौके पर बैंक कर्मी मनोज कुमार एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## विकास के मुद्दे को लेकर पंचायत समिति का बैठक आयोजित किया



प्रात: किरण संवाददाता

बरियारपुर (मुंगेर)।अम्बेडकर भवन के सभागार मे विकाश के मुद्दे को लेकर पंचायत समिति का बैठक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख रुची रानी ने किया।इस अवसर पर 15 पंचायत समिति सदस्यों के साथ प्रखंड विकाश पदाधिकारी स्वेता कुमारी, करहरिया पश्चिमी पंचायत के मुखिया अशोक कुमार मंडल, करहरिया पुर्वी पंचायत के मुखिया नन्दलाल मंडल, करहरिया दक्षिणी पंचायत के मुखिया सह प्रदेश उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, बरियारपुर दक्षिणी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बिनय कुमार गुड्डु,प्रखंड कृर्षी साउंड बैक प्रताप सिंह,बाल विकास परियोजना के महिला प्रवेक्षिका श्रृति सिंह, अंचल नाजीर संजय कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी उपस्थित हो।सदन मे माहोल गर्म हो गया जब मुखिया संजय कुमार सिंह ने पी एच ई डी विभाग, एसबीपीडीएल खाद्यान्न सुरक्षा विभागों के पदाधिकारियों की उपस्थिति नदारत देख मुखिया द्वारा प्रखंड प्रमुख से जवाब तलब किया। तब प्रखंड प्रमुख रुची रानी ने प्रस्ताव को कलम बर्धन कर स्पष्टीकरण की मॉग किया गया।आम सदस्यों द्वारा सदस्य वालों कि संख्या नही होने के कारण कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी।

## राजद के पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव बनने पर नरेश यादव को गिद्धौर के पंच मंदिर में स्वागत समारोह का आयोजन किया

राजद के कार्यकर्ता ने फूल माला पहनाकर स्वागत करते प्रदेश सचिव नरेश यादव



प्रात: किरण संवाददाता

गिद्धौर प्रखंड के रतनपुर पंचायत के थर्डघटिया गांव निवासी नरेश यादव को राजद पार्टी के द्वारा बड़ी जिम्मेदारी दी गयी नरेश यादव को राजद के पंचायती राज के प्रदेश सचिव बनाए जाने पर गिद्धौर के पंच मंदिर में राजद कार्यकर्ताओ के द्वारा समान समारोह आयोजित कर उन्हें स्वागत किया गया सामान समारोह की अध्यक्षता पूर्व मुखिया दिलीप रविदास के द्वारा किया गया इस मौके पर पंचायती राज के प्रदेश सचिव नरेश यादव को फूल के माला पहनकर स्वागत किया इस दौरान नरेश यादव ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह से लालू प्रसाद यादव ने सामाजिक न्याय की धाराओं को आगे बढ़ाया और विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव जी के द्वारा मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है मैं उसे ईमानदारी पूर्वक निवाहन करूंगा साथी जमुई व पूरे प्रदेश में संगठन को मजबूत बनाने का हर संभव प्रयास करूंगा सामान समारोह में झाझा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राजेंद्र यादव, चकई के राजद के कद्दावर नेता विजय शंकर यादव, भूषण यादव, नरेश यादव, उपेन्द्र यादव,शेखावत अली, उपेंद्र यादव, लखन यादव ,रंजीत यादव, मुस्ताक अंसारी, प्रमोद यादव, सतनारायण यादव सहित दर्जनों राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।

## स्कूलों को ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर देनी होगी मध्याह्न भोजन की जानकारी

प्रात: किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौरः- सरकारी प्रारंभिक स्कूलों में बच्चों को दिए जाने वाले मध्याह्न भोजन की जानकारी अब ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर देनी होगी।वर्तमान में जिला शिक्षा कार्यालय की ओर से मोबाइल फोन से मध्याह्न भोजन की जानकारी ली जाती है। नई व्यवस्था के तहत सितंबर के अंतिम सप्ताह से ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर प्रारंभिक स्कूलों को मध्याह्न भोजन से जुडे डिटेल प्रतिदिन अपडेट करना होगा।जिला शिक्षा कार्यालय के अनुसार स्कूलों द्वारा फोन पर बेहतर रिस्पांस नहीं मिलने की वजह से पोर्टल के माध्यम से एमडीएम से जुड़ी जानकारी देने का निर्णय लिया गया है। हमेशा शिकायत आती थी कि प्रधानाध्यापक का मोबाइल बंद रहता है या वे रिसीव नहीं करते हैं ई- शिक्षा कोष पोर्टल के माध्यम से स्कूलों के प्रधान को यह जानकारी देनी होगी कि कितने बच्चों ने मध्याह्न भोजन किया और उन्हें कैसा भोजन परोसा गया।

## एक युवक ने अपनी मां, भाई- भाभी के साथ कि मारपीट, गंभीर रूप से घायल सास बहु को किया रेफर



प्रात: किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] थानाक्षेत्र के बैजला पंचायत स्थित बैजलाटांड गांव में जमीन विवाद को लेकर एक युवक ने अपनी बुर्जुग मां, भाई व भाभी के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। मारपीट की घटना की सूचना घायलों के द्वारा डायल 112 की पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सभी घायलों को उठाकर इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहां डॉ.नबाब के द्वारा सभी घायलों का इलाज किया गया। घायल की पहचान बुर्जुग महिला आनो देवी उसका बेटा जितेंद्र कुमार बहु रेणु देवी के रूप में हुई है। मारपीट की घटना में गंभीर रूप से घायल आनो देवी और रेणु देवी की स्थिति नाजुक रहने पर दोनो को बेहतर इलाज के लिए डॉक्टर ने सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया। घायल जितेंद्र कुमार ने बताया कि मेरा छोटा भाई अजय जमीन को लेकर विवाद करते हुए घर से मां को भगा रहा था जिसको लेकर मेरी बुर्जुग मां विरोध कर रही तो अजय, उसकी पत्नी, बेटा एवं अन्य चार से पांच लोग मेरी मां के साथ लोहे के रॉड, लाठी डंडा से मारपीट करने लगा और जब मै और मेरी पत्नी बचाने के लिए गए तो वे लोग हमदोनो के साथ भी मारपीट करते हुए हमतीनों को घायल कर दिया। डायल 112 टीम के पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि जब हमलोग पहुंचे तो मौके स्थल अजय एवं अन्य लोग फरार था।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में दावा एवं बीमा विवाद के शाखा प्रबंधक व अधिवक्ता के साथ बैठक




प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर (बिहार)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निदेशार्अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर के तत्वाधान में एडीआर भवन परिसर में आगामी 14 सितंबर 2024 को पूर्वाह्न 10ः 30 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इस सम्बन्ध में सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर के निदेर्शानुसार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार दिनेश कुमार की अध्यक्षता में बीमा वाद के शाखा प्रबंधक नेशनल एवं ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी तथा दावा एवं बीमा वाद के अधिवक्ताओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सचिव द्वारा उपस्थित सदस्यों को अधिक से अधिक पक्षकारों को नोटिस निर्गत करने का निर्देश दिया गया हैं जिससे कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अधिक से अधिक वादों का निष्पादन हो सके। उपस्थित सदस्यों को निर्देश दिया गया कि वह अपने-अपने स्तर से प्रचार प्रसार करें ताकि अधिक से अधिक लोग जागरुक हो सके। बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा बताया गया कि पिछले राष्ट्रीय लोक अदालत की अपेक्षा इस बार अधिक से अधिक वादों का निष्पादन किया जाएगा।

## बच्चों की पढ़ाई जारी रखने में मदद करेंगे टोला सेवक मैट्रिक-इंटर के अनुत्तीर्ण छात्रों को करेंगे चिन्हित

बी-बॉस के माध्यम से विद्यार्थियों को कराएंगे पंजीकृत

प्रात: किरण संवाददाता

गिद्धौर। शिक्षा सेवक के रूप में कार्य करने वाले टोला सेवक व तालिमी मरकज स्वयंसेवक अब बच्चों की पढ़ाई को जारी रखने में मदद करेंगे। ये दोनों ही अब मैट्रिक और इंटर की अनुत्तीर्ण छात्रों को चिन्हित करने का कार्य भी करेंगे। अनुत्तीर्ण छात्रों को यह बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड में पंजीकृत कराने का कार्य करेंगे।शिक्षा विभाग की ओर से टोला सेवकों और तालिमी मरकज स्वयंसेवकों को एक नई जिम्मेदारी दी गई है। कोई भी ऐसा विद्यार्थी जो मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में पास हुआ है वह आगे की पढ़ाई ना छोड़े इसके लिए शिक्षा विभाग की ओर से यह पहल की गई है। टोला सेवक अब तक बच्चों को उनके घर से स्कूल तक पहुंचाने का काम करते थे। अब तक ये गांव के विभिन्न टोलों में जाकर यह देखते थे कि हर घर के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे स्कूल जा रहे या नहीं।

जो बच्चे स्कूल में नामांकन लेने के बावजूद भी रोजाना स्कूल नहीं जाते उन्हें नियमित स्कूल पहुंचाने और स्कूलों में उनकी उपस्थिति बढ़ाने की जिम्मेदारी टोला सेवकों की होती थी। तो वहीं अति पिछड़े मुस्लिम समुदाय के बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करने का काम तालिमी मरकज द्वारा किया जाता है। मालूम हो कि राज्य में करीब 27 हजार टोला सेवक है, जिनकी मदद से रोजाना बच्चों को स्कूल पहुंचा जाता है। एक टोला सेवक पर होंगे पांच छात्र एक गांव में एक टोला सेवक पर पांच-पांच छात्रों की जिम्मेदारी दी गई है। एक टोला सेवक पांच छात्रों को चिन्हित करने का कार्य करेंगे। उन्हें बी-बॉस के माध्यम से पंजीकृत कराया जाएगा।

## फॉगिंग मशीन बना शोभा की वस्तु, नहीं हो रहा है इस्तेमाल

प्रात: किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। नवगठित नगर पंचायत संग्रामपुर को स्वच्छ एवं स्वस्थ रखने के लिए विभाग के द्वारा लाखों की लागत से फागिंग मशीन एवं साफ सफाई के सामान की खरीदारी की गई हैं। आए दिन जिला से डेंगू के मरीज की संख्या में वृद्धि की खबर भी देखी जा रही है। बावजूद इसके फॉगिंग मशीन स्थानीय प्रखंड कार्यालय की शोभा बढ़ा रही है। लेकिन दवा का छिड़काव करने में उसका उपयोग नहीं हो पा रहा है। नगर पंचायत के गठन के 02 साल बीत जाने के बावजूद विकास के एक भी कार्य नहीं हुआ है जिससे हर वार्ड में नाली गली की समस्या से सड़कों पर जल जमाव और नाले के पानी सड़क पर बहते रहता है। लगभग सभी वार्डों में जल निकासी की व्यवस्था नहीं हैं। ऐसे में बरसात के दिनों में कीड़े मकोड़े के साथ साथ मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। लगभग तीन माह पूर्व होगी मशीन की खरीदारी नगर पंचायत संग्रामपुर में की गई है बरसात का मौसम बीतने को है लेकिन अभी तक होगी मशीन का श्री गणेश नगर पंचायत संग्रामपुर में नहीं हो पाया है। एक और सरकार लगातार स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरुक करते हुए गली मोहल्ले को साफ रखने का अपील कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर सरकार के राजस्व से लाखों की राशि खर्च होने के बावजूद भी साफ सफाई के उपकरण का इस्तेमाल नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। दिन-प्रतिदिन मच्छरों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि से नगर पंचायतवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी और नगर पंचायत प्रशासन साफ सफाई के नाम पर खाना पूर्ति कर रही है। इससे साफ जाहिर होता है कि नगर पंचायत प्रशासन अपने कार्य के प्रति लापरवाह है। इस संदर्भ में कार्यपालक पदाधिकारी से संपर्क करना चाहा लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

## मुंगेर विश्वविद्यालय मुंगेर की अंगीभूत ईकाई डीएसएम कॉलेज झाझा के छात्र, छात्राओं ने परीक्षा नियंत्रक को सौंपा ज्ञापन



प्रात: किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] छात्र-छात्राओं ने कहा कि मुंगेर विश्वविद्यालय मुंगेर द्वारा आयोजित सत्र 23-27 के सेमेस्टर 2 की परीक्षा पेपर पर्सनैलिटी डेवलपमेंट एंड कम्युनिकेशन के प्रश्न पत्र सिर्फ अंग्रेजी में आए थे। प्रश्न पत्र का हिंदी में अनुवाद नहीं होने की वजह से हम जैसे हजारों हिंदी माध्यम से तैयारी करने वाले छात्रों का परीक्षा बहुत खराब गया है। परीक्षा खराब जाने की वजह से हमारा पूरा रिजल्ट खराब आएगा। यह जानकर हम सभी छात्र - छात्राएं बहुत तनाव में है। जबकि यह घटना विश्वविद्यालय की गलती की वजह से हुई है विश्वविद्यालय इस गलती को सुधारते हुए इस परीक्षा को पुनः आयोजित करें मौके पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झाझा के नगर मंत्री हरिनंदन प्रजापति ने कहा कि इस प्रकार की भूल विश्वविद्यालय प्रशासन पर बहुत बड़ा सवाल पैदा करती है,क्या विश्वविद्यालय प्रशासन हिंदी भाषी के विरोधी है, यह छात्रों के भविष्य के लिए खतरा है इस प्रकार से प्रताड़ित होने से छात्र-छात्रा हताश है ।विश्वविद्यालय प्रशासन इस पर त्वरित कार्रवाई करें तथा इस परीक्षा को पुनः हिंदी माध्यम से भी आयोजित करें न्याय उचित कार्रवाई नहीं करने पर विद्यार्थी परिषद ऐसे कार्यों के खिलाफ आन्दोलन करेगी। मौके पर नगर कार्यकारिणी सदस्य सतीश सिन्हा, राजीव कुमार, सुरुचि कुमारी, रिया कुमारी, शिवानी कुमारी,विद्या कुमारी, पूजा कुमारी, आरती कुमारी आदि उपस्थित रहें।

## नगर क्षेत्र में कूड़े कचरे का अंबार और सड़कों पर बेतरतीब ढंग से गंदगी पसरी हुई है

हवेली खड़गपुर (कोर्ट)।सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई हवेली खड़गपुर के कार्यकताओं ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विशाल मोहन को एक ज्ञापन सौंपा। जानकारी देते हुए एबीवीपी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शुभम केसरी ने बताया कि अभाविप छात्र हितों के साथ-साथ समाजहित एवं राष्ट्रहित के लिए भी अग्रसर रहती है इसलिए परिषद के कार्यकताओं ने नगर की समस्या को लेकर नगर परिषद के कार्यपालिका को ज्ञापन दिया। उन्होंने बताया कि नगर परिषद हवेली खड़गपुर में जहां तहां कूड़े-कचरे का अंबार और सड़कों पर बेतरतीब ढंग से गंदगी पसरी हुई है। यह हवेली खड़गपुर नगर परिषद क्षेत्र की पहचान बन रही है।अगर यही स्थिति बनी रही तो लोगों को खासा परेशानी उठाना पड़ेगा। चार दिन से साफ सफाई और कूड़ा नहीं उठने की वजह से लोगों में अब संक्रामक बीमारी फैलने का भय सताने लगा है।

## बढ़ते अपराध के आगे नतमस्तक है जिला प्रशासन : सपा

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर (बिहार) जिले की लगातार बिगड़ती विधि व्यवस्था एवं बढ़ते अपराध जदयू सरकार की कार्यप्रणाली और अकर्मण्य व्यवस्था का चीख चीख कर पोल खोल रही है और सांसद विधायक एवं जिले के आला अधिकारी मुकदर्शक बने हैं उक्त बातें समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने जिले में बेतहाशा बढ़ते अपराधिक घटनाएं पर विफरते हुए कहा। श्री यादव ने कहा की क्षेत्र का ये आलम है की अपराधी तो अपराधी पुलिस भी अपराधी की भूमिका में आ गए जिससे ऐसा प्रतीत होता है की माफिया प्रशासन गठजोड़ के आगे भाजपा जदयू की सरकार नतमस्तक है जिले में धरहरा प्रखंड के सरपंच पुत्र की हत्या महिला और बच्ची के साथ दुष्कर्म , वासुदेव पुर थाना क्षेत्र में खुलेआम गोली बारी की घटना सिंघीया में दरोगा नौवागढी क्षेत्र में युवक की हत्या तारापुर में राजनीतिक सामाजिक कार्यकर्ता की हत्या ईस्ट कॉलोनी थाना क्षेत्र में अपराधी और भू माफिया की दबंगई इसके ज्वलंत उदाहरण है जो जिले की पुलिसिंग व्यवस्था और सुशासन के दावा की हवा निकालने के लिए प्रर्याप्त है और कैंडल जुलूस निकालने वाले लोग अपने क्षेत्र में हो रहे दुष्कर्म और हत्या पर मौन है श्री यादव ने कहा कि ईमानदार डीआईजी और पुलिस प्रमुख के पदस्थापना के बाबजूद बढ़ते अपराध काफी चिंतनीय है अगर यही आलम रहा और बिगड़ती विधि व्यवस्था पर डीआईजी और एसपी संज्ञान नहीं लेते हैं तो समाजवादी पार्टी जिले में बढ़ते अपराध के विरुद्ध सड़क पर उतारेगी ।

## अभाविप कार्यकर्ता ने वृक्षारोपण और नॉर्थ नरगंजो के जंगलों में ड्रोन से सीड बॉल गिराने की मांग की

प्रात: किरण संवाददाता



जमुई [ झाझा ] झाझा वन प्रक्षेत्र के मुड़ली पहाड़ी पर वृक्षारोपण और नॉर्थ नरगंजो के जंगलों में ड्रोन के माध्यम से सीड बॉल गिराने की मांग अभाविप कार्यकर्ता एवं पर्यावरण प्रेमी कार्तिक कुसुम यादव ने की है। नरगंजो, झाझा के निवासी और अभाविप कार्यकर्ता कार्तिक कुसुम यादव ने वन प्रमंडलीय पदाधिकारी, जमुई को लिखे पत्र में इस दिशा में आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है। कार्तिक कुसुम यादव ने बताया कि टहवा गांव के निकट स्थित मुड़ली पहाड़ी लंबे समय से खाली पड़ी है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र पर्यावरण संरक्षण के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है और वृक्षारोपण से न केवल हरित आवरण में वृद्धि होगी, बल्कि जैव विविधता और जलवायु संतुलन में भी सुधार होगा। यादव ने नॉर्थ नरगंजो के जंगलों में ड्रोन के माध्यम से फलदार वृक्षों के बीज गिराने का प्रस्ताव रखा है, जिससे ग्रामीणों को आर्थिक लाभ मिलेगा और वे जंगल संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभा सकेंगे। उनके अनुसार, इस पहल से स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी। कार्तिक कुसुम यादव ने वन प्रमंडलीय पदाधिकारी से अपील की है कि मुड़ली पहाड़ी पर वृक्षारोपण और ड्रोन से सीड बॉल गिराने की योजना को प्राथमिकता दी जाए, जिससे पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीणों की आजीविका में सुधार के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। इस महत्वपूर्ण पहल से न केवल पर्यावरणीय संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय समुदायों को भी लाभ होगा, जिससे क्षेत्र में समग्र विकास को बल मिलेगा।

## तारापुर के समीर मधुकर बने जनसुराज के युवा जिलाध्यक्ष

प्रात: किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर 2 सितंबर )।जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर के द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नजर 2025 में मुंगेर जिला संगठन विस्तार को लेकर यादव एवं कुशवाहा बाहुल्य क्षेत्र तारापुर से पूर्व मुखिया पुत्र समीर मधुकर लौना को युवा जिला अध्यक्ष के रूप में दायित्व सौंपा गया ।तो वहीं दूसरी ओर इसी विधानसभा क्षेत्र से धानुक समाज से आनेवाले पूर्व मुखिया सह तारापुर नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि जोगेंद्र मंडल को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर तारापुर सहित आस पास के कई सामाजिक संगठन से जुड़े लोगों सहित जनसुराज के सदस्यों ने संस्थापक प्रशांत किशोर के द्वारा लिए गए इस फैसले का हृदय की गहराई से स्वागत योग्य फैसला बताया है ।गौरतलब है कि सोमवार को युवा जिला अध्यक्ष समीर मधुकर ने प्रेसवार्ता कर बताया कि जिस आस्था , विश्वास, समर्पण, और सुचिता , के साथ जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर जी ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपा है इसके लिए मैं अपने हृदय की गहराई से उनका आभार प्रकट करता हूं। आगे बताया कि आने वाले विधानसभा के चुनाव में जनसुराज का अपना विधायक इस क्षेत्र से कैसे हो इसकी तैयारी क्षेत्र में जोर शोर से शुरू कर दी गई है। आगे इन्होंने जिला कार्यवाहक समिति संरक्षक के तौर पर नवनियुक्त , संग्रामपुर प्रखंड के राजपूत बाहुल्य गांव नवगांय निवासी अवकाश प्राप्त प्राचार्य रहे अभिभावक स्वरूप पुष्पेंद्र कुमार सिंह के प्रति भी युवा जिला अध्यक्ष ने उनसे मिलकर उनका आभार प्रकट किया है । इन्होंने पत्रकारों को बताया कि समय आने पर इस क्षेत्र में जनसुराज जाति धर्म से ऊपर उठकर सबसे मजबूत संगठन के रूप में जाना जाएगा । अंत में बताया कि जो दायित्व मुझे मिला है उसके तहत बिना किसी भेदभाव का संगठन हित में संगठन की मजबूती एवं संगठन विस्तार के लिए आत्मविश्वास के साथ मजबूती से काम करूंगा । इस मौके पर महासचिव हिमांशु कुंवर मुख्य प्रवक्ता पूर्व मुखिया शशि कुमार सुमन अफजल नगर महिला जिलाअध्यक्ष रवीना देवी ,तारापुर खड़गपुर अनुमंडल महिला अध्यक्ष पूर्व मुखिया मीणा देवी, शाहिद पार्टी के सैकड़ो पदाधिकारी मौजूद थे ।

सम्पादकीय

# हरियाणा में अगर कांग्रेस को कोई हराएगा तो कांग्रेस ही !

कांग्रेसी इसी ठसक में रहते हैं। इसे केवल हाईकमान तोड़ सकता है। हरियाणा वह मौका है जहां वह सख्त मैसेज दे कि गुटबाजी करने वाला कोई नेता बख्शा नहीं जाएगा। यह चुनाव कांग्रेस पार्टी लड़ रही है। कोई गुट नहीं। कांग्रेस की किसान समर्थक नीतियों, छोटे व्यापारी दुकानदार समर्थक नीतियों, युवाओं को नौकरी देने और हरियाणा के विकास के लिए यह चुनाव हो रहा है। हरियाणा कांग्रेस ने ही बनाया था 1966 में। नही वहां भाजपा सरकार ने बहुत बुरा किया। इसी का परिणाम है कि वहां कांग्रेस की स्थिति अच्छी मानी जा रही है। लेकिन सामने जीत देखकर राज्य के कांग्रेसी नेता बावले हो रहे हैं। सब को मुख्यमंत्री पद दिख रहा है और मुख्यमंत्री बनने के लिए अपने ज्यादा से ज्यादा लोगों को लड़ाना चाहते हैं।

कांग्रेस हाईकमान यह मैसेज देने में लगातार असफल साबित हो रहे हैं कि वहां चुनाव कांग्रेस पार्टी लड़ रही है और बीजेपी के कुशासन के खिलाफ जो राहुल गांधी का अभियान रहा उसी की वजह से वहां कांग्रेस की हालत अच्छी दिख रही है। किसी क्षत्रप की वजह से वहां लोग वोट नहीं देंगे। वोट मिलेंगे कांग्रेस की किसान समर्थक नीति, अग्निवीर के खिलाफ राहुल की आवाज, महंगाई, बेरोजगारी, सरकारी शिक्षा चिकित्सा खत्म करने, छोटे व्यापारियों के उद्योग-धंधे ठप्प होने, राज्य का गौरव पहलवान बेटियों के साथ नाइंसाफी होने जैसे मुद्दों पर। राहुल के नाम पर।

कांग्रेस जब तक यह मैसेज देने में कामयाब नहीं होगी तब तक क्षत्रप अपने आप को तीस मार खां बताकर आपस में लड़ते रहेंगे। कांग्रेस राजस्थान का उदाहरण याद नहीं कर रही है। वहां केवल और केवल गुटबाजी की वजह से वह हारी। यह संयोग ही है कि वहां के इन्चार्ज होने के नाते उस गुटबाजी को बहुत झेले अजय माकन अब हरियाणा की स्क्रिनिंग कमेटी के अध्यक्ष हैं। और वे पिछले कई दिनों से लगातार हरियाणा के नेताओं और वहां के चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों से मिल रहे हैं। सोमवार 2 सितंबर को कांग्रेस की टिकट वितरण करने वाली सर्वोच्च समिति सीईसी ( सेन्ट्रल इलेक्शन कमेटी) की बैठक है। उससे पहले का काम स्क्रिनिंग कमेटी करती है। हर विधानसभा क्षेत्र के तीन या चार महत्वपूर्ण उम्मीदवारों का पैनल बनाने का। स्क्रिनिंग कमेटी का अध्यक्ष राज्य के बाहर को होता है और माना जाता है कि वह गुटबाजी से अप्रभावित रहेगा।

हालांकि यह मजेदार है कि इसी हरियाणा में यही गुटबाजी खुद माकन को दो साल पहले राज्यसभा हरा चुकी है। राहुल गांधी के केन्डिडेट के तौर पर उनकी पहचान थी। मगर किरण चौधरी ने इसकी परवाह न करके माकन के खिलाफ वोट दिया। उस समय कांग्रेस का ही एक गुट किरण चौधरी को बचाने में लग गया। कांग्रेस की अनुशासन समिति ने उन्हें कारण बताओ नोटिस दिया। उसे दबा दिया गया। यहां तक कि माकन की आवाज को भी। राहुल गांधी की यही कमजोरी उन्हें सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाती है। उन्हें बोलना चाहिए था। हरियाणा में यह दूसरा कांग्रेस उम्मीदवार हारा था। इससे पहले प्रख्यात वकील आर के आनंद सोनिया गांधी के उम्मीदवार थे। इस समय कांग्रेस में जैसा जलवा अभिषेक सिंघवी का है। वैसा ही कभी आर के आनंद का था। वकालत का। मगर इन कांग्रेसियों ने तो हिमाचल में सिंघवी को भी हराया। पार्टी को नुकसान करने वाले ऐसे लोगों के खिलाफ अगर एक बार सख्त मैसेज चला जाए तो वह नजीर बन जाता है। किरण चौधरी को अगर उस समय ही पार्टी से निकाल दिया गया होता तो आज बीजेपी भी उन्हें नहीं लेती। मगर अब बीजेपी ने किरण चौधरी को राज्यसभा सदस्य दे दिया। बेटी को विधानसभा लड़वा रही है। लेकिन इसके बाद भी कांग्रेसी यह मानने को तैयार नहीं हैं कि किरण चौधरी ने कांग्रेस के साथ विश्वासघात किया। उनके भाजपा ज्वाइन करने के बाद भी कुमारी शैलजा और रणदीप सुरजेवाला ने उनके समर्थन में बयान दिए।

# भारत विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा

**प्रहलाद सबनानी**

वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही (अप्रेल-जून 2024) में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर के आंकडें जारी कर दिए गए हैं एवं हर्ष का विषय है कि भारत अभी भी विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही (अप्रेल-जून 2023) में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज हुई थी तथा पिछली तिमाही (जनवरी मार्च 2024) में वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत की रही थी। भारतीय रिजर्व बैंक ने अप्रेल-जून 2024 तिमाही में 7.1 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया था। पिछले लगातार 5 तिमाही के दौरान भारत के सकल घरेलू उत्पाद में यह सबसे कम वृद्धि दर है। हालांकि चीन में 4.7 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज हुई है तथा विश्व की अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि दर भारत की तुलना में अभी भी बहुत कम बनी हुई है।


भारत में वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में कम हुई वृद्धि दर के पीछे कुछ महत्वपूर्ण कारण बताए गए है। प्रथम तो इस तिमाही में लोक सभा चुनाव सम्पन्न हुए हैं जिसके चलते आम जनता ने अपने खर्चे को रोक रखा था। साथ ही, लोक सभा चुनाव के समय केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा कोई भी बड़ा निर्णय नहीं लिया जा सकता है जिसके चलते सरकारों को अपने खर्चों को नियंत्रण में रखना होता है, इससे देश की विकास दर पर प्रभाव पड़ता है। दूसरे, इस तिमाही के दौरान देश में अत्यधिक गर्मी के चलते पर्यटन एवं कृषि के क्षेत्र में विकास दर अत्यधिक कम हो गई है। कृषि के क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में वृद्धि दर केवल 2 प्रतिशत की रही है जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 3.7 प्रतिशत की रही थी। परंतु, वित्तीय वर्ष 2024-25 की द्वितीय तिमाही में मानसून ने लगभग पूरे देश में तेज गति पकड़ ली है अतः विभिन्न फसलों के बुआई के क्षेत्र में अच्छी वृद्धि दर्ज हुई है इसलिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के द्वितीय एवं तृतीय तिमाही (जुलाई-सितम्बर एवं अक्टोबर-दिसम्बर 2024) में कृषि क्षेत्र में वृद्धि दर के आकर्षक रहने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। खरीफ मौसम की फसल के साथ ही अब रबी मौसम की फसल में भी अच्छी वृद्धि दर रहने की सम्भावना है क्योंकि देश के विभिन्न जलाशयों में पानी के संचयन में भारी वृद्धि दर्ज हुई है, जिसे कृषि क्षेत्र में सिंचाई के लिए उपयोग किया जा सकेगा। इन्हीं कारणों के चलते वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेन्सी मूडीज ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत के आर्थिक विकास दर के अपने अनुमान को बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है, मूडीज ने पहिले यह अनुमान 6.8 प्रतिशत का लगाया था।

विनिर्माण इकाईयों द्वारा किए गए उत्पादन में अप्रेल-जून 2024 की तिमाही में 7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है जबकि पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 5.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई थी। निर्माण के क्षेत्र में 8.6 प्रतिशत एवं सेवा के क्षेत्र में 7.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। ट्रेड, ट्रान्स्पोर्ट, होटल, टेलिकॉम की ग्रोथ 5.7 प्रतिशत की रही है। विनिर्माण, निर्माण एवं कोर इंडस्ट्री को मिलाकर बनने वाले सेकेण्डरी सेक्टर में वृद्धि दर बढ़ी है। वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही में यह 5.9 प्रतिशत की रही थी जो वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में बढ़कर 8.4 प्रतिशत की हो गई है। यह वृद्धि दर देश में निजी उपभोग के बढ़ने की ओर इशारा कर रही है।

विश्व में बहुत लम्बे समय से चल रहे दो युद्धों के बीच भारत की उक्त आर्थिक विकास दर अच्छी विकास दर ही कही जाएगी। एक युद्ध तो रूस यूक्रेन के बीच चल रहा है एवं दूसरा इजराईल एवं हम्मास के बीच चल रहा है। इजराईल के साथ युद्ध में तो लेबनान एवं ईरान भी कूदने को तैयार बैठें हैं। साथ ही, यूरोपीयन देशों में कुछ देशों की आर्थिक विकास दर में कमी होती दिखाई दे रही है। जापान एवं अमेरिकी अर्थव्यवस्थाओं में भी विकास दर में कमी आंकी गई है। जर्मनी एवं चीन भी अपनी अपनी अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि दर को बढ़ाने हेतु संघर्ष करते हुए दिखाई दे रहे हैं। जापान एवं जर्मनी में यदि विकास की रफ्तार कम होती है एवं भारत की आर्थिक विकास दर यदि इसी रफ्तार से आगे बढ़ती है तो शीघ्र ही भारत, जापान एवं जर्मनी की अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ते हुए विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अभी भारत विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जापान एवं जर्मनी ही भारतीय अर्थव्यवस्था से थोड़ा आगे बने हुए हैं।

# नशे की खिलाफ जंग कितनी कामयाब होगी ?

**शाह ने कहा कि इससे उत्पन्न होने वाला धन आतंकवाद और नक्सलवाद को बढ़ावा देता है और अर्थव्यवस्था को भी कमजोर करता है। यदि दृढ़ निश्चय और रणनीति के साथ बढ़ा जाए तो इस खतरे के खिलाफ लड़ाई जीत सकते हैं। गृह मंत्री ने कहा कि मादक पदार्थों से होने वाले नुकसान व अवैध कारोबार को खत्म करने के लिए चार सूत्र दिए और कहा कि हमें मादक पदार्थों की पहचान करने, अवैध कारोबारियों के नेटवर्क को नष्ट करने, अपराधियों को हिरासत में लेने और नशे के आदी लोगों के पुनर्वास पर जोर देना होगा। लेकिन जितनी सरलता से यह बात कही है यह उतनी ही मुश्किल है चूंकि नशे का कारोबारियों ने बहुत बडे स्तर पर अपना जाल बिछा दिया। आज मादक पदार्थ गली-गली में इतनी आसानी से मिल रहे हैं जैसे परचून की दुकान पर टॉफी-बिस्कुट। मादक पदार्थ बहुत तेजी से युवाओं को निगल रहा है। आज युवाओं की पार्टी में चरस, गांजा, अफीम, हरोईन व ब्राउन शुगर के अलावा कई प्रकार के नशे होना बेहद आम बात हो गई।**



**योगेन्द्र सोनी**

पहली बार केन्द्र सरकार ने नशे के खिलाफ कोई बयान दिया है और एक्शन लेने की बात कही है। मामला यह है कि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से मादक पदार्थ के अवैध कारोबारियों के खिलाफ अभियान का आह्वान करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इससे निपटने के लिए नेटवर्क पर प्रहार करना होगा। शाह ने कहा कि इससे उत्पन्न होने वाला धन आतंकवाद और नक्सलवाद को बढ़ावा देता है और अर्थव्यवस्था को भी कमजोर करता है। यदि दृढ़ निश्चय और रणनीति के साथ बढ़ा जाए तो इस खतरे के खिलाफ लड़ाई जीत सकते हैं। गृह मंत्री ने कहा कि मादक पदार्थों से होने वाले नुकसान व अवैध कारोबार को खत्म करने के लिए चार सूत्र दिए और कहा कि हमें मादक पदार्थों की पहचान करने, अवैध कारोबारियों के नेटवर्क को नष्ट करने, अपराधियों को हिरासत में लेने और नशे के आदी लोगों के पुनर्वास पर जोर देना होगा। लेकिन जितनी सरलता से यह बात कही है यह उतनी ही मुश्किल है चूंकि नशे का कारोबारियों ने बहुत बडे स्तर पर अपना जाल बिछा दिया। आज मादक पदार्थ गली-गली में इतनी आसानी से मिल रहे हैं जैसे परचून की दुकान पर टॉफी-बिस्कुट। मादक पदार्थ बहुत तेजी से युवाओं को निगल रहा है। आज युवाओं की पार्टी में चरस, गांजा, अफीम, हरोईन व ब्राउन शुगर के अलावा कई प्रकार के नशे होना बेहद आम बात हो गई। यह सभी मादक पदार्थ पार्टी के पर्यायवाची बन चुके हैं। स्कूल व कॉलेज की बच्चों में इस नशे का क्रेज लगातार पढ़ रहा है। कॉलेज में लडके व लडकियां जमकर इस तरह के नशे कर रहे हैं। हम भली-भांति देखते आ रहे हैं कि नशे की वजह से हर रोज हजारों घर बर्बाद हो रहे हैं। यदि इस पटकथा के निमार्ता की बात करें तो वह है पुलिस-प्रशासन हैं चूंकि इस तरह के मादक पदार्थ बिना प्रशासन के नही बिक सकता। सूत्रों के अनुसार मादक पदार्थ बिकवाने की अनुमति के पुलिस लाखों रुपये लेती है। यह मादक पदार्थ बेचने वाले एक कॉल पर डिलीवरी देने आ जाते हैं और खुला खेल प्रशासन की नाक के नीचे चलता है। विशेषज्ञों के अनुसार नशा मनुष्य के सोचने समझने की शक्ति के साथ ही पूरे शरीर पर प्रहार करता है। इसका प्रहार ऐसा होता है कि धीरे-धीरे शरीर ही नष्ट हो जाता है। यह एक ऐसा धीमा जहर होता है कि लोग जब तक इसके दुष्परिणामों को समझ पाते हैं तब तक उनका अंत हो जाता है। नशा कई रूपों में किया जाता हैं शराब, तंबाकू, पाउच व आर्टिफिशल मादक पदार्थ आदि सभी नशे की श्रेणी में आते हैं। आज नशे का सेवन भारत में सबसे अधिक होता है। लाखों संस्थाए भले ही नशे पर प्रतिबंध को लेकर जागरुक कार्यक्रम करती हो लेकिन वास्तव में यह दुनिया भर में एक वर्ष में 54 लाख जानें ले रहा है। दुनिया में एक अरब लोग तंबाकू का सेवन करते हैं। भारत की बात करें तो सालाना 9 लाख मौतें तंबाकू व लगभग चार लाख मौतें चरस, गांजा, अफीम व हेरोईन से होती हैं। दस में से एक मौत में तंबाकू वजह बनती है। वहीं विश्व में सभी तरह के नशे को लेकर सेवन में भारत का दूसरा स्थान है। यह बेहद पीढ़ा देने वाला आंकडा हैं। विशेषज्ञों के अनुसार 2030 तक 80 लाख लोगों की नशे की वजह से मौतें होंगी। डब्लूएचओ द्वारा वर्ष 1988 से दुनिया को नशे के घातक दुष्परिणामों से सचेत करने के लिए 31मई को विश्व तंबाकू दिवस मनाया जाता है। बावजूद इसके लोग जागरूक होने की बजाय नशे के प्रति आकर्षित हो रहे हैं। इसके अलावा कॉरपोरेट जगत में सिगरेट के अलावा बडे स्तर के नशे करना एक स्टेटस सिंबल बन गया। जैसे आज से लगभग दशक भर पूर्व लोग सिगरेट पीने के लिए एक-दूसरे का कहते थे चल सिगरेट पीने चलें लेकिन अब कहते हैं कि चल माल फूंकने चले। अब चिंता का विषय यह बनता जा रहा है कि स्कूल व कॉलेज की बच्चे नशे करने लगे। नशे के क्षेत्र में हर रोज परिस्थितियां विपरीत होती जा रही हैं। बीते दिनों भारत में एक पाकिस्तानी नौका से छह सौ करोड़ मूल्य की हेरोइन पकड़ी गई थी जिससे पाकिस्तान के नशा माफियाओं को करोड़ों रुपयों का फायदा होता और वह पैसा आतंकवाद में प्रयोग होता। जैसा कि भारत में कुछ मादक पदार्थ गैर-कानूनी तरीके से बाहरी देशों से आते हैं। दरअसल, कई देशों के सत्ता प्रतिष्ठानों की मिलीभगत से नार्को-आतंकवाद के एक बड़े पैटर्न को अंजाम दिया जा रहा है। निश्चित तौर पर यह साजिश हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये एक गंभीर चुनौती है। पुरानी घटनाओं के अनुसार जम्मू-कश्मीर व पंजाब में नशे के कारोबार से कमाया हुआ पैसा आतंकवाद में लगता आया है। इस तरह का पैसा आतंकवादियों को हथियार व पैसा उपलब्ध कराता है। बीती मई में भी नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और नौसेना के साझे मिशन के जरिये केरल तट पर ढाई हजार किलोग्राम नशीला पदार्थ बरामद किया गया था। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत पंद्रह हजार करोड़ रुपये बतायी गई थी। यह हमारे देश में बरामद अब तक की सबसे बड़ी नशे की खेप थी। इसके अलावा गुजरात के तट पर 150 किलो ड्रग्स ले जा रही एक नौका को जब जब्त किया गया तो छह पाकिस्तानी चालक दल के सदस्यों को गिरफ्तार किया गया था। इसी तरह फरवरी में पोरबंदर तट पर पांच विदेशी नागरिकों को चरस व 3300 किलोग्राम नशीले पदार्थों के साथ पकड़ा गया था। दरअसल, इस नशे के कारोबार की शुरूआत अक्सर अफगानिस्तान से होती है, जहां अफीम व हेरोइन का बड़े पैमाने पर उत्पादन होता है। बहरहाल, केन्द्र सरकारी की ओर नशे माफियाओं पर नकेल कसना एक बेहतर कदम है लेकिन धरातल इसमें काम करने की जरूरत है चूंकि विभाग चाहेगा तो यह बेहद सरल अन्यथा इस प्रक्रिया बहुत जटिल है। जटिल इसलिए कहा जा रहा है कि नशे के सौदागर सिस्टम को इतना ज्यादा पैसा ऑफर करते हैं कि वह मना नही कर पाता। इस खेल में पैसा बहुत है जिसमें शासन-प्रशासन के बडे-बडे लोग शामिल है यदि सही से जांच की जाए तो न जाने कितने बड़े नामों के खुलासे हो सकते हैं। इसलिए इस तंत्र को भेदना आसान नही होगा।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# सत्ता का गुलाम आखिर कौन ?

**राकेश अचल**

52 साल के योगी जी ने विमर्श के लिए ये विषय हालांकि हवा में उछाला है, लेकिन ये जरूरी विषय है कि -आखिर सत्ता का गुलाम है कौन ? योगी ने आदित्यनाथ ने चंदौली में एक कार्यक्रम में कहा कि कोई योगी या संत सत्ता का गुलाम नहीं हो सकता है. उन्होंने कहा, संत समाज को एकजुट करते हैं। पूरे समाज को एकसाथ जोड़कर संत चलता है। योगी ने यह बातें अघोराचार्य बाबा कीनाराम की जन्मस्थली पर आयोजित 425 अवतरण समारोह को संबोधित करते हुए कही। योगी से बहुत साल पहले संत कुम्भनदास ने यही बात कही थी। कुम्भनदास किसान थे, संत थे और उस समय के संत थे, जब संत होना कठिन काम था।

बहुत दिनों बाद एक ढंग का विषय मिला है। इसके लिए धन्यवाद उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का। 52 साल के योगी जी ने विमर्श के लिए ये विषय हालांकि हवा में उछाला है, लेकिन ये जरूरी विषय है कि -आखिर सत्ता का गुलाम है कौन? योगी ने आदित्यनाथ ने चंदौली में एक कार्यक्रम में कहा कि कोई योगी या संत सत्ता का गुलाम नहीं हो सकता है. उन्होंने कहा, संत समाज को एकजुट करते हैं। पूरे समाज को एकसाथ जोड़कर संत चलता है। योगी ने यह बातें अघोराचार्य बाबा कीनाराम की जन्मस्थली पर आयोजित 425 अवतरण समारोह को संबोधित करते हुए कही। योगी से बहुत साल पहले संत कुम्भनदास ने यही बात कही थी। उन्होंने कहा था -
संतन को कहा सीकरी सों काम?
आवत जात पनहियाँ टूटी, बिसरि गयो हरि नाम।।
जिनको मुख देखे दुख उपजत, तिनको करिबे परी सलाम।।
कुभंनदास लाल गिरिधर बिनु, और सबै बेकाम।।
कुम्भनदास किसान थे, संत थे और उस समय के संत थे, जब संत होना कठिन काम था। लेकिन कुम्भनदास के पांच सौ साल बाद संत होना कठिन काम नहीं रह गया। अब संत सींकरी आने-जाने के अभ्यस्त हो चुके हैं। जो सींकरी नहीं जाते उन्हें जेल जाना पड़ता है, जो सींकरी जाते हैं उन्हें फलरो के तहत जब चाहे तब जमानत मिल जाती है भले ही वे हत्या और बलात्कार के आरोप में सजा काट रहे हों। लेकिन असल सवाल ये है कि क्या आज के संत और योगी सत्ता के गुलाम हैं या नहीं? योगी जी यानि बाबा आदित्यनाथ 26 साल से राजनीति में हैं और सत्ता में रहते हुए भी उन्हें 9 साल हो चुके हैं और वे कहते हैं, गर्व से कहते हैं कि- योगी और संत सत्ता का गुलाम नहीं हो सकता। क्या आप योगी आदित्यनाथ के इस दावे पर यकीन कर सकते हैं? योगी जी को जिन परिस्थितियों में सत्ता के मयूरपंखी सिंहासन पर बैठाया गया था, वो आपको याद होगा और जिस तरह से उनके सिंघासन को पिछले पांच साल से अस्थिर करने की कोशिश की जा रही है वो भी आप सबसे छिपा नहीं है। यदि योगी जी सत्ता के गुलाम नहीं है तो बादशाह की जीप के पीछे-पीछे उपने (नंगे पांव) क्यों दौड़ लगा रहे हैं? क्या वे सत्ता को ठोकर मारकर गोरखपुर वापस नहीं लौट सकते?
संतो-महंतों और योगियों को सत्ता में लाने का, सत्ता का गुलाम बनाने का एकमेव श्रेय यदि किसी राजनीतक दल को है तो वो है भारतीय जनता पार्टी। भारतीय जनता पार्टी ने देश में राम राज की स्थापना करने के मकसद से संतों-महंतों को सत्ता का गुलाम बनाने की कोशिश की। कांग्रेस के जमाने में भी संत-महंत सत्ता के साथ चस्पा रहते थे, किन्तु उनकी सत्ता में सीधी भागीदारी नहीं थी। भाजपा ने साध्वी उमा भारती को मध्यप्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया, केंद्र में मंत्री बनाया। अनेक साध्वियों को विधानसभाओं और लोकसभाओं में भेजा। मंत्रिमंडलों में शामिल किया। इनकी फेहरिस्त बहुत लम्बी है। लेकिन एक योगी आदित्यनाथ को छोड़ सभी को भाजपा ने दूध में पड़ी मख्खी की तरह निकाल भी दिया। अब कोई गौसेवा कर रहा है तो कोई अदालतों के चक्कर काट रहा है।
योगी आदित्यनाथ के इस कथन से कि संत-महंत सत्ता के गुलाम नहीं होते, मै पूरा इत्तफाक रखता हूँ, लेकिन उनकी ये बात मोदी युग में सही साबित नहीं होती। वो दौर दूसरा ही था, जब संत-महंत और योगी सत्ता को लतियाते हुए आगे बढ़ जाते थे। अब तो साधू-संत, महंत और योगी सत्ता के न सिर्फ गुलाम हैं बल्कि सत्ता के चरण-चुंबन में सबसे आगे हैं। जिन्हें सत्ता चाहिए वे दल नहीं देखते, केवल सत्ता देखते है। उत्तर प्रदेश में एक संत हैं प्रमोद कृष्ण। कांग्रसी संत थे, लेकिन अब भाजपाई संत हैं। हमारे चार शंकराचार्य इसके अपवाद हैं, लेकिन वे सत्ता के गुलाम न होते हुए भी सत्तानुरागी तो हैं ही। सबकी अपनी-अपनी पसंद है। किसी को कांग्रेस की सत्ता अच्छी लगती है, तो किसी को भाजपा की सत्ता। सत्ता विमुख होकर कोई धर्माचरण नहीं करना चाहता। मुख्यमंत्रियों और प्रधानमंत्री कि शपथ ग्रहण समरोह बिना संतों-महंतों कि पूरे ही नहीं होते। मेरी दृढ मान्यता है कि देश के साधु, संत, महंत और योगी जिस दिन सत्ता की गुलामी करना छोड़ देंगे उस दिन से सत्ता जनता को धर्म की अफीम चटाना बंद कर देगी, लेकिन दुर्भाग्य ये हो नहीं रहा। हो नहीं सकता। सत्ता होने नहीं दे रही संतों को गुलामी से मुक्त। इसका आगाज, योगी आदित्यनाथ से ही हो सकता है, किन्तु वे भी अब सत्ता से ऐसे चिपके हैं जैसे कोई फेविकोल का जोड़ हो। आदित्यनाथ रो सकते हैं, अपमानित हो सकते हैं लेकिन सत्ता का त्याग नहीं कर सकते। क्योंकि उन्होंने 9 साल में देख लिया हैकि जगत मिथ्या है और सत्ता ही परम सत्य है। सत्ता का त्याग करना आसान काम नहीं है। सत्ता से या तो राजनीतिक दलों का हाईकमान लतियाता है या फिर जनता। उत्तर प्रदेश में जनता पिछले आम चुनाव में अपने रुख का संकेत दे चुकी है। खुद योगीजी के उत्तर प्रदेश में भाजपा औंधे मुंह गिरी है। लेकिन योगी जी जहाँ थे, वहीं हैं।
योगी जी के दावे को सुनकर हंसी आती है कि संत, मेहनत या योगी सत्ता के गुलाम नहीं होते। योगी जी कहते हैं कि- सिद्धांत विहीन राजनीति मौत का फंदा है। योगी कहते हैं कि जब किसी को सिद्धि या कुछ भी प्राप्त होता है, तो वह उसके मद में किसी को कुछ नहीं समझता है। लेकिन योगी सभी को एकजुट कर आगे बढ़ता है। बात सही भी है। योगी जी उत्तरप्रदेश में पार्टी हाईकमान कि कहने पर केर-बेर कि संग मिलकर सरकार चला रहे हैं। योगी जी जैसी दक्षता उमा भारती में नहीं थी। 65 साल की उमा भारती पांच बार सांसद रहने के बाद मुख्यमंत्री की कुर्सी पर मात्र 9 माह रह पायीं थी। उन्होंने सार्वजनिक रूप से अपनी पार्टी कि हाईकमान को लतियाया था, लेकिन योगी आदित्यनाथ आज तक उमा भारती जैसा साहस नहीं जुटा पाए, फलस्वरूप उनकी कुगति हो रही है। वे पूरे संत-महंत और योगी समाज का अपमान करा रहे हैं। वे अपने पूर्वज कुम्भनदास का अपमान करा रहे हैं। योगी जी से सींकरी छूटती ही नहीं। बहरहाल ये कलिकाल है। कलिकाल में भी, मोदीकाल है। इस काल में संत, महंत, योगी सबके सब सत्ता कि गुलाम हैं, जो नहीं हैं वे भी होना चाहते हैं। जो नहीं हो पा रहे हैं वे सत्ता को, मोदी को कोसते रहते हैं। जो नहीं कोस रहे वे उममीद पाले हुए हैं कि आज नहीं तो कल उन्हें भी सत्ता का सुख मिल सकता है। उम्मीद बड़ी चीज होती है। भक्ति से भी बड़ी। जो सत्ता का गुलाम नहीं है, वो योगी नहीं है। वो संत नहीं है, वो महंत नहीं है। सत्ता सभी को अपना गुलाम बनाना चाहती है। संत, महंत, योगी, भोगी, मीडिया, कार्यपालिका, न्यायपालिका सब सत्ता कि निशाने पर हमेशा से रहे हैं और आज भी है।

# पार्टी ने की कंगना की बोलती बंद!

**अनिल चतुर्वेदी**

फि ल्मी अंदाज को राजनीति की जमीन पर इस्तेमाल करने की कोशिश में बड़बोली कंगना रनौत आखिर मात खा गई। पार्टी के निर्देशक यानी कि अध्यक्ष ने उन्हें चुप रहने की हिदायत तो ही साथ ही दुबारा ऐसी बयानबाजी न करने कीचेतावनी भी दे दी। अब कंगना भले पढ़ी लिखी हों पर चुनावी माहौल में बेतुके बयानों ने आखिर पार्टी की टेंशन बढ़ा दीं। एक तो वैसे ही हरियाणा में भाजपा की हालत अच्छी नहीं बताई जा रही है ऊपर से कंगना के किसानों को लेकर दिए गएबयानों ने पार्टी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। ह्यपंजाब में जो किसान आंदोलन हुआ वहाँ लाशें लटक रहीं थीं और रेप हो रहे थेह्ल जैसा बयान पंजाब क्या देश के किसी भी व्यक्ति की नाराजगी बढ़ा सकता है सो विरोधियों ने हल्ला शुरू कर दिया। मरता क्या न करता बाली बात, भाजपा ने तुरंत अपनी सांसद के इस बेतुके बयान से किनारा किया और कंगना कोफटकारा भी। अब टेंशन तो कंगना को भी रही ही होगी सो दौड़ी-दौड़ी पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के दरबार में जा पहुँची परपर लंबे समय तक इंतजार के बाद जब पार्टी नेता की फटकार लगी और नीतिगत मामलों पर शटअप रहने को कहा गयातो कंगना को एहसास हुआ होगा कि उनके दिए गए बयान किसी फि ल्म के लिए नहीं थे बल्कि ऐसे बयानों से पार्टी कीछवि तो खराब होती ही है साथ ही चुनावी दौर में पार्टी को नुकसान भी होता है। भला कोई यह कहे कि आखिर कंगना नेऐसे बयान क्यों दिए होंगे तो लोग तो इसे पिछले दिनों एअरपोर्ट पर कंगना और एक सुरक्षा कर्मी के बीच हुई तकरार सेजोड़कर देख रहे हैं। वरना तो इस तरह के बयान देने लायक कंगना दिखती भी नहीं हैं। हाँ यह जरूर कि ह्यद क्वीन ऑफझांसीह्ल फि ल्म में रानी लक्ष्मीबाई की भूमिका निभाने के बाद से कंगना का जोश भले बढ़ा रहा है पर बिना होश के ही वेबयान दे बैठती हैं। आगे-आगे होता है क्या यह तो बाद की बात पर फिलाहल तो उन्होंने अकाली नेता सिमरन जीत सिंहमान की टिप्पणी के बाद यह तो कह ही डाला कि मुझे धमकियाँ मिल रही हैं। मेरी आवाज नहीं दवा सकते। पार्टी को चुनाव जीतने के लाले पड़े हैं और नेता जो हैं कि मुख्यमंत्री बनने का सपना देखने में लगे हैं। जी अपन बात कर रहेहैं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की। मैडम अमेठी से इस बार लोकसभा हार गई, सारी हेकड़ी निकल गई पर न तो छपाई रोगकम हुआ और न ही सत्ता की ललक। शहर में मैडम को लेकर चर्चा है कि वे अगले साल होने वाले दिल्ली विधानसभा सभाके चुनाव लड़ने के लिए लॉविंग कर रही हैं। चुनाव जीतने पर वे दिल्ली का मुख्यमंत्री बनने की मंशा पाले बताई जा रही हैं। उन्हें लग रहा है कि दिल्ली में पार्टी के पास इस कद का नेता नहीं जैसी कि वे रहीं हैं। यह अलग बात है कि उन्हें पूर्व केंद्रीयमंत्री डा हर्षवर्धन के अलावा कोई दूसरे नेता नजर नहीं आ रहे हों। भले हर्षवर्धन राजनीति से संन्यास की बात कर चुके होंपर राजनीति से कोई यूँ भी मोह भंग नहीं कर पाता है तो हर्षवर्धन ही कैसे अपवाद हो सकते हैं। पिछले दिनों जब उनसे यहसवाल किया गया कि क्या वे दिल्ली में विधानसभा लड़ने की तैयारी में हैं या फिर क्या वे दिल्ली का मुख्यमंत्री बनने कीमंशा रखती हैं तो सीधे तौर पर चुप्पी साध गई अलबत्ता यह जरूर कहा कि वे वही करेंगी जो पार्टी कहेगी।

# मानवता के लिए एक बड़ा खतरा बनकर उभर रहे हैं परमाणु ऊर्जा संयंत्र

**डॉ. अरुण मित्रा**

युद्धों का मतलब सैन्य औद्योगिक परिसरों के लिए बहुत बड़ा मुनाफा है। कहा जाता है कि वर्तमान सैन्य गतिविधि के कारण पर्यावरण को होने वाला नुकसान कुल पर्यावरणीय गिरावट का लगभग 5.4प्रतिशत है। परमाणु हथियारों की मौजूदगी ही एक बड़ा खतरा है। अगर इन हथियारों का इस्तेमाल नहीं भी किया जाता है, तो भी इनके रखरखाव में शामिल लागत का प्रभाव स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य सामाजिक जरूरतों पर किये जाने वाले निवेश पर पड़ता है। पहले जापोरिज्जिया और अब कुर्स्क में परमाणु ऊर्जा संयंत्र खतरे में हैं, जो अत्यधिक चिंता का विषय हैं। संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (एआईईए) के प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने 27 अगस्त को रूस के कुर्स्क परमाणु संयंत्र के दौरे के दौरान चेतावनी दी कि स्थिति बहुत गंभीर है क्योंकि यह संयंत्र युद्ध क्षेत्र से मुश्किल से 50 किलोमीटर दूर स्थित है।

आईएईए ने परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के लिए खतरे के बारे में कई चेतावनियां जारी की हैं, खासकर रूसी सेना द्वारा दक्षिणी यूक्रेन में जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र पर कब्जा करने के बाद। आईएईए प्रमुख ने चेतावनी दी कि परमाणु ऊर्जा संयंत्रों पर कभी भी हमला नहीं किया जाना चाहिए। यह एक अत्यंत गंभीर चेतावनी है जो आईएईए प्रमुख के मुंह से निकली है। थ्री माइल आइलैंड, चेरनोबिल और फुकुशिमा परमाणु ऊर्जा संयंत्र आपदाओं की भयानक यादें हमें उन क्षेत्रों में और उसके आसपास के क्षेत्रों में जीवन और बुनियादी ढांचे के भारी नुकसान की याद दिलाती हैं, साथ में विकिरणों के दीर्घकालिक परिणाम की भी। इसलिए वैश्विक समुदाय न केवल चिंतित है बल्कि भयभीत भी है कि अगर यूक्रेन में युद्ध बढ़ता है, तो परमाणु दुर्घटना के खतरे से इंकार नहीं किया जा सकता है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी संप्रभुता या क्षेत्र को खतरा हुआ तो उनका देश परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने से पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने यह बयान 5 जून 2024 को दिया जब वे रूस द्वारा 2022 में यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू करने के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसियों के वरिष्ठ संपादकों से व्यक्तिगत रूप से मिले। रूस-यूक्रेन क्षेत्र के अलावा, गाजा में महिलाओं और बच्चों पर चल रहा इजरायली आक्रमण दिल दहला देने वाला है। गाजा के नागरिकों को मवेशियों के झुंड की तरह इधर-उधर धकेला जा रहा है। इजरायली सुरक्षा बलों ने उन्हें सुरक्षित स्थानों पर जाने या मौत का सामना करने के लिए कहा है। लेकिन तथाकथित सुरक्षित स्थानों पर भी हमले किये जाते हैं और बच्चों और महिलाओं को बिना किसी दोष के मार दिया जाता है। 7 अक्टूबर से, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्वास्थ्य सुविधाओं पर कुल 890 हमले दर्ज किये हैं, जिनमें से 443 गाजा में और 447 पश्चिमी तट पर हुए हैं।
अस्पतालों को आम तौर पर युद्ध के समय सुरक्षित स्थान माना जाता है क्योंकि युद्धरत पक्षों से जिनेवा कन्वेंशन के अनुसार स्वास्थ्य सुविधाओं पर हमला नहीं करने की अपेक्षा की जाती है, जिसमें कहा गया है कि ह्यघायलों और बीमारों, अशक्तऔर प्रसूति मामलों की देखभाल करने के लिए संगठित नागरिक अस्पताल किसी भी परिस्थिति में हमले का लक्ष्य नहीं हो सकते हैं, और संघर्ष में शामिल पक्षों द्वारा हर समय उनका सम्मान और संरक्षण किया जाना चाहिए। ह्य इसलिए कई बार नागरिक सुरक्षा के लिए अस्पतालों में जाने की कोशिश करते हैं। गाजा में गंभीर भीषण संकट है क्योंकि गाजावासियों तक मानवीय सहायता पहुंचने में कई बाधाएं हैं। डब्ल्यू एच ओ और यूनिसेफ ने बीमारियों में वृद्धि के बारे में चेतावनी दी है। निवासियों में पोलियो वायरस का पता चलने से चिकित्सा बिरादरी हिल गयी है। 40, 000 से ज्यादा लोगों की मौत 1948 के नकबा की पुनरावृत्ति है, जब दर्जनों नरसंहारों में फिलिस्तीनी अरबों को निशाना बनाया गया था और 500 से ज्यादा अरब-बहुल शहर, गांव और शहरी इलाके उजड़ गये थे, जिनमें से कई या तो पूरी तरह से नष्ट हो गये या यहूदियों ने उन्हें फिर से आबाद कर दिया और उन्हें नए हिब्रू नाम दिये।
हर गुजरते दिन के साथ युद्ध का क्षेत्र लेबनान की ओर बढ़ रहा है। यह एक गंभीर खतरा है क्योंकि ईरान और इजराइल के बीच तनाव बढ़ रहा है। इजराइल पहले से ही एक परमाणु हथियार रखने वाला देश है और ईरान के पास परमाणु शक्ति है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की कैबिनेट के एक अति-दक्षिणपंथी सदस्य अमीचाई एलियाहू ने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल से इंकार नहीं किया है। उनके बयान को पूरी तरह से नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यहां यह ध्यान देने वाली बात है कि इजराइल ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) और अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) के फैसलों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया है। कोई आश्चर्य नहीं कि इजराइल को ऐसे मामलों में अमेरिका का समर्थन प्राप्त है।
यह सर्वविदित है कि युद्ध के समय मानव कल्याण के मुद्दे पीछे छूट जाते हैं। कई अफ्रीकी देशों में भूख, अभाव और बीमारियां आंतरिक कलह का कारण बन गयी हैं। इनमें बुर्किना फासो, कैमरून, मध्य अफ्रीकी गणराज्य (सीएआई), कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, इथियोपिया, माली, मोजाम्बिक, नाइजीरिया, नाइजर, सेनेगल, सोमालिया, दक्षिण सूडान और सूडान शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र के मंचों पर इन देशों में स्थिति को आसान बनाने के बारे में बहुत कम चर्चा होती है।
युद्धों का मतलब सैन्य औद्योगिक परिसरों के लिए बहुत बड़ा मुनाफा है। कहा जाता है कि वर्तमान सैन्य गतिविधि के कारण पर्यावरण को होने वाला नुकसान कुल पर्यावरणीय गिरावट का लगभग 5.4प्रतिशत है। परमाणु हथियारों की मौजूदगी ही एक बड़ा खतरा है। अगर इन हथियारों का इस्तेमाल नहीं भी किया जाता है, तो भी इनके रखरखाव में शामिल लागत का प्रभाव स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य सामाजिक जरूरतों पर किये जाने वाले निवेश पर पड़ता है। परमाणु हथियारों को खत्म करने के लिए अंतरराष्ट्रीय अभियान (आईसीएएन) ने इन हथियारों के उत्पादन और रखरखाव पर बर्बाद किये गये धन की उपयोगिता की तुलना करते हुए आंकड़े पेश किए हैं। आईसीएएन ने कहा कि दुनिया भर में स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियां लोगों की जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ हैं, जबकि परमाणु हथियार संपन्न देशों ने 2023 में अपने परमाणु शास्त्रागार को आद्यतन करने पर 91.4अरब अमेरिकी डॉलर बर्बाद कर दिये। इसकी रिपोर्ट बताती है कि यह राशि संयुक्त राज्य अमेरिका में 718, 930 नर्सों के वार्षिक वेतन को कवर करने के लिए बेहतर तरीके से खर्च की जा सकती थी जबकि खसरा, कण्ठमाला और रूबेला के खिलाफ 5, 34, 35, 40, 72, 239 बच्चों का टीकाकरण; कोविड के खिलाफ 2, 28, 30, 27, 774 लोगों का टीकाकरण; एक साल के लिए अकाल से 58, 70, 64, 285 लोगों को बचाना; 6, 08, 80, 74, 06, 304 पेड़ लगाना; या 1, 39, 81, 01, 964 लोगों को एक साल का स्वच्छ जल प्रदान करना संभव था।



## इंदिरा गांधी के बाद मायावती की भूमिका निभाएंगी कंगना?

बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रणौत इन दिनों अपनी आगामी फिल्म इमरजेंसी के प्रमोशन में बिजी चल रही हैं। इस फिल्म में कंगना को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाते हुए देखा जाएगा। 6 सिंतबर को रिलीज होने वाली इस फिल्म को देखने के लिए दर्शक बेहद उत्सुक हैं। कंगना इससे पहले भी राजनीतिक नेताओं की भूमिका निभा चुकी हैं। अभिनेत्री ने थलाइवी में जे जयललिता की भूमिका निभाई थी। वहीं अब अभिनेत्री ने एक और राजनीतिक नेता की भूमिका निभाने की इच्छा व्यक्त की है।
कंगना रणौत ने हाल ही में एक बातचीत में उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की नेतामायावती की भूमिका निभाने की इच्छा जाहिर की है। बातचीत के दौरान उनसे सवाल किया गया कि वह अगली बार किस राजनीतिक नेता का किरदार निभाना चाहती हैं। इसके लिए उन्हें दो विकल्पों में ममता बनर्जी या मायावती का नाम दिया गया। इसके जवाब में उन्होंने कहा, कलाकार के लिए कुछ मुश्किल नहीं है लेकिन मुझे लगता है मायावती जी जो है। एक नेता के तौर पर मैं उनका किरदार निभाना पसंद करूंगी। इस दौरान कंगना ने इंदिरा गांधी और जयललिता की भूमिका निभाने पर कहा, मुझे लगता है कि इन महिलाओं ने मुझे पर्दे पर उनकी भूमिका निभाने के लिए चुना, चाहे वह जयललिता हों, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई हों या फिर इंदिरा गांधी हों। ऐसे कई लोग हैं जो यह भूमिका निभाना चाहते थे, लेकिन ऐसा लगता है कि दिवंगत राजनीतिक नेता चाहते थे कि मैं यह भूमिका निभाऊं।
अभिनेत्री ने आगे कहा, जयललिता ने चाहा कि कंगना करें। मुझे लगता है कि इंदिरा गांधी भी यही चाहती थीं कि मैं उनका रोल प्ले करूं। मुझे कभी इच्छा नहीं थी कि मैं इंदिरा गांधी बनूं। ऐसा लगा कि मुझे ये किरदार निभाने के लिए मजबूर किया गया हो। कंगना रणौत ने न सिर्फ इमरजेंसी में इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई, बल्कि उन्होंने इस फिल्म का निर्देशन भी किया है। फिल्म में कंगना के अलावा श्रेयस तलपड़े, अनुपम खेर, विशाक नायर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन और सतीश कौशिक भी हैं। ये फिल्म 6 सिंतबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## भारत की सबसे बड़ी रिएलिटी टीवी स्टार बनना चाहती हैं उर्फी जावेद

ये रिश्ता क्या कहलाता है और कसौटी जिंदगी की जैसे धारावाहिक में अपने अभिनय का दम दिखा चुकीं उर्फी जावेद आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उर्फी जहां जाती हैं, वहीं सुर्खियां बन जाती हैं। उर्फी इन दिनों अपनी हालिया रिलीज सीरीज फॉलो कर लो यार को लेकर चर्चा में चल रही हैं। अब हाल ही में, उर्फी ने कहा कि बॉलीवुड अब मेरा सपना नहीं है और वह भारत की सबसे बड़ा रिएलिटी टीवी स्टार बनना चाहती हैं। उर्फी ने साक्षात्कार में कहा, बॉलीवुड अब सपना नहीं रहा। मैं भारत में सबसे बड़ी रिएलिटी टीवी स्टार बनना चाहती हूं और एक उद्यमी बनना चाहती हूं। आज हमारे पास तलाशने के लिए कई अलग-अलग करियर ऑप्शंस हैं, जिनके बारे में हमें जानकारी नहीं थी और हमने कभी नहीं सोचा था कि इनमें भी जाया जा सकता है।
अपनी जर्नी पर बात करते हुए उर्फी ने कहा, मैंने जीरो से शुरुआत की, मैं यहां किसी को नहीं जानती थी। मुझे नहीं पता था कि काम कैसे करना है या कैसे काम पाना है। मेरा सपना यहां कुछ बड़ा करने का था। जब मैं यहां आई, तो मैंने गूगल पर टीवी और फिल्मों के कई प्रोडक्शन हाउस के नंबर ढूंढे। मैंने एक ही दिन में सभी को फोन करके काम मांगा। कुछ ने जवाब दिया और कुछ ने नहीं दिया। उर्फी ने अपने अनोखे और बोल्ड फैशन सेंस के कारण सोशल मीडिया पर खूब लोकप्रियता हासिल की है। शुरुआत में तमाम आलोचनाओं को झेलने के बाद अब इंटरनेट पर हर कोई उर्फी के टैलेंट की प्रशंसा करता है। यही नहीं, अपनी हालिया सीरीज फॉलो कर लो यार की रिलीज के बाद उर्फी के स्टारडम में भी अब चार-चांद लग गए हैं। यही नहीं, उर्फी कई बार अपने विवादित बयानों को लेकर भी मुश्किलों में फंस जाती हैं। हालांकि, अभिनेत्री अपने बयानों को लेकर हमेशा मुखर रहती हैं। बता दें कि उर्फी ने बड़े भैया की दुल्हनिया, ये रिश्ता क्या कहलाता है, कसौटी जिंदगी की जैसे टीवी शो के साथ भारतीय मनोरंजन उद्योग में कदम रखा और इस साल की शुरुआत में, उन्होंने दिबाकर बनर्जी की एलएसडी 2 में खुद की एक कैमियो भूमिका निभाई थी।



## मुझे कभी किसी चीज से डर नहीं लगता

जैकलीन फर्नांडीज बॉलीवुड के मशहूर नामों में से एक हैं। वह ठग सुकेश चंद्रशेखर के साथ अपने कथित संबंधों को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। इन सबके बीच अभिनेत्री ने हाल ही में बताया कि उन्हें भगवान पर भरोसा है और वह खूब ध्यान करती हैं। इसलिए, उन्हें अपने आस-पास कुछ भी होने का डर नहीं है। अभिनेत्री के इस बयान को लोग ठग सुकेश चंद्रशेखर के साथ जोड़कर भी देख रहे हैं। हाल ही में हार्पर बाजार के साथ एक साक्षात्कार में जैकलीन फर्नांडीज से उनकी आलोचनाओं से संभालने के तरीके के बारे में पूछा गया। अपने जवाब में अभिनेत्री ने कहा, पॉजिटिविटी और नेगेटिविटी हमेशा बने रहेंगे। अभिनेत्री ने बताया कि उन्होंने इस बात को स्वीकार कर लिया है कि प्यार सब की किस्मत में नहीं होता है और यह वह भ्रम है, जो शायद ही किसी के पास हो सकता है। अभिनेत्री की इस सोच में उन्हें स्वतंत्र और शांत बनाए रखा है। इसके अलावा अभिनेत्री ने बताया कि उन्हें हमेशा भगवान पर गहरी आस्था रही है। जैकलीन ने कहा, यह मेरे जीवन में एक मजबूत शक्ति है। और इस वजह से, मुझे कभी किसी चीज से डर नहीं लगता। मैं अक्सर ध्यान करती हूं। अब मैं सही और गलत लोगों के बीच अंतर करने में सक्षम हूं और मैं अपने परिवार और अच्छे लोगों को अपने करीब रखती हूं।




## 'बिन्नी एंड फैमिली' से होगा अंजिनी धवन का बॉलीवुड डेब्यू, वरुण धवन ने दी बधाई

बॉलीवुड में एक और स्टार किड की एंट्री होने जा रही हैं। वरुण धवन की भतीजी अंजिनी धवन जल्द ही फिल्म बिन्नी एंड फैमिली में नजर आएंगी। उनके बॉलीवुड डेब्यू पर वरुण धवन ने बधाई दी है। बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन ने अपनी भतीजी को बधाई देते हुए इंस्टाग्राम पर अंजिनी के साथ बिन्नी एंड फैमिली के ट्रेलर लॉन्च की कुछ फोटो को शेयर किया है। वरुण धवन ने फोटो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, फिल्मों में आपका स्वागत है अंजिनी धवन। अंजिनी की पहली फिल्म बिन्नी एंड फैमिली लंदन में रहने वाली युवती बिन्नी और भारत के बिहार राज्य में रहने वाले उनके रूढ़िवादी दादा-दादी की कहानी पर आधारित है। इस फिल्म में उनकी लाइफ स्टाइल को दिखाया गया है। अंजिनी के अलावा फिल्म में राजेश कुमार, चारु शंकर, पंकज कपूर और हिमानी शिवपुरी भी नजर आएंगी। वरुण ने ट्रेलर लॉन्च के मौके पर अपने परिवार के बारे में बात की थी। उन्होंने बताया कि कैसे उन्हें अपनी मां से शक्ति मिलती है। वरुण से पूछा गया कि क्या पिता बनने के बाद उनकी सोच बदल गई है? इस पर उन्होंने कहा, थोड़ा अजीब लगता है कि मम्मी पापा ने अभी-अभी डांटा है और फिर हम पत्नी के कमरे में बच्ची को डांटते हैं। यही नहीं, पत्नी से उन्हें डांट पड़ती है। उस वक्त आप सोचते हैं कि घर में आपकी पोजिशन क्या है। इसका मतलब है कि जब आप इन दोनों स्थितियों के बीच में होते हैं तो हम इस शब्द को वयस्क कहते हैं। मैं बहुत भाग्यशाली हूं। उन्होंने आगे कहा, मेरा एक बड़ा भाई है जो बहुत लोड भी लेता है। जो चीज बच्चे के लिए बेहद डरावनी या मुश्किल हो जाती है वह है माता-पिता का स्वास्थ्य। जब हम छोटे होते हैं तो मां-बाप चिंता करते हैं, लेकिन यही बात मेरे भाई सिद्धार्थ और बहन शिल्पा के लिए भी लागू होती है, जो यहां हैं। मुझे अपनी सारी ताकत अपनी मां से मिलती है और मुझे यकीन है कि उन्हें भी अपनी मां से ही मिलती होगी। वरुण धवन के आगामी प्रोजेक्ट में एक्शन थ्रिलर फिल्म बेबी जॉन शामिल हैं। इसे डायरेक्ट कलीज़ ने किया है और एटली इस फिल्म के प्रोड्यूसर हैं। वरुण के अलावा इसमें कीर्ति सुरेश, जैकी श्रॉफ और वामिका गब्बी भी हैं। यह फिल्म एटली की 2016 में आई तमिल फिल्म थेरी का रीमेक है।




## टाइपकास्ट होने की फिक्र नहीं, मिलते हैं अवसर

अभिनेत्री सारा खान को लगता है कि अब अभिनेताओं को केवल उनके पर्दे पर निभाए किरदारों के आधार पर आंका नहीं जाता है। सोशल मीडिया ने पूर्वाग्रह बदला है। टीवी एक्टर मानती हैं कि उन्हें टाइपकास्ट होने की भी चिंता नहीं है। सारा, इन दिनों छठी मैया की बिटिया में दिख रही हैं। अपने नए किरदार को लेकर उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि लोग अब अभिनेताओं को केवल उनकी स्क्रीन पर निभाई भूमिकाओं के आधार पर आंकते हैं। सोशल मीडिया अब इतना प्रचलित है कि लोग अभिनेताओं के बारे में उनकी प्रोफाइल के माध्यम से जान सकते हैं और देख सकते हैं कि वे वास्तव में अपने पात्रों से परे कैसे दिखते हैं? इसलिए, मैं टाइपकास्ट होने को लेकर फिक्रमंद नहीं हूं क्योंकि इससे लोगों को हमें बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलती है और करियर में नए अवसर भी मिलते हैं।
अभिनेत्री ने कहा कि यह कई साल पहले की बात है, जब अभिनेता टाइपकास्ट होने की चिंता करते थे। उन्होंने कहा, लेकिन अब यह चिंता का विषय नहीं है। सोशल मीडिया दर्शकों और निर्माताओं को अभिनेताओं की भूमिकाओं से परे उनकी प्रतिभा को देखने का मौका देता है।

## कल्कि के सीक्वल में काम करने की अफवाह पर नानी ने दिया जवाब

दक्षिण भारतीय अभिनेता नानी की नई फिल्म सारिपोधा सानिवारम रिलीज हो गई है। इन दिनों वो इसके प्रचार में व्यस्त हैं। नानी को लेकर अफवाह उड़ रही है कि वो कल्कि 2898 एडी में भी नजर आ सकते हैं। एक हालिया साक्षात्कार में नानी इन अफवाहों का जवाब दिया है। नानी ने साफ-साफ शब्दों में कहा कि फिलहाल कल्कि 2898 एडी में कोई रोल करने को लेकर बातचीत नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि वो प्रभास के साथ किसी फिल्म में जरूर काम करना चाहते हैं। इंडिया टुडे से हुई नानी की बातचीत में उनसे यह भी पूछा गया था कि क्या वो कल्कि 2898 एडी के दूसरे भाग में भगवान कृष्ण के रोल में नजर आ सकते हैं। इस पर नानी ने कहा कि कतई नहीं। कल्कि 2898 एडी के सीक्वल में रोल करने की अफवाह पर बात करते हुए नानी ने कहा कि ये शायद इसलिए उड़ी होगी,क्योंकि उनके कल्कि की टीम से बढ़िया संबंध है। नानी ने कहा कि उन्होंने काफी समय से किसी फिल्म में कैमियो नहीं किया है और कल्कि में कैमियो करने के बारे में कुछ सोचा भी नहीं है। हालांकि, उन्होंने ये भी कहा कि आप कुछ नहीं जानते, कब क्या हो जाए। सारिपोधा सानिवारम की बात करें तो यह एक एक्शन ड्रामा फिल्म है। इसका निर्देशन विवेक अथरेया ने किया है। इसमें नानी, प्रियंका मोहन, एसजे सूर्या, सुभलेका सुधाकर, अदिति बालन और साई कुमार ने काम किया है। फिल्म का निर्माण डीवीवी एंटरटेनमेंट द्वारा किया गया है।





## रहना है तेरे दिल में का बनेगा सीक्वल? आर.माधवन बोले ओरिजिनल से अच्छा करना पड़ेगा

दीया मिर्जा और आर माधवन की फिल्म रहना है तेरे दिल में फिर से सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। रिलीज होते ही फिल्म को दर्शकों की अच्छी खासी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। कल 30 अगस्त को फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज की गई, जो अभी 5 सितंबर तक लगी रहेगी। आर.माधवन के एक्स हैंडल पर भी प्रशंसकों ने फिल्म को देखने के बाद अपने रिव्यूज से भर दिया है और अभिनेता और दिया मिर्जा के केमिस्ट्री की भी खूब तारीफ की है। अब हाल ही में, आर.माधवन ने फिल्म के सीक्वल को लेकर चुप्पी तोड़ी है। आइए जानते हैं कि अभिनेता ने क्या कहा है।

### फिल्म की सीक्वल पर बोले आर. माधवन


हाल ही में, आर.माधवन ने अपनी रहना है तेरे दिल में की अपनी को-स्टार दीया मिर्जा के साथ एक लाइव सेशन का आयोजन किया। इस लाइव सेशन में फैंस ने आर. माधवन और दिया मिर्जा से कई सवाल किए। इसी क्रम में एक फैन ने पूछा कि क्या रहना है तेरे दिल में का पार्ट 2 भी आएगा। इस पर आर.माधवन ने कहा, पार्ट 2 के लिए हमें ओरिजिनल से अच्छा करना पड़ेगा, नहीं तो गालियां पड़ेंगी। आगे उन्होंने दीया का तारीफ करके हुए कहा कि आप अभी भी पहली जैसी दिखती हैं, जबकि मैं काफी बदल गया हूं।

### बच्चों को पसंद आ रही है फिल्म

इस लाइव सेशन के दौरान आर.माधवन ने कहा कि उन्होंने कभी भी नहीं सोचा था कि जब वह फिल्म के डायलॉग्स बोलेंगे तो यह आगे चलकर आइकॉनिक डायलॉग बन जाएंगे। अभिनेता ने यह भी बताया कि उनकी री-रिलीज फिल्म रहना है तेरे दिल में को 14 से 15 साल की उम्र के बच्चे ज्यादा देख रहे हैं और खुद को फिल्म से कनेक्ट कर पा रहे हैं। इस पर दीया मिर्जा ने कहा कि हो सकता है कि वे प्यार की तलाश में हो और इस फिल्म में उन्हें वही प्यार देखने को मिलता हो।
रहना है तेरे दिल में साल 2001 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म से दीया मिर्जा और आर. माधवन ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था। अपने लोकप्रिय म्यूजिकल नंबरों की वजह से यह फिल्म काफी लोकप्रिय हुई थी।

## नागिन के नए सीजन में काम नहीं कर रही हैं प्रियंका चाहर

टीवी अभिनेत्री प्रियंका चाहर चौधरी को लेकर काफी वक्त से कहा जा रहा था कि वो टीवी शो नागिन के अगले सीजन में नजर आएंगी। कहा जा रहा था कि प्रियंका चाहर नागिन के नए सीजन के लिए पहली पसंद हैं। अब इस मामले पर खुद प्रियंका की ओर से जवाब आ गया है प्रियंका चाहर ने कहा कि उन्हें खुद भी नहीं पता कि उनके नाम की चर्चा क्यों हो रही है। उन्होंने कहा कि वो इस शो में काम नहीं कर रही हैं और उन्हें इसका ऑफर भी नहीं मिला है। प्रियंका चाहर बिग बॉस में भी काम कर चुकी हैं और हाल ही में उन्हें सीरीज दस जून की रात में देखा गया था।






## यामाहा ने भोपाल में 'द कॉल ऑफ ब्लू' वीकेंड का आयोजन किया

**मुंबई, एजेंसी।** इंडिया यामाहा मोटर प्रा. लि. (आईवायएम) ने अपने शानदार ब्रैंड कैम्पेन के तहत आज भोपाल में ''द कॉल ऑफ द ब्लू'' (सीओटीबी) वीकेंड एक्टिविटी की मेजबानी है। भोपाल के पटेल नगर का आकांक्षा गार्डन रोमांच से भर गया, जब यामाहा के 650 से ज्यादा फैंस इकट्ठे होकर इस बेहतरीन आयोजन का हिस्सा बने। इस आयोजन ने यामाहा के फैंस और राइडर्स को यादगार अनुभव दिया, जिसमें ब्रैंड की अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी, परफॉर्मेंस और सेफ्टी फीचर्स वाले प्रीमियम टू-व्हीलर्स थे। इसके साथ ही, जिमखाना राइड और वूडन प्लांक चैलेंज जैसी गतिविधियों में लोगों ने अपना कौशल दिखाया और उसे बेहतर बनाने के लिये एक्सपर्ट टिप्स भी लिये। संवाद से भरपूर इस प्लेटफॉर्म ने उन लोगों के बीच दोस्ती और कम्युनिटी जैसी भावना जगा दी। वह यामाहा और मोटरसाइकलिंग के जुनून से एकजुट हो गये। अपनी पसंदीदा यामाहा बाइक्स को देखने के साथ-साथ उन्होंने कई तरह के अनुभव लिये, जैसे कि ब्रैंड की खास एसेसरीज और एपरेल को एक्स्प्लोर किया। उन्होंने बाइकर्स कैफे के माहौल का मजा भी लिया। एक और अनोखा फीचर था 'गेमिंग ज़ोन', जहाँ आगंतुकों ने रोमांचक मोटोजीपी रेस को वर्चुअल तरीके से खेला। ऐसे में इवेंट ज्यादा रोमांचक और दिलचस्प हो गया। कंपनी पूरे साल भारत में कई जगहों पर इस तरह के आयोजन जारी रखेगी। यह आयोजन ग्राहकों की जीवनशैली के हिस्से के तौर पर राइडिंग कल्चर को बढ़ावा देने के लिये ब्रैंड की प्रतिबद्धता पर जागरूकता फैलाएंगे। सप्ताहांत की गतिविधि ''द कॉल ऑफ द ब्लू'' के साथ यामाहा का लक्ष्य भारत में ज्यादा से ज्यादा लोगों के साथ जुड़ना और अपनी रोमांचक उत्पाद श्रृंखला का प्रचार करना है।

## शेयर बांटने की रिकॉर्ड डेट का ऐलान, 5 साल में 1000 प्रतिशत से ज्यादा उछला शेयर का भाव



**नईदिल्ली, एजेंसी।** फूड एंड बेवरेज दिग्गज पेप्सिको लिमिटेड के सबसे बड़े बॉटलिंग पार्टनर्स में से एक वरुण बेवरेजेज ने एक बड़ा ऐलान किया है। कंपनी ने अपने शेयरों के बंटवारे (स्टॉक स्प्लिट) की रिकॉर्ड डेट अनाउंस की है। वरुण बेवरेजेज ने 30 जुलाई को अपने तिमाही नतीजों के साथ शेयरों के बंटवारे की घोषणा की थी। वरुण बेवरेजेज के शेयर सोमवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 2 पर्सेंट से ज्यादा की तेजी के साथ 1533.95 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों में पिछले 5 साल में 1000 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है। वरुण बेवरेजेज ने अपने स्टॉक स्प्लिट के लिए 12 सितंबर 2024 की रिकॉर्ड डेट फिक्स की है। वरुण बेवरेजेज ने पहले घोषणा की थी कि वह अपने 5 रुपये फेस वैल्यू वाले शेयर को 2 रुपये फेस वैल्यू वाले शेयरों में बांटेगी। पिछले साल कंपनी ने 10 रुपये फेस वैल्यू वाले अपने शेयर को 5 रुपये फेस वैल्यू वाले शेयरों में बांटने का फैसला किया था।

# भारत के विनिर्माण क्षेत्र में नए कारोबार और उत्पादन में मामूली वृद्धिः पीएमआई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर अगस्त में कम हो गई, क्योंकि उत्पादन और बिक्री की वृद्धि जनवरी के बाद से सबसे कम रही। प्रतिस्पर्धी दबाव और मुद्रास्फीति की चिंताओं ने कारोबारी विश्वास को भी प्रभावित किया। यह जानकारी सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में सामने आई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक अगस्त में 57.5 पर रहा, जो जुलाई में 58.1 था। पीएमआई 50 से ऊपर होने का मतलब है कि उत्पादन गतिविधियों में विस्तार हो रहा है, जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है।

एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा- अगस्त में भारतीय विनिर्माण क्षेत्र में



विस्तार जारी रहा, लेकिन विस्तार की गति थोड़ी धीमी हो गई। नए ठेकों और उत्पादन में वृद्धि का मुख्य रुझान देखने को मिला, लेकिन कुछ कारोबारियों ने मंदी के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा को एक मुख्य वजह बताया।

सर्वेक्षण के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में नए कारोबार में तेजी आई, लेकिन विस्तार की गति सात महीने के निचले स्तर पर आ गई। इसी तरह नए निर्यात ऑर्डर भी 2024 के कैलेंडर वर्ष की शुरुआत के बाद से सबसे कम गति से बढ़े। कीमतों के मोर्चे पर अगस्त में वस्तु उत्पादकों को लागत दबाव में कमी का लाभ मिला। हालांकि, कारोबारी आत्मविश्वास में कमी आई है, जो अप्रैल 2023 के बाद से सबसे कम स्तर पर है। भंडारी ने कहा- प्रतिस्पर्धी दबावों और मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं के कारण अगस्त में वर्ष के लिए कारोबारी दृष्टिकोण में थोड़ी नरमी आई है। इस बीच शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की आर्थिक वृद्धि अप्रैल-जून 2024-25 में घटकर 6.7 प्रतिशत रह गई, जो 15 महीने में सबसे कम है। इसका मुख्य कारण कृषि और सेवा क्षेत्र का खराब प्रदर्शन था। अप्रैल-जून तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद 8.2 प्रतिशत बढ़ा। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल द्वारा करीब 400 कंपनियों के क्रय प्रबंधकों से पूछे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया गया है।

## लिस्ट होने के कुछ दिन बाद तक मालामाल करने वाला शेयर अब कर रहा कंगाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के शेयरों की उड़ान थम गई है। शेयर बाजार में लिस्ट होते ही इसने अपने निवेशकों को खूब मालामाल किया, लेकिन अब कंगाल कर रहा है। बता दें 76 रुपये पर लिस्ट होने के चंद दिनों बाद ही यह शेयर उड़ान भरने लगा और 157.40 रुपये के रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया। इसके बाद से अब यह ढलान पर है और लगातार 20-20 पर्सेंट का अपर सर्किट मारने वाला यह शेयर अब 114 रुपये के आस-पास संघर्ष कर रहा है। 5 दिन पहले जिस किसी ने इस स्टॉक में पैसे लगाए होंगे, उन्हें यह 11 पर्सेंट से अधिक नुकसान पहुंचा चुका है। लेकिन, जिसने 157.40 पर खरीदा होगा, उसकी तो लुटिया ही डूब गई। हालांकि, लिस्टिंग के दिन शेयर खरीदने वालों को अभी भी यह शेयर करीब 26 पर्सेंट का रिटर्न दे रहा है। दोपहर 12 बजे के करीब ओला इलेक्ट्रिक करीब ढाई पर्सेंट नीचे 114.96 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। बता दें लिस्टिंग के बाद ओला इलेक्ट्रिक के शेयर जिस रफ्तार से भाग रहे थे, अब उसी रफ्तार से नीचे गिर रहे हैं। ओला के शेयरों पर कुछ दिन पहले ग्लोबल ब्रोक्रेज फर्म एचएसबीसी सिक्योरिटीज ने कवरेज शुरू की थी और उसका कहना है कि ओला निवेश के लायक है। एचएसबीसी सिक्योरिटीज एंड कैपिटल मार्केट्स (इंडिया) ने 140 प्रति शेयर के लक्ष्य मूल्य के साथ ओला इलेक्ट्रिक पर कवरेज शुरू किया था। एचएसबीसी का मानना है कि ओला इलेक्ट्रिक की बाजार में उतरने की रणनीति और लोकेलाइजेशन के प्रयास भारत में विद्युतीकरण की प्रवृत्ति में रुचि रखने वाले निवेशकों को आकर्षित कर सकते हैं।

## फिलिप्स ने भारत में भरत शेष को नियुक्त किया नया प्रबंध निदेशक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** फिलिप्स ने भारत में अपने प्रबंधन के लिए भरत शेष को नया प्रबंध निदेशक (एमडी) नियुक्त किया है। शेष ने एक सितंबर 2024 से अपना कार्यभार संभाल लिया है। अब वह फिलिप्स के स्वास्थ्य सेवा व्यवसाय का प्रबंधन करेंगे और भारत में कंपनी के ऑपरेशंस की जिम्मेदारी संभालेंगे। इसमें बेंगलुरु स्थित फिलिप्स इनोवेशन कैंपस, पुणे स्थित हेल्थकेयर इनोवेशन सेंटर और चेन्नई स्थित ग्लोबल बिजनेस सर्विसेज शामिल हैं।

भरत शेष ने डेनियल माजोन की जगह ली है। माजोन फिलिप्स भारतीय उपमहाद्वीप के वाइस चेयरमैन और प्रबंध निदेशक थे और उन्होंने एक अप्रैल 2024 तक इस पद पर काम किया। इसके बाद उन्होंने नीदरलैंड में स्थित फिलिप्स के मुख्यालय में एक वैश्विक भूमिका ग्रहण की है।


नीदरलैंड में मुख्यालय वाली फिलिप्स डायग्नोस्टिक इमेजिंग, अल्ट्रासाउंड, इमेज-गाइडेड थेरेपी, मॉनिटरिंग और एंटरप्राइज इन्फॉर्मेटिक्स के साथ-साथ व्यक्तिगत स्वास्थ्य में भी अग्रणी है।

# स्वास्थ्य बीमाः बढ़ते प्रीमियम के दौर में ईएमआई पर खरीदें पॉलिसी

### आसान किस्तों में प्रीमियम के भुगतान का विकल्प

**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्वास्थ्य बीमा वित्तीय योजना बनाने के लिहाज से बहुत जरूरी है। यह अप्रत्याशित व गंभीर मेडिकल खर्चों से सुरक्षा देता है। हालांकि, स्वास्थ्य बीमा की बढ़ती लागत जरूरतमंद परिवारों के लिए चिंता का विषय बन गई है। ऐसे परिवारों की चिंता को दूर करने के लिए कई बीमा कंपनियां अब आसान ईएमआई पर प्रीमियम चुकाने का विकल्प दे रही हैं।

स्वास्थ्य बीमा में ईएमआई उन लोगों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है, जिन्हें पूरा प्रीमियम एडवांस में एक साथ चुकाने में कठिनाई हो सकती है। यह सुविधा पॉलिसीधारकों को एकमुश्त राशि चुकाने के बजाय छोटे-छोटे हिस्सों में भुगतान का विकल्प देती है। इससे व्यक्तियों और परिवारों के लिए स्वास्थ्य बीमा कवरेज का खर्च उठाना आसान हो जाता है।



स्वास्थ्य बीमा के प्रीमियम में पिछले एक साल में 50 फीसदी तक की वृद्धि देखी गई है। लोकल सर्किल्स के एक सर्वे के मुताबिक, 21 फीसदी लोगों का मानना है कि उनका स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम एक साल में 50 फीसदी बढ़ गया है। 31 फीसदी लोगों ने कहा, वे एक साल पहले की तुलना में 25-50 फीसदी अधिक प्रीमियम भर रहे हैं।

### ईएमआई विकल्प चुनने के लाभ

छोटी किस्तों में प्रीमियम के भुगतान से पॉलिसीधारकों पर वित्तीय बोझ कम हो जाता है। यह उनके लिए फायदेमंद है, जिनकी खर्चयोग्य आय सीमित है।

एमआई के जरिये पॉलिसीधारक उच्च कवरेज योजनाओं का विकल्प चुन सकते हैं। यह अस्पताल में भर्ती होने, सर्जरी व चिकित्सा खर्चों से बेहतर सुरक्षा देता है। बढ़ती उम्र के साथ एकमुश्त प्रीमियम चुकाना मुश्किल हो सकता है। इससे पॉलिसी रिन्यू कराने में देरी या चूक हो सकती है। ईएमआई का विकल्प इस जोखिम से बचाता है। सीमित आय या तंग बजट वाला व्यक्ति या परिवार एकमुश्त बड़ी रकम के भुगतान की जगह ईएमआई का विकल्प चुनकर स्वास्थ्य कवरेज जारी रख सकता है।

### पहली बार पॉलिसी खरीदने वाले

पहली बार स्वास्थ्य बीमा खरीदने वाले लोग बड़े एडवांस भुगतान के बिना व्यापक कवरेज पा सकते हैं। ऐसे अनियमित आय वाले लोगों के लिए ईएमआई की सुविधा स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम के प्रबंधन में मददगार साबित हो सकती है। यह सुविधा बेहतर वित्तीय प्रबंधन के साथ कवरेज बनाए रखने की अनुमति देती है।

# जीटीआरआई रिपोर्ट में दावा-चीन से छाते, खिलौने जैसे आयात से छोटे कारोबारियों को घाटा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चीन से छाते, खिलौने, कुछ कपड़े और संगीत वाद्ययंत्र जैसे सामानों के बढ़ते आयात से देश के छोटे और मझोले कारोबारियों को भारी नुकसान हो रहा है। इनमें से कई उत्पाद घरेलू बाजारों में भी बनते हैं। जीटीआरआई रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी से जून 2024 के दौरान भारत ने केवल 8.5 अरब डॉलर का माल निर्यात किया। आयात 50.4 अरब डॉलर रहा। यानी 41.9 अरब डॉलर का व्यापार घाटा हुआ है।

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने रविवार को जारी रिपोर्ट में कहा, कम निर्यात और ज्यादा आयात चीन को भारत का सबसे बड़ा व्यापार घाटे वाला भागीदार बनाता है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, भारत के औद्योगिक सामानों के आयात में चीन की हिस्सेदारी 29.8 फीसदी है। भारत को चीन से महत्वपूर्ण



औद्योगिक उत्पादों के आयात पर निर्भरता कम करने के लिए गहन विनिर्माण में निवेश करना चाहिए।

उन्होंने कहा, सस्ते चीनी सामान के कारण छोटे एवं मझोले उद्योग (एमएसएमई) के लिए प्रतिस्पर्धा करना कठिन हो गया है। इनको अस्तित्व के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। इस वजह से कुछ एमएसएमई को परिचालन बंद करना पड़ा या कम करना पड़ा। कम लागत वाले चीनी उत्पादों तक आसान पहुंच के कारण उन्हें आगे बढ़ना मुश्किल हो गया। ये चुनौतियाँ भारत में रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को प्रभावित करती हैं। चीन भारत की 95.8 फीसदी छतरियां और धूप छाते (3.1 करोड़ डॉलर) और 91.9 फीसदी कृत्रिम फूल की आपूर्ति करता है। इसके अतिरिक्त, कांच के बर्तन (52.1 करोड़ डॉलर, 59.7 फीसदी), हैंडबैग सहित चमड़े के सामान (12 करोड़ डॉलर, 54.3 फीसदी ), और खिलौने (12 करोड़ डॉलर, 52.5 फीसदी) आपूर्ति कर रहा है। इससे घरेलू निर्माता गंभीर रूप से प्रभावित हो रहे हैं। इसके अलावा, भारतीय एमएसएमई फर्नीचर, बिस्तर और लैंप जैसे उद्योगों में भी चीन से प्रतिस्पर्धा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। अमेरिका, नीदरलैंड सहित 151 देशों में इस साल की पहली छमाही यानी जनवरी से जून के बीच भारत का कारोबार बढ़ गया है।

## गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने गुरुग्राम में दो बड़े प्लॉट खरीदे

### कंपनी का प्लान यहां लग्जरी हाउसिंग प्रोजेक्ट शुरू करने का है

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश की कई कंपनियां अब जमीन में अपना भविष्य देख रही हैं। इसी को देखते हुए गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड (जीपीएल) ने दिल्ली से सटे शहर में दो बड़े प्लॉट खरीदे हैं। इनकी कीमत 500 करोड़ रुपये से ज्यादा है। कंपनी का प्लान इन प्लॉट पर लग्जरी हाउसिंग प्रोजेक्ट लॉन्च करने का है। ऐसा होने पर कंपनी ऊंची कीमत पर इन लग्जरी आवासीय अपार्टमेंट को बेचेगी। कंपनी ने ये दो प्लॉट ई-नीलामी के माध्यम से ग्रुरुग्राम में खरीदे हैं। इस नीलामी का आयोजन हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) की ओर से किया गया था। दिल्ली-एनसीआर में प्राइम लोकेशन पर लग्जरी घरों की डिमांड तेजी से बढ़ रही है। वहीं गुरुग्राम में यह डिमांड कुछ ज्यादा ही है। यहां छ्रस्न्न ग्रुप पहले ही कई लग्जरी फ्लैट ऊंची कीमत पर बेचकर सुर्खियों में आ चुका है। शायद इसी को ध्यान में रखते हुए गोदरेज कंपनी ने ग्रुरुग्राम में इन प्लॉट को खरीदा है। एक प्लॉट का आकार 3.6 एकड़ और दूसरे का 2 एकड़ है। इन्हें कुल 515 करोड़ रुपये में खरीदा गया है। ऐसा नहीं है कि जीपीएल ने पहली बार प्लॉट खरीदे हैं। कंपनी एनसीआर में पहले भी कई प्लॉट खरीद चुकी है।

# बच्चे के जन्म के साथ खर्चों का बनाएं बजट, कमाई व अन्य वित्तीय जिम्मेदारियों का आकलन करें

**नईदिल्ली, एजेंसी।** माता-पिता बनना सबसे रोमांचकारी है। हालांकि, कुछ लोगों में यह उतनी खुशियां वाला पल नहीं होता है। उदाहरण के तौर पर, कुछ महीने बाद हमारा किरायेदार अमित पिता बनने वाला था, जिसके चेहरे पर इसकी खुशी नहीं थी। जब अमित व उनकी पत्नी अंजलि ने यह खबर दी, तो हम उनके लिए खुश थे। अमित पहले तो बात करने से झिझक रहे थे, लेकिन जब उसकी और मेरी पत्नी कुछ बातचीत के लिए दूसरे कमरे में गईं तो उन्होंने खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि वह नए खर्चों को लेकर तनाव में हैं। इससे वे दो बेडरूम की जगह एक बेडरूम वाला घर देख रहे हैं। मैं नई वित्तीय जिम्मेदारियों को लेकर उनकी चिंताओं को समझ सकता था।

मैंने उनसे एक चाचा के रूप में कहा, उनकी चिंताएं बिल्कुल सही थीं। उन्हें इस पर स्पष्ट रूप से



सोचने की जरूरत है। भारतीय परिवार अक्सर अपने जीवन में दो घटनाओं को लेकर अतिशयोक्ति करते हैं। इनमें बच्चों का जन्म और विवाह। घर खरीदने के बाद यही दोनों सबसे बड़े खर्च होते हैं। जब बच्चे के जन्म की बात आती है, तो खर्च इसलिए अधिक होता है, क्योंकि कोई उसके लिए योजना नहीं बनाता है। आजकल गर्भधारण की पुष्टि करने वाले पहले टेस्ट से ही बच्चे का जन्म महंगा हो गया है। डॉक्टर के पास नियमित जाना, स्वस्थ प्रसव के लिए बेहतर आहार व मूड में बदलाव चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं। दोहरी आय वाले परिवारों के लिए अनिश्चित काल के लिए एक आय कम होने की आशंका वित्तीय चिंताओं को बढ़ा सकती है।

नए माता-पिता बनने वाले नए लोगों को खर्च ज्यादा नहीं बढ़ाना चाहिए। जरूरी खर्चों पर ही ध्यान देना चाहिए। यह व्यक्तिगत पसंद है कि पत्नी गर्भावस्था के बाद भी काम करती रहे। अपने जीवन को सिर्फ माता-पिता बनने तक ही सीमित न रखें। यदि आप आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, तो माता-पिता, भाई-बहनों और करीबी दोस्तों से सहायता लें। उदाहरण के लिए, आप अपने माता-पिता से प्रसव और अस्पताल के खर्चे देने को कह सकते हैं। भाई-बहन से नामकरण समारोह के लिए पैसे ले सकते हैं। दोस्तों से बच्चे के जन्म का कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कह सकते हैं। इस तरह वे यह भी समझ पाएंगे कि वे किस लिए योगदान दे रहे हैं और यह नहीं सोचेंगे कि सारा पैसा कहां जा रहा है। बच्चे के स्कूल शुरू होने से पहले अगले कुछ वर्षों में होने वाले सभी खर्चों के लिए अभी से शुरुआत करें। यदि यह समझ में आता है, तो प्रारंभिक चरण में भावनात्मक और वित्तीय सहायता के लिए अपने माता-पिता को साथ चलने के लिए कहें। यदि यह विकल्प नहीं है, तो एक विकल्प के रूप में पूर्णकालिक नौकरानी पर विचार करें। अब, बड़े खर्चों पर ध्यान दें। पत्नी के साथ बैठें। वित्तीय स्थिति को जांचें। योजना बनाएं कि आप जीवन में क्या जोड़ना चाहते हैं।

परिवार से बच्चे को मिलने वाले उपहारों का उपयोग कॉलेज की शिक्षा के लिए निवेश में करना बेहतर होता है। उनके स्कूल जाने से पहले ही कॉलेज के लिए बचत करने के लिए एक फंड शुरू करने से यह सुनिश्चित होगा कि आप योजना के प्रति प्रतिबद्ध हैं। मैंने अमित को फ्लैट में रहना जारी रखने के लिए कहा और उनके नवजात शिशु को उपहार के रूप में वर्ष के लिए किराया वृद्धि माफ कर दी। डे-केयर और कुछ साल बाद स्कूल में प्रवेश जैसे खर्चों के लिए बचत शुरू करें। बचत और निवेश योजना आपको इस लक्ष्य के लिए फंड बनाने में मदद कर सकती है।

## 600 प्रतिशत चढ़ गया यह छोटकू शेयर, विजय केडिया ने खरीदे हैं इसके 12000000 शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्मॉलकैप कंपनी पटेल इंजीनियरिंग के शेयरों में जबरदस्त तेजी आई है। कंपनी के शेयर सोमवार को 5 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 60.71 रुपये पर पहुंच गए हैं। पटेल इंजीनियरिंग के शेयरों में पिछले साढ़े 4 साल में 600 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है। कंपनी के शेयर इस अवधि में 8 रुपये से बढ़कर 60 रुपये के पार पहुंच गए हैं। पटेल इंजीनियरिंग ने पिछले दिनों रेल विकास निगम लिमिटेड के साथ एक समझौता किया है। इस स्न्ध के तहत दोनों कंपनियां डोमेस्टिक और इंटरनेशनल मार्केट्स में हाइड्रो, इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स के लिए मिलकर बोली लगाएंगी। दिग्गज इनवेस्टर विजय केडिया का पटेल इंजीनियरिंग पर बड़ा दांव है।

**600 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ गए हैं पटेल इंजीनियरिंग के शेयर :** स्मॉलकैप कंपनी पटेल इंजीनियरिंग के शेयर पिछले साढ़े 4 साल में 600 पर्सेंट से अधिक उछल गए हैं। कंपनी के शेयर 27 मार्च 2020 को 8.51 रुपये पर थे। पटेल इंजीनियरिंग के शेयर 2 सितंबर 2024 को 60.71 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले 3 साल में कंपनी के शेयरों में 320 पर्सेंट के करीब उछाल आया है। इस अवधि में कंपनी के शेयर 14.33 रुपये से बढ़कर 60 रुपये के पार जा पहुंचे हैं। पिछले 2 साल में कंपनी के शेयरों में 150 पर्सेंट की तेजी देखने को मिली है। पटेल इंजीनियरिंग के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 79 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 41.99 रुपये है। दिग्गज निवेशक विजय केडिया ने पटेल इंजीनियरिंग पर बड़ा दांव लगाया हुआ है। विजय केडिया ने अपनी फर्म केडिया सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड के जरिए पटेल इंजीनियरिंग में इनवेस्टमेंट किया है। विजय केडिया के पास पटेल इंजीनियरिंग के 12000000 शेयर या कंपनी में 1.42 पर्सेंट हिस्सेदारी है। अगर म्यूचुअल फंड्स की बात करें तो छ्रूरू फाइनेंशियल म्यूचुअल फंड (छ्रूरू फ्लेक्सिकैप फंड) के पास कंपनी के 8825516 शेयर हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पैरालंपिक 2024

## योगेश कथुनिया ने डिस्कस थ्रो एफ-56 स्पर्धा में लगातार दूसरी बार जीता सिल्वर मेडल




**पेरिस (एजेंसी)।** भारत के योगेश कथुनिया ने सोमवार को यहां चल रहे खेलों में पुरुषों की डिस्कस थ्रो एफ-56 स्पर्धा में सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपना लगातार दूसरा पैरालंपिक रजत पदक जीता।

29 वर्षीय ने अपने पहले ही प्रयास में 42.22 मीटर तक डिस्कस फेंका, जो उन्होंने तीन साल पहले टोक्यो पैरालिंपिक में जीते रजत में शामिल है। ब्राजील के क्लॉडनी बतिस्ता डॉस सैंटोस ने अपने पांचवें प्रयास में 46.86 मीटर के प्रयास के साथ नया खेलों का रिकॉर्ड बनाते हुए पैरालंपिक स्वर्ण पदकों की हैट्रिक दर्ज की। ग्रीस के कोंस्टेंटिनोस त्ज़ोनिस ने 41.32 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता।

एफ-56 दिव्यांग एथलीटों के लिए एक सीटिंग फील्ड इवेंट वर्ग है। इस वर्गीकरण में अंग विच्छेदन और रीढ़ की हड्डी की चोट वाले लोग भाग लेते हैं।

## श्रीलंका पर जीत के साथ इंग्लैंड को डब्ल्यूटीसी अकों में फायदा, लेकिन अभी भी अपने स्थान पर बरकरार



**लंदन (एजेंसी)।** जो रूट के दोहरे शतक और गस एटकिंसन के ऑल-राउंड प्रदर्शन की मदद से इंग्लैंड ने लॉर्ड्स में श्रीलंका पर 190 रनों की जीत दर्ज की। इस जीत के साथ उनके खाते में 81 डब्ल्यूटीसी अंक हो गए हैं और उनका डब्ल्यूटीसी अंक प्रतिशत 45 हो गया है। वे भारत, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बाद चौथे स्थान पर बने हुए हैं। दूसरी ओर श्रीलंका की हार ने उनके अंक प्रतिशत को 40 से गिराकर 33.33त्र तक ला दिया है और एशियाई टीम अब दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के बाद सातवें स्थान पर है।

एटकिंसन के शानदार प्रदर्शन ने चौथे दिन ही इंग्लैंड की जीत सुनिश्चित कर दी। उन्होंने बल्ले से 118 और 14 रन बनाए, और गेंद से 2/40 और 5/62 रन बनाए। इससे वे फरवरी 2024 में रवींद्र जडेजा के बाद एक ही टेस्ट में पांच विकेट लेने और शतक बनाने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए। एटकिंसन टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल करने वाले इंग्लैंड के तीसरे पुरुष खिलाड़ी हैं। इयान बॉथम (जिन्होंने इसे पांच मौकों पर किया था) और टोनी ग्रेग (एक बार) अन्य दो हैं।

आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि एटकिंसन 1984 के बाद से ऐसा करने वाले इंग्लैंड के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। यह मौजूदा सत्र में घर पर इंग्लैंड की लगातार पांचवीं जीत थी, 2004 के बाद से एक ही सीजन में पहली बार जब माइकल वॉन की टीम न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज पर क्रमशः 3-0 और 4-0 से श्रृंखला जीत के साथ अपराजित रही थी। यह भी पहली बार था जब श्रीलंका ने 1991 के बाद से लॉर्ड्स में टेस्ट गंवाया था, जिससे इस स्थल पर लगातार पांच ड्रॉ मैचों का सिलसिला समाप्त हो गया। 31 अगस्त को जो रूट ने दूसरी पारी में अपना 34वां टेस्ट शतक जड़ा था।

# साइना नेहवाल इस गंभीर बीमारी से पीड़ित, संन्यास लेने पर कर रही विचार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की दिग्गज शटलर और पूर्व ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल ने खुलासा किया है कि वह गठिया की समस्या से जूझ रही हैं और इस साल के अंत तक उन्हें बैडमिंटन में अपने भविष्य के बारे में फैसला करना होगा, क्योंकि इस बीमारी के कारण उनके लिए सामान्य घंटों तक प्रशिक्षण लेना असंभव हो गया है। 34 वर्षीय पूर्व विश्व नंबर 1 खिलाड़ी, जो लंदन 2012 में कांस्य पदक के साथ ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय शटलर थीं, ने चोटों से परेशान होने से पहले खेलों के तीन संस्करणों में भाग लिया था।

2010 और 2018 राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ने कहा कि वह अब इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकतीं कि उनका करियर अपने अंतिम चरण में है। नेहवाल ने हाल ही में पेरिस ओलंपिक में भारत के शेफ-डी-मिशन रहे निशानेबाज़ गगन नारंग द्वारा होस्ट किए गए 'हाउस ऑफ ग्लोरी' पॉडकास्ट पर कहा, घुटना बहुत अच्छा नहीं है। मुझे गठिया है। मेरी कार्टिलेज बहुत खराब स्थिति में है। 8-9 घंटे तक जोर लगाना बहुत मुश्किल है। आप ऐसी स्थिति में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को कैसे चुनौती देंगे? मुझे लगता है कि मुझे कहीं न कहीं इसे स्वीकार करना ही होगा। क्योंकि दो घंटे की ट्रेनिंग उच्चतम स्तर के खिलाड़ियों के साथ खेलने और वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिए पर्याप्त नहीं है।

नेहवाल ने कहा कि वह अभी भी इस बात पर विचार कर रही हैं कि रिटायरमेंट का उन पर क्या प्रभाव पड़ेगा, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें अंततः निर्णय लेना ही होगा। अग्रणी स्टार, जो अब भाजपा की सदस्य भी हैं, को आखिरी बार एक साल से अधिक समय पहले सिंगापुर ओपन में एक्शन में देखा गया था, जहां वह शुरुआती दौर में हार गई थीं। उन्होंने कहा, %मैं इसके (संन्यास) बारे में भी सोच रही हूं। यह दुखद होगा क्योंकि यह एक सामान्य व्यक्ति द्वारा की जाने वाली नौकरी की तरह है। जाहिर है, एक खिलाड़ी का करियर हमेशा छोटा होता है। मैंने 9 साल की उम्र में शुरुआत की थी। अगले साल मैं 35 साल की हो जाऊंगी।




नेहवाल ने कहा, मेरा करियर भी लंबा रहा है और मुझे इस पर बहुत गर्व है। मैंने अपने शरीर को काफी हद तक तोड़ दिया है। मैंने जो किया है और जो कुछ भी दिया है, उससे मैं खुश हूं। (मैं) इस साल के अंत तक आकलन करूंगी कि मैं कैसा महसूस कर रही हूं।% पद्म श्री पुरस्कार विजेता ने कहा कि ओलंपिक में भाग लेना उनका बचपन का सपना था और लगातार दो संस्करणों में पदक से चूकना दुखद है। उन्होंने कहा, ओलंपिक में भाग लेना सभी के लिए बचपन का सपना होता है। आप उस स्तर तक पहुंचने के लिए सालों तक तैयारी करते हैं। इसलिए, कई बार जब आपको लगता है कि आप इसे हासिल नहीं कर पाएंगे तो यह बहुत दुख देता है। क्योंकि ऐसा नहीं है कि आप खेलना नहीं चाहते हैं, लेकिन आपका शरीर बता रहा है कि आप अच्छा नहीं कर रहे हैं और आपको चोटें लगी हैं।

नेहवाल ने कहा कि वह खेलों में अपने प्रदर्शन को गर्व के साथ याद करेंगी। उन्होंने कहा, लेकिन मैंने बहुत मेहनत की है। मैंने तीन ओलंपिक में हिस्सा लिया। मैंने उन सभी में अपना 100 प्रतिशत दिया। मैं इस पर गर्व कर सकती हूं और इससे खुश हूं। नेहवाल ने अपेक्षाओं के दबाव के बारे में भी बात की और कहा कि एक शीर्ष एथलीट के रूप में उन्होंने न केवल खेल के पर्यवेक्षकों से बल्कि प्रियजनों से भी इसका सामना किया है।

उन्होंने कहा, जब आप एक बड़े खिलाड़ी बन जाते हैं, तो आपके दोस्त, परिवार, कोच, प्रायोजक, हर कोई चाहता है कि आप अच्छा प्रदर्शन करें। इसमें बहुत सारे हितधारक शामिल होते हैं। उन्होंने कहा, पहले से ही छोटे करियर के साथ, एथलीट चार साल का ब्रेक नहीं ले सकते और उन्हें लगातार अच्छा प्रदर्शन करना पड़ता है। अगर आप एक अंतरराष्ट्रीय चैंपियन बनना चाहते हैं, तो आपको कठिन निर्णय लेने के लिए मजबूत होना होगा।

## सुमित नागल स्वीडन के खिलाफ डेविस कप मुकाबले से हटे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल पीठ की चोट के कारण स्वीडन के खिलाफ आगामी डेविस कप मुकाबले से सोमवार को हट गए। नागल हाल ही में अमेरिकी ओपन में अपने पहले दौर के एकल मुकाबले में टालोन ग्रिक्सपुर से हार गए थे। भारत और स्वीडन के बीच स्टॉकहोम में इनडोर हार्ड-कोर्ट प्रतियोगिता 14-15 सितंबर को खेली जाएगी।



नागल ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'मैं स्वीडन के खिलाफ आगामी डेविस कप मुकाबले में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए वास्तव में उत्सुक था। उन्होंने कहा, 'मुझे हालांकि पीठ में दर्द की समस्या पिछले कुछ सप्ताह से परेशान कर रही है। डॉक्टरों ने मुझे अगले दो सप्ताह तक आराम करने की सलाह दी है, जिससे मेरे पास तैयारी करने और स्वीडन में प्रतिस्पर्धा करने के लिए पर्याप्त समय नहीं है।

उन्होंने कहा, 'मैंने इसी समस्या के कारण अमेरिकी ओपन में युगल मुकाबलों से अपना नाम वापस ले लिया था। मैं डेविस कप मुकाबले से चूकने को लेकर बहुत निराश हूं, लेकिन पीठ की स्थिति को और खराब होने से बचाने के लिए मुझे अपने शरीर के मुताबिक काम करना होगा ताकि मैं सीजन को मजबूत और स्वस्थ तरीके से समाप्त कर सकूं। भारतीय टीम को शुभकामनाएं। मैं घर से आप सभी की हौसला अफजाई करुंगा।

नागल जुलाई में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 68 पर पहुंच गए थे लेकिन नवीनतम रैंकिंग में गिरकर 82 पर आ गए हैं। भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी का डेविस कप मुकाबले का हिस्सा नहीं होना टीम के लिए बड़ा झटका है। पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन आशुतोष सिंह को राष्ट्रीय टीम का नया कोच नियुक्त किया गया है।

# गस एटकिंसन ने लॉर्ड्स में तीसरी बार झटके पांच विकेट, शीर्ष खिलाड़ियों की सूची में हुए शामिल

**लंदन (एजेंसी)।** लॉर्ड्स में श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दौरान इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन उन इंग्लिश खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए जिन्होंने टेस्ट में पहले पांच मैचों में सबसे अधिक विकेट लिए हैं। एटकिंसन ने दूसरे टेस्ट में बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। पहली पारी में उन्होंने 102.61 की स्ट्राइक रेट से 115 गेंदों पर 118 रन बनाए। उन्होंने क्रीज पर अपने समय के दौरान 14 चौके और 4 छक्के लगाए। श्रीलंका की दूसरी पारी में एटकिंसन ने 3.90 की इकॉनमी रेट से पांच विकेट लिए और इंग्लैंड को मेहमान टीम पर 190 रनों से जीत दिलाने में मदद की।




26 वर्षीय तेज गेंदबाज पहले पांच टेस्ट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले चौथे इंग्लिश खिलाड़ी बन गए। वेस्टइंडीज के खिलाफ 2024 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद एटकिंसन ने पांच मैच खेले हैं और 4.07 की इकॉनमी रेट से 33 विकेट लिए हैं। पूर्व इंग्लिश क्रिकेटर निकोलस कुक ने अपने पहले पांच टेस्ट मैचों में 34 विकेट लेकर इस सूची में शीर्ष स्थान पर हैं। इंग्लैंड के अन्य पूर्व क्रिकेटर फ्रेड ट्रूमैन और थॉमस रिचर्डसन क्रमशः सूची में दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। ट्रूमैन और रिचर्डसन दोनों ने अपने पदार्पण के बाद अपने पहले पांच टेस्ट मैचों में 33 विकेट लिए थे।

इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच दूसरे टेस्ट मैच की बात करें तो मेहमान टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। इंग्लैंड ने पहली पारी में 427 रन बनाए जिसमें रूट (206 गेंदों में 18 चौकों की मदद से 143 रन) और गस एटकिंसन (115 गेंदों में 118 रन, 14 चौकों और चार छक्कों की मदद से) ने शतक जड़कर इंग्लैंड को विशाल स्कोर तक पहुंचाया।

श्रीलंका के लिए असिथा फर्नांडो (5/102) शीर्ष गेंदबाज रहीं। मिलन रथनायके और लाहिरू कुमारा ने दो-दो विकेट लिए। अपनी पहली पारी में कामिंडु मेंडिस के 120 गेंदों में आठ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 74 रनों की जुझारू पारी के बावजूद श्रीलंका सिर्फ 196 रन ही बना सका क्योंकि शीर्ष क्रम ने टीम को फिर से निराश किया। क्रिस वोक्स, ओली स्टोन्स, गस एटकिंसन और मैथ्यू पॉट्स को दो-दो विकेट मिले, जबकि शोएब बशीर को एक विकेट मिला। इंग्लैंड ने 231 रनों की बढ़त हासिल की।

श्रीलंका ने इंग्लैंड की दूसरी पारी में गेंद पर बेहतर नियंत्रण दिखाया और उन्हें 251 रनों पर समेट दिया। रूट के 121 गेंदों में 10 चौकों की मदद से 103 रनों के बाद दूसरा सबसे बड़ा योगदान हैरी ब्रूक (36 गेंदों में 37 रन, चार चौकों और एक छक्के की मदद से) ने दिया। असिथा फर्नांडो (3/52) और लाहिरू कुमारा (3/53) श्रीलंका के लिए सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे।

483 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने तीन अर्धशतकों के साथ संघर्ष किया जिसमें दिमुथ करुणारत्ने (129 गेंदों में 55 रन, सात चौके), दिनेश चांदीमल (62 गेंदों में 58 रन, 11 चौके) और कप्तान धनंजय डी सिल्वा (71 गेंदों में 50 रन, सात चौके) शामिल थे। लेकिन इसके बावजूद श्रीलंका 292 रनों पर ढेर हो गई और 190 रनों से हार गई। एटकिंसन (5/62) इंग्लैंड के लिए सबसे बेहतरीन गेंदबाज रहे जिन्होंने लॉर्ड्स में अपना तीसरा पांच विकेट लिया। ओली स्टोन और क्रिस वोक्स ने भी दो-दो विकेट लिए। एटकिंसन ने अपने हरफनमौला प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार हासिल किया।

# गत चैंपियन कोको गॉफ अमेरिकी ओपन से बाहर

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** गत चैंपियन कोको गॉफ का अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल में अपने खिताब का बचाव करने का अभियान चौथे दौर में ही थम गया। तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ ने 19 डबल फॉल्ट किए जिसका आखिर में उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा और वह एम्मा नवारो से 6-3, 4-6, 6-3 से हार गईं।



गॉफ का पिछली कुछ प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। वह पेरिस ओलंपिक के तीसरे दौर में हार गई थी जबकि अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में खेले गए टूर्नामेंट में भी वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। उन्होंने हालांकि इसे सकारात्मक रूप में लिया। गॉफ ने कहा, 'भले ही कुछ परिणाम अनुकूल नहीं रहे लेकिन मैंने इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन किया। कितने ही खिलाड़ी हैं जो चौथे दौर में पहुंचाना चाहते हैं और ओलंपिक का हिस्सा बनना चाहते हैं। कई खिलाड़ी हैं जो ध्वजवाहक बनना चाहते हैं। यह इस परिप्रेक्ष्य में है।

यह परिणाम शुक्रवार को मौजूदा पुरुष चैंपियन नोवाक जोकोविच की तीसरे दौर में हार के बाद आया है। इसका मतलब है कि अमेरिकी ओपन में अपने खिताब का बचाव करने में असफल रहने का पिछले कुछ वर्षों से चला आ रहा सिलसिला जारी रहेगा। महिला एकल में ऐसा करने वाली आखिरी खिलाड़ी सेरेना विलियम्स थी जिन्होंने 2012 से 2014 तक खिताब जीते थे। पुरुष वर्ग में ऐसा कारनामा रोजर फेडरर ने 2004 से 2008 तक किया था।

जोकोविच को हराने वाले 28 वरीयता प्राप्त एलेक्सी पोपिरिन का सफर भी लंबा नहीं चल पाया और वह फ्रांसिस टियाफो से 6-4, 7-6 (3), 2-6, 6-3 से हारकर बाहर हो गए। टियाफो का अगला मुकाबला ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा जिन्होंने एंड्री रुबलेव को 6-3, 7-6 (3), 1-6, 3-6, 6-3 से हराया। टेलर फ्रिट्ज भी आगे बढ़ने में सफल रहे। उन्होंने तीन बार के ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट कैस्पर रूड को 3-6, 6-4, 6-3, 6-2 से हराया। फ्रिट्ज के क्वार्टरफाइनल में प्रतिद्वंद्वी अलेक्जेंडर ज्वेरेव होंगे, जिन्होंने ब्रैंडन नकाशिमा को 3-6, 6-1, 6-2, 6-2 से पराजित किया। महिला वर्ग में नवारो का अगला मुकाबला पाउला बडोसा से होगा, जिन्होंने वांग याफान के खिलाफ 6-1, 6-2 से जीत दर्ज की। दूसरी वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने एलिस मर्टेंस को 6-2, 6-4 से हराया।

## प्रीति पाल ने रचा इतिहास, पैरा ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली महिला पैरा एथलीट बनी

**पेरिस (एजेंसी)।** भारतीय धाविका प्रीति पाल ने पेरिस पैरालंपिक खेलों में महिलाओं की 200 मीटर टी20 दौड़ में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ कांस्य पदक जीता है। रविवार रात हुये मुकाबले में प्रीति पाल ने महिलाओं की 200 मीटर टी35 दौड़ में अपने सर्वश्रेष्ठ 30.01 सेकंड के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।




इस जीत के साथ वह पैरालंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली ट्रैक और फील्ड भारतीय महिला पैरा एथलीट बन गई हैं। प्रीति पाल एक से ज्यादा पैरालंपिक मेडल जीतने वाली सिर्फ सातवीं भारतीय बनी हैं। इससे पहले शुक्रवार को उन्होंने पैरालंपिक ट्रैक स्पर्धा में भारत का पहला एथलेटिक्स पदक जीता था। उन्होंने महिलाओं की टी35 100 मीटर प्रतियोगिता में 14.21 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ कांस्य पदक जीता था।

## गौतम गंभीर की परफेक्ट प्लेइंग 11 से रोहित और बुमराह बाहर

### धोनी-कोहली सहित इन प्लेयर्स को मिली जगह

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय कोच गौतम गंभीर ने ऑल टाइम भारतीय इलेवन का चयन किया है जिसमें सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और वीरेंद्र सहवाग सहित भारतीय क्रिकेट के कुछ महान खिलाड़ी शामिल हैं। हैरानी की बात यह है कि गंभीर ने अपनी इलेवन में विराट कोहली और एमएस धोनी को भी शामिल किया है, ये दो खिलाड़ी हैं जिनके बारे में उन्हें अक्सर चिंता रहती है, लेकिन रोहित शर्मा और जसप्रीत बुमराह को टीम से बाहर रखा है। एक यूट्यूब चैनल पर पोस्ट किए गए वीडियो में गंभीर ने खुद को और वीरेंद्र सहवाग को ऑल-टाइम इंडिया इलेवन में सलामी बल्लेबाज के रूप में सूचीबद्ध किया। इस बीच राहुल द्रविड़ और सचिन तेंदुलकर को क्रमशः नंबर 3 और 4 पर जगह मिली। विराट कोहली को नंबर 5 पर टीम में शामिल किया गया है जबकि युवराज सिंह, जो ऑलराउंडर की भूमिका निभाते हैं, को नंबर 6 पर जगह मिली है। इसके अलावा एमएस धोनी नंबर 7 पर विकेटकीपर की भूमिका दी गई है। अनिल कुंबले और रविचंद्रन अश्विन क्रमशः नंबर 8 और 9 पर टीम में दो स्पिनर हैं। दिलचस्प बात यह है कि जसप्रीत बुमराह को गंभीर की ऑल-टाइम इलेवन में शामिल नहीं किया गया है जबकि इरफान पठान और जहीर खान दो तेज गेंदबाज हैं। बल्लेबाजी में योगदान देने की पठान की क्षमता ने बुमराह और अन्य तेज गेंदबाजों से आगे उनके चयन में भूमिका निभाई है जो गंभीर द्वारा अब तक भारतीय टीम को प्रबंधित करने के तरीके के अनुरूप है।

# सचिन तेंदुलकर ने प्रीति पाल और निषाद कुमार को पैरालंपिक्स में पदक जीतने पर दी बधाई

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने पेरिस पैरालिंपिक खेलों में पदक जीतने पर प्रीति पाल और निषाद कुमार को बधाई दी। प्रीति पाल ने रविवार को 200 मीटर टी-35 रेस में कांस्य पदक जीता। इस पदक के साथ प्रीति ने इतिहास रच दिया और वह पैरालिंपिक या ओलंपिक में ट्रैक एंड फील्ड स्पर्धाओं में 2 पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट बन गईं। निषाद कुमार ने सोमवार सुबह पुरुषों की ऊंची कूद - टी47 फाइनल में रजत पदक जीता। निषाद तीन साल पहले टोक्यो में भी दूसरे स्थान पर रहे थे, ने 2.04 मीटर की छलांग के साथ अपने सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिससे उन्हें रजत पदक मिला।

अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर तेंदुलकर ने कहा कि प्रीति और निषाद दोनों नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं और मार्की इवेंट में अपने प्रदर्शन से लोगों के दिलों में जगह बना रहे हैं। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, ऊंची कूद में रजत पदक जीतने के लिए निषाद कुमार को बधाई! प्रीति पाल आपने 200 मीटर स्प्रिंट में एक और कांस्य पदक जीतकर इस पैरालिंपिक में दो पदक जीत लिए हैं। साथ में आप दोनों नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं और हमारे दिलों में जगह बना रहे हैं। बहुत बढ़िया।




भारत ने मौजूदा पेरिस पैरालिंपिक में एक स्वर्ण पदक, दो रजत और चार कांस्य पदक के साथ कुल सात पदक हासिल किए हैं। रुबीना ने शनिवार को पी2-महिला 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच-1 फाइनल में तीसरा स्थान हासिल किया और कांस्य पदक जीता। उन्होंने फाइनल में कुल 211.1 अंक हासिल किए। ईरान के जावनमर्डी सरेह ने स्वर्ण (236.8 अंक) जीता और तुर्की के ओजगन आयसेल ने रजत पदक (231.1 अंक) जीता। शुक्रवार को मौजूदा पैरालंपिक चैंपियन अवनी लेखरा ने अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा और महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में स्वर्ण पदक जीता। इसी स्पर्धा में निशानेबाज मोना अग्रवाल ने कांस्य पदक जीता। पेरिस पैरालिंपिक में भारत का पहला रजत पदक भी निशानेबाजी में आया जिसमें मनीष नरवाल ने पुरुषों की पी1 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 प्रतियोगिता में रजत पदक जीता।

इस साल भारत ने पैरालंपिक खेलों में अपना अब तक का सबसे बड़ा दल भेजा है जिसमें 12 खेलों के 84 एथलीट शामिल हैं, जो देश के बढ़ते पैरा-स्पोर्ट्स इकोसिस्टम का प्रमाण है। पेरिस पैरालिंपिक खेलों में भारत की भागीदारी न केवल संख्या में बल्कि पदक की उम्मीदों में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाती है, क्योंकि देश का लक्ष्य टोक्यो में अपनी पिछली उपलब्धियों को पार करना है। टोक्यो 2020 भारत का सबसे सफल पैरालंपिक खेल था, जिसमें देश ने पांच स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य सहित 19 पदक जीते थे।

## संक्षिप्त समाचार

### हरियाणा विधानसभा चुनाव : सुनीता केजरीवाल ने लोगों को दी पांच गारंटी



**भिवानी, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। रविवार को हरियाणा के कई विधानसभा क्षेत्रों में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने हरियाणा के लोगों को मुफ़्त बिजली, शानदार सरकारी स्कूल बनाकर बच्चों को मुफ़्त शिक्षा, मोहल्ला क्लिनिक और अस्पताल, जहां मुफ़्त इलाज होगा, महिलाओं को 1000 रुपए महीना सम्मान राशि व युवाओं को रोजगार देने की गारंटी दी। उन्होंने बाढ़डा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित बदलाव जनसभा में कहा, हरियाणा के लाल अरविंद केजरीवाल शेर हैं। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगे न झुकेंगे न टूटेंगे। अरविंद दिल्ली के मुख्यमंत्री बने और उन्होंने देश की राजनीति को बदल दिया। उन्होंने जनता के लिए काम किया और इसलिए उन्हें जेल में डाल दिया गया। सुनीता ने कहा, भाजपा को विपक्षी पार्टियों को तोड़ना और नेताओं को जेल में डालना आता है, लेकिन हरियाणा के लाल अरविंद केजरीवाल टूटने वाले नहीं हैं। हरियाणा में भाजपा को 10 साल हो गए, लेकिन यहां बच्चों की शिक्षा में कोई सुधार नहीं हुआ। सरकारी अस्पताल और इलाज में कोई बदलाव नहीं आया। यहां कुछ नहीं होता। लेकिन, मैं आपसे वादा कर रही हूं दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है। इन दोनों राज्यों में सरकारी स्कूल और अस्पताल अच्छे बन गए। 24 घंटे बिजली आती है। मोहल्ला क्लिनिक में मुफ़्त इलाज और दवाएं मिलती हैं। महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा और बुजुर्गों के लिए तीर्थ यात्रा का इंतजाम है। अब दोनों ही राज्यों में महिलाओं को 1000 रुपए हर महीने मिलने वाले हैं। यह सब काम हरियाणा के लोगों के लिए आम आदमी पार्टी करेगी। इसलिए, इस विधानसभा चुनाव में आप के उम्मीदवारों को भारी मतों से जिताना है। बता दें कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा तीसरी बार सरकार बनाने का दावा कर रही है, वहीं, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का दावा है कि प्रदेश में अपने दम पर उनकी पार्टी सरकार बन रही है।

### सोशल मीडिया पर हर महीने 54 लाख खर्च करते हैं सिद्धारमैया, आरटीआई के जवाब में खुलासा

**बेंगलुरु, एजेंसी।** मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) कथिक घोटाला मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। यहां तक कि राज्य में मुख्यमंत्री बदले जाने के भी कयास लगाए जा रहे हैं। इसी बीच एक आरटीआई के जवाब में पता चला है कि सीएम सिद्धारमैया सोशल मीडिया अकाउंट हैंडल करने के लिए 54 लाख रुपये खर्च करते हैं। वह इतना खर्च व्यक्तिगत और आधिकारिक दोनों अकाउंट्स के लिए करते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक आरटीआई एक्टिविस्ट मारलिंगा गौड़ा माली पाटिल ने आरटीआई डालकर जवाब मांगा था। उन्हें जब पता चला कि विकास के कई कार्यों के लिए सरकार के पास फंड नहीं है तो इसका पता लगाने की कोशिश की। मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से बताया गया कि पूर्व मुख्यमंत्रियों की तुलना में सिद्धारमैया सोशल मीडिया पर बेहद कम खर्च करते हैं। इससे पहले के मुख्यमंत्री का यह खर्चा 2 करोड़ के करीब था। सरकारी एजेंसी कर्नाटक स्टेट मार्केटिंग कम्युनिकेशन ऐंड एडवर्टाइजिंग लिमिटेड (एमसीए) ने यह जानकारी दी है। पिछले साल 25 अक्टूबर से मार्च 2024 तक सीएमओ ने 3 करोड़ रुपये के आसपास खर्च किए हैं। आरटीआई में मिली जानकारी के मुताबिक सीएमओ ने हर मीहने करीब 53.9 लाख रुपये खर्च किए है। इसमें 18 फीसदी की जीएसटी भी शामिल है। यह पेमेंट पॉलिसी फ्रंट नाम की कंपनी को किया गया जो कि सिद्धारमैया के अकाउंट हैंडल करवाती है। इसमें करीब 35 लोगों की टीम है। एमयूडीए कथित घोटाला मामले में सीएम सिद्धारमैया के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी थी।

# यूपीएस को लेकर दुविधा में दक्षिणी राज्य, चुनाव से पहले केरल, तमिलनाडु में मंथन

**बेंगलुरू, एजेंसी।** तमिलनाडु और केरल में अगले दो साल में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में दक्षिणी राज्य केंद्र द्वारा 24 अगस्त को घोषित एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) पर मंथन कर रहे हैं। फिलहाल दक्षिण के चार राज्य में विपक्षी पार्टियों की सरकार है और वे पहले से ही चुनाव-पूर्व गारंटी की घोषणाओं को वजह से आर्थिक बोझ से दबे हुए हैं। केरल और तमिलनाडु में 2026 में चुनाव होने हैं। वहीं कर्नाटक और तेलंगाना में पिछले साल विधानसभा चुनाव हुए थे जबकि आंध्र प्रदेश में अभी-अभी नई सरकार बनी है। यूपीएस सरकारी कर्मचारियों को उनकी सेवानिवृत्ति पर एक सुनिश्चित पेंशन राशि प्रदान करता है। नियोक्ता जहां मूल वेतन और डीए का 18.5प्रतिशत योगदान देंगे वहीं



कर्मचारी हर महीने मूल वेतन और डीए का 10प्रतिशत देंगे। यूपीएस पर स्विच करने का मतलब होगा कि राज्य अपना हिस्सा बढ़ाकर 18.5प्रतिशत कर देंगे।

हाल ही में कर्नाटक ने दो महीने से भी कम समय पहले सरकारी कर्मचारियों के वेतन में बड़ी वृद्धि की घोषणा की थी जिससे सालाना 20,206 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च होगा। कर्नाटक के राजस्व मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा जो जीएसटी परिषद में कर्नाटक का प्रतिनिधित्व करते हैं ने यूपीएस पर बात करते हुए बताया, हमें अभी पूरी जानकारी नहीं मिली है। हम इस पर सकारात्मक और खुले दिमाग से सोचेंगे। गौड़ा ने एनपीएस के बारे में कर्मचारी यूनियन की चिंताओं पर बात करते हुए कहा कि लोगों के प्रति अपने बड़े सामाजिक दायित्वों को पूरा करना सरकार का संवैधानिक दायित्व भी है। उन्होंने कहा कि सरकार को यह तय करना होगा कि बजटीय खर्च का कितना हिस्सा कर्मचारियों की लागत और लोगों की ओर खर्च किया जाना चाहिए।

**कर्मचारी संघ कर रहे हैं ओपीएस की मांग:** गौरतलब है कि राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) के तहत राज्य मूल वेतन और महंगाई भत्ते (डीए) का 14प्रतिशत योगदान करते हैं जबकि कर्मचारी हर महीने मूल वेतन और डीए का 10त्र योगदान करते हैं। हालांकि केरल अपनी खराब वित्तीय हालत की वजह से 10प्रतिशत का ही योगदान दे रहा है। वहीं कर्मचारी संघ पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को फिर से शुरू करना चाहते हैं।

## कांग्रेस लाएगी जनता का मेनिफेस्टो : 20 लाख लोगों के घरों तक पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ता

**चंडीगढ़, एजेंसी।** विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस जनता का घोषणापत्र तैयार कर रही है। हरियाणा मांगे हिसाब अभियान के तहत घोषणा पत्र बनाने के लिए कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता घर-घर पहुंच रहा है। यही वजह है कि कांग्रेस कार्यकर्ता अब तक 20 लाख घरों तक पहुंच चुके हैं और उनसे घोषणा पत्र के लिए सुझाव प्राप्त कर चुके हैं। असल में हरियाणा मांगे हिसाब के तहत घर-घर तक पहुंचाने के लिए 90 विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस ने कॉर्डिनेटर्स और को-कॉर्डिनेटर्स नियुक्त किए थे। जिन्होंने. पिछले दो महीनों में स्थानीय नेताओं के साथ बैठक कर घर-घर जाकर जनसंपर्क करने की जिम्मेदारियां सौंपी थी। बताया गया है कि अभियान की मॉनिटरिंग के लिए विधानसभा स्तर पर व्हाट्सएप ग्रुप बनाए गए हैं।

**भाजपा सरकार के खिलाफ चार्जशीट भी पहुंचाई::** अभियान के साथ ही कांग्रेस पार्टी ने बीजेपी सरकार के खिलाफ चार्जशीट भी जारी की थी। जिसमें बीजेपी सरकार की नाकामियों को गिनाया गया है। इस चार्जशीट को भी हरियाणा के कोने कोने में पहुंचाया गया है। शहरों के भीड़भाड़ वाले बाजारों और गांव की चौपालों से लेकर मोहल्लों की गलियों और नुक्कड़ों तक चार्जशीट को पहुंचाया गया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रत्येक घर, स्थानीय हाट, मंडियों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, और सामुदायिक केंद्रों पर पहुंच कर हर हरियाणवी तक अपनी बात पहुंचाई है। वहीं सुझाव पेटी, सुझाव वाहन, वेबसाइट, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और मिस्ड कॉल नंबरों के माध्यम से लोगों की शिकायतें और सुझाव एकत्र किए गए हैं।

## नोएडा में 4 माह की गर्भवती महिला से गैंगरेप, अपहरण कर 3 लोगों ने चलती कार में लूटी आबरू

**नोएडा एजेंसी।** गाजियाबाद के खोड़ा कॉलोनी में रहने वाली चाह माह की एक गर्भवती महिला के साथ तीन लोगों ने चलती कार में गैंगरेप किया। महिला प्रेमी के साथ लिव-इन रिलेशन में रहती है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी उसे नोएडा के सेक्टर-63 से झांसा देकर अपने साथ ले गए थे। दिल्ली पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कर जांच के लिए मामला नोएडा भेज दिया है। थाना सेक्टर-63 पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एफआईआर में बताया गया है कि वह प्रेमी के साथ लिव-इन में रहती है। करीब 4 माह की गर्भवती है। वह सेक्टर-63 स्थित एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करती है। इसी कंपनी में समीर नाम का व्यक्ति ठेकेदारी करता है। 3 जुलाई की दोपहर समीर ने पीड़िता के पास कॉल कर कहा कि कंपनी में कार्यरत एक अंकल की तबियत खराब है। उन्हें देखने चलना है। समीर बाइक लेकर कंपनी पहुंचा और उसे बैठाकर खोड़ा कॉलोनी ले गया, जहां



पहले से बोलेरो कार खड़ी थी। उसमें दो लोग सवार थे। एक का नाम सतेंद्र और दूसरा अज्ञात था। वहां पहुंचने पर समीर ने कहा कि कार से चलते हैं। पीड़िता उस पर विश्वास कर कार में बैठ गई। कुछ दूर चलने पर आरोपियों ने सॉफ्ट ड्रिंक खरीदी। इसे पीने के बाद पीड़िता का सिर भारी हो गया। आरोप है कि कार में आरोपियों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। होश में आने पर पीड़िता ने कहा कि वह गर्भवती है, उसे छोड़ दो, घर जाना है। एक बार फिर आरोपियों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपियों ने पीड़िता को घर छोड़ दिया। पीड़िता का आरोप है कि वह शिकायत दर्ज कराने थाना सेक्टर-63 पहुंची, लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं किया। इसके बाद पीड़िता घूमती हुई दिल्ली के सनलाइट कॉलोनी थाने पहुंची, जहां पीड़िता ने लिखित शिकायत दी। वहां पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया, बयान दर्ज किए और एम्स में मेडिकल करवाया। पीड़िता का कहना है कि आरोपी समीर ने उसका अपहरण किया और नशीला पदार्थ पिलाकर तीन लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। सेंट्रल जोन के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी का कहना है कि केस की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## गुरुग्राम में चंडीगढ़ की तर्ज पर होगा बरसाती पानी की निकासी का इंतजाम

**गुरुग्राम, एजेंसी।** दिल्ली से सटे हरियाणा के गुरुग्राम में अब चंडीगढ़ की तर्ज पर बरसाती पानी की निकासी का इंतजाम किया जाएगा। इसको लेकर गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) की इंजीनियरिंग शाखा ने सर्वे शुरू कर दिया है। इसके साथ-साथ यह फैसला लिया है कि सड़क के साथ लगते बरसाती नालों में पानी निकासी के लिए अधिक से अधिक नालियां बनाई जाएं, जिससे कि सड़क पर पानी अधिक समय तक चलने की बजाय इन नालियों के माध्यम से बरसाती नाले में चला जाए।

जीएमडीए की मुख्य सड़कों की लंबाई 360 किलोमीटर से अधिक है। मौजूदा समय में इन सड़कों के साथ लगते बरसाती नालों में पानी जाने के लिए प्रत्येक 50 मीटर पर नालियां बनी हुई हैं। ऐसे में अब हर 10 मीटर पर यह नालियां बनाई जाएंगी। इसके पीछे अधिकारियों का तर्क है कि गांव घाटा से लेकर हीरो होंडा चौक तक ढलान करीब 70 मीटर है। ऐसे में पानी तेज गति से नीचे आता है। नालियां दूर होने के कारण पानी सड़क पर चलने लग जाता है। सड़क का लेवल ठीक न होने पर जलभराव हो जाता है।

जीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए.श्रीनिवास ने चंडीगढ़ की तर्ज पर पानी निकासी का बंदोबस्त करने के आदेश जारी किए हैं। इसको लेकर सर्वे शुरू कर दिया है। एक महीने के अंदर पूरा कर लिया जाएगा। इसके पश्चात टेंडर लगाकर बरसाती पानी की निकासी के इंतजाम को दुरुस्त किया जाएगा।



बता दें कि जीएमडीए ने 112 जगह चिन्हित की हैं, जहां पर जलभराव की स्थिति सबसे अधिक होती है। जीएमडीए के एक अधिकारी ने बताया कि गुरुग्राम और मानेसर नगर निगम ने कॉलोनियों, सेक्टर और गांवों के बरसाती नालों को मुख्य बरसाती नालों से नहीं जोड़ा है, जिस वजह से जलभराव की स्थिति बनती है। इसमें पालम विहार भी शामिल है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने दोनों नगर निगम आयुक्त को इस सिलसिले में दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

जीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने आदेश जारी किए हैं कि दिल्ली-जयपुर हाईवे (एनएच-48) पर जलभराव के कारणों की जांच की जाए। जीएमडीए के इंजीनियरिंग विंग के अधिकारियों ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी को बताया है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के बरसाती नाले कई जगह पर मुख्य बरसाती नालों से जुड़े नहीं हुए हैं। इस वजह से सर्विस रोड पर जलभराव की स्थिति बनती है।

## पाकिस्तान में ओपनिंग डे पर शॉपिंग मॉल में लूट

### ड्रीम बाजार की ओपनिंग में पहुंचे हजारों लोग

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के कराची में शुक्रवार को लोगों ने ओपनिंग के दिन ही मॉल में लूट कर डाली। पाकिस्तानी न्यूज चैनल ऋङ्घ न्यूज के मुताबिक मॉल ने ओपनिंग डे पर खरीदी में भारी छूट का ऐलान किया था। कराची के कराची के गुलिस्तान -ए-जौहर में खुले इस मॉल का नाम ड्रीम बाजार है।

भारी डिस्काउंट के चलते मॉल के बाहर हजारों लोगों की भीड़ इक्ट्ठा हो गई थी। इस दौरान कुछ लोग लाठी और डंडे के साथ मॉल में दाखिल हो गए। इसके बाद मॉल में अफरा-तफरी मच गई। अफरा-तफरी के कारण मॉल में अराजकता और तोड़-फोड़ की स्थिति बन गई। इस बीच लोगों ने मॉल में लूटपाट शुरु कर दी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मॉल ने ओपनिंग डे पर ज्यादा लोगों को बुलाने के लिए सोशल मीडिया पर विज्ञापन दिए थे। ड्रीम बाजार कपड़ों और घरेलू सामान का शॉपिंग मॉल है। घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं।

मॉल में लूटपाट और अराजकता के बाद का मंजर इस कदर भयावह हो गया कि करांची में ट्रैफिक ठप्प पड़ गया। मॉल के बाहर से आई तस्वीरों में हजारों लोग फंसे



दिखाई दिए। मौके पर मौजूद लोगों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि लूटपाट के कारण मॉल को काफी नुकसान पहुंचा है। लोगों ने बताया कि मौके पर पुलिसकर्मी मौजूद नहीं थे। घटना के बाद कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिस राह चलते लोगों पर हमले कर रही थी। स्थानीय मीडिया से बात करते हुए मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि मॉल की ऑपनिंग प्लानिंग के मुताबिक नहीं हो पाई, जिसके चलते ऐसी स्थिति बनी। एआरवाय न्यूज के मुताबिक मॉल संचालकों ने भीड़ को काबू में करने के लिए दरवाजे बंद कर दिए थे। लेकिन लोगों ने लाठी और डंडों के इस्तेमाल से कांच का गेट तोड़ दिया। इसके बाद भीड़ मॉल में घुस गई। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि यह सब आधे घंटे के भीतर हुआ। उन्होंने दोपहर 3 बजे दुकान खोली और 330 बजे तक सारा सामान चोरी हो चुका था। इस अफरात-तफरी के कारण कराची के जौहर और राबिया सिटी इलाकों में भयंकर ट्रैफिक जाम लग गया।

## लापता हेलीकॉप्टर में सवार 17 लोगों के मिले शव, सभी यात्रियों के मारे जाने की आशंका

**मास्को, एजेंसी।** रूस के सुदूर पूर्व में लापता हेलीकॉप्टर पर सवार 22 लोगों में से 17 के शव बरामद कर लिए गए हैं। रूस के अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि हेलीकॉप्टर के मलबे का भी पता लगा लिया गया है। रूस के आपातकालीन मंत्रालय ने कहा कि 17 लोगों के शव पाए गए हैं और बचावकर्मी शेष लोगों की तलाश में जुटे हैं। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी 'आरआईए नोवोस्ती ने आपातकालीन मंत्रालय के हवाले से कहा कि हेलीकॉप्टर में सवार सभी लोगों की मौत हो जाने की आशंका है।



माना जाता है कि खराब मौसम और खराब दृश्यता के कारण हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। रूस के आपातकालीन मंत्रालय ने टेलीग्राम पर लिखा, ''हवाई सर्वेक्षण करके लापता हेलीकॉप्टर के मलबे का पता लगाया गया है। यह उस स्थान के निकट 900 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है, जहां से इससे आखिरी बार संपर्क हुआ था। हेलीकॉप्टर पर सवार यात्रियों या चालक दल के बारे में अभी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है।

रूस की संघीय वायु परिवहन एजेंसी ने इसके पहले एक बयान में कहा था कि एमआई-आठ हेलीकॉप्टर ने शनिवार को कामचटका क्षेत्र में वाचकाज़ेट्स ज्वालामुखी के करीब उड़ान भरी, लेकिन निर्धारित गंतव्य तक नहीं पहुंचा। इसमें कहा गया है कि उसका मानना है कि विमान में 19 यात्री और चालक दल के तीन सदस्य सवार थे। एमआई-8 दो इंजन वाला हेलीकॉप्टर है जिसे वर्ष 1960 में बनाया गया था। इसका रूस समेत अन्य देशों में व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाता है।

# यूक्रेन का रूस पर 150 से अधिक ड्रोन से हमला: मॉस्को की ऑयल रिफाइनरी को निशाना बनाया

**कीव/मॉस्को, एजेंसी।** यूक्रेन ने शनिवार रात को रूस पर 150 से अधिक ड्रोन से हमला किया। ढाई साल से जारी रूस-यूक्रेन जंग में पहली बार यूक्रेन ने रूस के खिलाफ इतनी ज्यादा संख्या में ड्रोन से हमला किया है। यूक्रेन ने रूस की राजधानी मॉस्को पर भी ड्रोन हमले किए।

मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन के मुताबिक शहर पर 11 ड्रोन से हमला किया गया। इन हमलों में एक ऑयल रिफाइनरी और एक टेक्निकल रूम को निशाना बनाया गया। ऑयल रिफाइनरी पर हुए हमले के बाद उसमें विस्फोट हो गया। इसके बाद गहरा धुआं उठता नजर आया।

रूसी अधिकारियों के मुताबिक यूक्रेन ने 15 प्रांतों में 158 ड्रोन से हमला किया था। उन्होंने कहा कि रूसी एयर डिफेंस ने लगभग सभी ड्रोन को इंटरसेप्ट कर मार गिराया। इस हमले में किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। अभी तक यूक्रेन ने हमले को लेकर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

रूस ने खारकीव पर मिसाइलें और गाइडेड बम दागे

यूक्रेनी हमले के बाद रूस ने रविवार को यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर बैलिस्टिक मिसाइलों और गाइडेड बमों की बारिश कर दी। यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि इन हमलों में कम से कम 47 लोग घायल हुए हैं। इसमें 5 बच्चे भी हैं। हमले में घायल होने वालों की संख्या अभी और बढ़ सकती है।

रूसी हमले में खारकीव की 10 जगहों पर विस्फोट हुए है। 48 घंटों के अंदर ये रूस का दूसरा बड़ा हमला है। इससे पहले शुक्रवार को हुए हमले में यूक्रेन के 6 लोगों की मौत हो गई थी। इनमें एक 14 साल की बच्ची भी थी। वहीं 59 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस हमले में एक 12 मंजिला आवासीय इमारत और एक बच्चों का पार्क नष्ट हो गया था। 13 लाख की आबादी वाला ये शहर रूस बॉर्डर से मात्र 25 मील दूर है।

**रूस में और अंदर घुसकर हमले करना चाहता है यूक्रेन:** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की अब



रूस में और अंदर घुसकर हमले करना चाहते हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, इसमें मदद के लिए वे अमेरिका पर दबाव भी बना रहे हैं। जेलेंस्की ने शनिवार को एक वीडियो जारी कर बताया कि 30 अगस्त को रूस ने खारकीव पर एयरस्ट्राइक की, जिसमें 6 यूक्रेनियों की मौत हो गई। वहीं 97 लोग घायल हुए। जेलेंस्की ने कहा कि इन हमलों को तभी रोका जा सकता है, जब यूक्रेन रूस की एयरफील्ड्स और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाएगा। हम हर रोज अपने सहयोगी देशों से इस पर चर्चा कर रहे हैं। उन्हें इसके लिए राजी करने की कोशिश कर रहे हैं।

जेलेंस्की ने कहा, यूक्रेन के आसमान से रूस के बमों को तभी हटाया जा सकता है, जब हम उन पर हमले तेज कर देंगे। इसके बाद ही रूस जंग खत्म करने और शांति की तरफ कदम बढ़ाएगा। यूक्रेन की रक्षा करने के लिए हमें लंबी दूरी तक हमले में सक्षम मिसाइलों और रूस के खिलाफ इनके इस्तेमाल की इजाजत की जरूरत है।

जेलेंस्की ने बताया कि उनके प्रतिनिधि इससे जुड़ी सभी जरूरी जानकारियां यूक्रेन के सहयोगियों के साथ साझा कर चुके हैं। इससे पहले 30-31 अगस्त को यूक्रेन के रक्षा मंत्री रुस्तेम उमरोव ने वॉशिंगटन में अमेरिकी अधिकारियों और एक्सपर्ट्स से मुलाकात की थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129